हिंदी दैनिक
# कोयलांचल संवाद
www.ksnewsupdates.com धनबाद, शुक्रवार, 27 सितम्बर, 2024, वर्ष : 33 अंक : 176, मूल्य : 2 रूपए
धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe
Koylanchal sambad news

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND



## अबुआ आभार हेमन्त सरकार

**नियुक्ति नियमावली में अड़चनों को दूर कर नियुक्तियों की कड़ियां जोड़ती हेमन्त सरकार**

JSSC द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं में चयनित 327 अभ्यर्थियों एवं Re-counselling के उपरांत चयनित 150 सहायक शिक्षकों को

## मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन एवं मंत्रीगण सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

दिनांक: 27 सितम्बर, 2024 | समय: अपराह्न 12:00 बजे | स्थान: जैप-1 ऑडिटोरियम, डोरण्डा, रांची

### युवाओं के सपने, हेमन्त सरकार के हैं अपने

- कृषि पदाधिकारी समेत कई पदों पर राज्य गठन के बाद पहली बार नियुक्ति
- विभिन्न विभागों में हजारों युवाओं की हुई नियुक्ति
- गरीब-गुरूबा परिवार के युवा बने अफसर
- JPSC अथवा JSSC द्वारा अनुशंसित विभिन्न पदों में 75% से 100% झारखण्ड के अभ्यर्थियों की नियुक्ति
- JPSC में रिकॉर्ड समय पर नियुक्ति
- निजी क्षेत्र में स्थानीय युवाओं को 75% आरक्षण के साथ 1 लाख से अधिक युवाओं को मिला ऑफर लेटर

PR NO. 337283 (IPRD) 24-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## संक्षिप्त ख़बरें

### मां भानेश्वरी शक्तिपीठ सिंघोला में रहेगी नवरात्रि पर्व की धूम

राजनांदगाँव (ईएमएस)। समीपस्थ ग्राम सिंघोला स्थित मां भानेश्वरी शक्तिपीठ मे दुर्गा नवमी की तैयारी बड़ी जोर शोर से चल रही है। राकेश कुमार साहू सिंघोलिया (उदघोषक) ने बताया कि नवरात्रि पर्व के तहत दीप प्रज्वलित,ज्योति स्थापना 6 अक्टूबर को की जाएगी,पंचमी कलश स्थापना 10 अक्टूबर, हवन यज्ञ पूजन एवं पूर्णाहुती 13 अक्टूबर,जवारा विसर्जन एवं शोभायात्रा 14 अक्टूबर को निकाली जाएगी। देवी जस भजन प्रतिदिन शाम 6 बजे से होगा।मंदिर प्रांगण में श्री देवी भागवत नवाह ज्ञान यज्ञ 7 अक्टूबर से प्रारंभ होगी और समापन 15 अक्टूबर को होगी।जिसके व्यास पीठ कथावाचक पंडित भगवती प्रसाद तिवारी ग्राम रानीतराई रोड,परायण कर्ता पंडित घनश्याम प्रसाद तिवारी भागवताचार्य होंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। आयोजनकर्ता शंकर लाल, श्रीमती बसंती साहू ने कार्यक्रम की व्यापक तैयारिया प्रारम्भ कर रही है।मंदिर समिति के पुजारी दिलीप कुमार ठाकुर,नंद (नरेंद्र) साहू अध्यक्ष, भोजराम साहू उपाध्यक्ष,सुरेश साहू कोषाध्यक्ष, रोशन साहू सचिव, कुबेर साहू सहसचिव,संरक्षकगण पति राम साहू,लखन साहू, पुरानिक साहू, रामविलास, अमर सिंह, भुवन साहू है। यह जानकारी रूपेंद्र साहू ने दी।

### शा.कन्या महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस

सिवनीमालवा(ईएमएस)। शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनीमालवा में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस की 55वीं वर्षगांठ मनाई गई। साथ ही जॉइन एनएसएस अभियान के तहत प्रथम उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती एवं रासेयो के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद की छायाचित्र के समक्ष दीपप्रज्वलन और माल्यार्पण कर किया गया।महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.उमेश कुमार धुर्वे ने बताया कि रासेयो का उद्देश्य ही समाजसेवा के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास करना है। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे रासेयो जिला संगठक डॉ. डी.एस खत्री द्वारा नवप्रवेशित विद्यार्थियों को रासेयो की जानकारी विस्तार रूप से दी गई। कार्यक्रम अधिकारी काजल रतन ने छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों,कार्यों को पूर्ण करने एवं स्वच्छता पखवाड़े में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया।वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.बाऊ पटेल ने छात्राओं को बताया कि कैसे रासेयो आपकी प्रतिभा को निखार कर आपको एक विशेष पहचान दिलाता है। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ.वर्षा भृंगारकर द्वारा एवं आभार काजल रतन द्वारा दिया गया। इस अवसर पर डॉ.टी टी इक्का,रजनीश जाटव, मनोज कुमार प्रजापति,डॉ.केआर कोशे,डॉ.नीरज विश्वकर्मा, संगीता कहार, डॉ.रीमा नागवंशी,आकांक्षा पाण्डेय,डॉ.दुर्गा मीना,सुश्री सुदर्शना राज,डॉ.मनीष दीक्षित,डॉ.पदम शर्मा,डॉ.सतीश बालापुरे,डॉ.राकेश निरापुरे, रजनीकांत वर्मा, प्रवीण साहू, संगीता मिश्रा, गजेन्द्र वाईकर,भूतपूर्व स्वयंसेविकाएं यशस्वी ठाकुर,अंबिका कुराडिया सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

### रोटरी क्लब धार सेंट्रल द्वारा वृहद सम्मान समारोह आयोजित

धार (ईएमएस)। रोटरी इंटरनेशनल 3040 के डिस्ट्रिक गवर्नर रो. अनिश मलिकजी 28सितंबर शनिवार कोअपनी अधिकारिक यात्रा पर धार पधार रहे है... रोटरी क्लब धार सेंट्रल इस अवसर पर होटल रुद्राक्ष पर सायंकाल 5 बजे एक वृहद सम्मान समारोह आयोजित कर रहा है... इस सम्मान समारोह द्वारा नगर एवं जिले के प्रतिष्ठित व्यक्तियों और समाज सेवियो को धार रत्न से सम्मानित किया जावेगा साथ ही टीचर उत्कर्ष सम्मान एवं नेशन बिल्डिंग अवार्ड से लगभग 125 हस्तियों को भी सम्मानित किया जावेगा.कार्यक्रम के मुख्य अतिथि 3040 के डिस्ट्रिक गवर्नर रो. अनिश मलिकजी होंगे.. विशेष अतिथि के रूप में मनोज कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक धार एवं रो. संजीव गुप्ता जी पूर्व गवर्नर रोटरी 3040 होंगे... अध्यक्षता प्रसिद्ध उद्योगपति रो. एस पी बंसल सा. करेंगे.रोटरी क्लब धार सेंट्रल के संस्थापक अध्यक्ष रो. अरुण वर्मा, वर्तमान अध्यक्ष रो.मनीष सिंह, सचिव रो. विमल कुमार सिंह एवं इवेंट चेयर पर्सन रो. अजय मोदी ने समस्त सम्मानित होने वाली हस्तियों एवं आमंत्रित प्रबुद्ध जनो से कार्यक्रम में समय पूर्व उपस्थित होने का निवेदन किया है.उल्लेखनीय है की रोटरी क्लब धार सेंट्रल वर्ष 2008 से अभी तक धार नगर एवं जिले के प्रबुद्धजनो, समाजसेवियो, डॉक्टरों, शिक्षकों एवं विभिन्न वर्ग में समाज में विशेष योगदान देने वाली 1000 के लगभग हस्तीयों को अभी तक सम्मानित कर चुकी है.उक्त जानकारी क्लब के ग्रीटिंग चैयरमेन रो. प्रफुल्ल जैन द्वारा प्राप्त हुई है।

### मजदूर का बेटा है नहीं थे 17 हजार रुपये तो छूट गई आईआईटी की सीट

मुजफ्फरनगर (ईएमएस)। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के रहने वाले एक दिहाड़ी मजदूर के बेटे को धनबाद आईआईटी में एडमिशन नहीं मिल सका है। इसकी वजह इस छात्र के पास फीस के लिए पैसा नहीं होना है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस छात्र की पीड़ा को समझा है और उसे आश्वासन दिया है कि उसकी मेहनत बेकार नहीं जाएगी। झारखंड के धनबाद स्थित आईआईटी से एक हैरान और परेशान करने वाली खबर आई है। यहां एक छात्र ने आईआईटी की परीक्षा पास कर ली, लेकिन उसके पास एडमिशन कराने के लिए 17 हजार 500 रुपये नहीं थे। परिणाम यह हुआ कि मजदूर पिता के इस बेटे को आईआईटी की सीट छोड़नी पड़ी। हालांकि अपनी सीट बचाने के लिए इस छात्र ने मद्रास हाईकोर्ट से लेकर एससी एसटी आयोग तक से गुहार लगाई। कहीं राहत नहीं मिली तो सुप्रीम कोर्ट में अर्जी लगाया। अब सुप्रीम कोर्ट ने इस छात्र की पीड़ा को समझा है और भरोसा दिया है कि उसकी मेहनत बेकार नहीं जाएगी। उसके सपने जरूर फलीभूत होंगे।यह छात्र मूल रूप से उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर का रहने वाला है। उसके पिता दिहाड़ी मजदूर हैं। छात्र के वकील ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि वह मेधावी था तो पिता ने भी हिम्मत बांध कर उसे पढ़ाने के लिए हाड़तोड़ मेहनत की। छात्र ने भी बिना कोचिंग आईआईटी-जेईई की परीक्षा पास कर लिया। इसके बाद उसे इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग कोर्स के लिए धनबाद आईआईटी में सीट आवंटित हो गई। इसके लिए फीस जमा करने के लिए 4 दिन का समय दिया गया था। लेकिन 17 हजार 500 रुपये कम पड़ने लगे और इस अवधि में यह छात्र इतनी रकम का इंतजाम नहीं कर पाया।

### दिल्ली में अज्ञात वाहन ने बाइक से जा रहे वकील को मारी टक्कर मौके पर हुई मौत




नई दिल्ली (ईएमएस)। पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर इलाके के मुर्गा मंडी के पास बीती रात हिट एंड रन मामले में एक शख्स की मौत हो गई। मृतक की पहचान कड़कड़डूमा कोर्ट में काम करने वाले 45 वर्षीय वकील मिथिलेश चौबे के रूप में हुई है। घटना के समय पीड़ित बाइक से घर जा रहा था। रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में वकील मिथिलेश चौबे की मौके पर ही मौत हो गई। हिट एंड रन हादसे के बाद से मृतक मिथलेश के परिवार में मातम का माहौल है। पत्नी और बच्चों का तो रो-रोकर बुरा हाल है। दिल्ली पुलिस मामला दर्ज कर जांच इस हादसे की जांच में जुटी है। यह घटना बीती रात तकरीबन 11 बजे की है। घटना के समय जब वह गाजीपुर मुर्गा मंडी के पास से गुजर रहे थे तभी अज्ञात वाहन उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही मिथिलेश सड़क पर गिर गए और एक वाहन ने उन्हें कुचल दिया। इस घटना में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल भेज दिया। फिलहाल, पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने में जुटी है। ताकि अज्ञात वाहन की पहचान कर आरोपी तक पहुंचा जा सके। दिल्ली पुलिस ने मृतक की पहचान 45 वर्षीय मिथिलेश चौबे के रूप में की है। मिथिलेश दुबे मूल रूप से उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के रहने वाले थे। दिल्ली के कड़कड़डूमा कोर्ट में वह बतौर वकील प्रैक्टिस करते थे। मृतक का परिवार मयूर विहार फेस थ्री के जीडी कॉलोनी में एक किराए के मकान में रहता है। उनके परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटी और एक बेटा है।

# यूथ हॉस्टल्स भिलाई इकाई द्वारा प्लेटिनम जुबली बाइक एडवेंचर ट्रैकिंग का सफल आयोजन

### यूथ हॉस्टल्स के सदस्यों ने डोंगेश्वर महादेव चोरड़ाधाम , ठाढ़पानी वॉटर फॉल सरईपतेरा और बेतालरानी घाटी के मोहक सौन्दर्य का आनन्द उठाया




राजनांदगाँव (ईएमएस)। यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया भिलाई इकाई द्वारा एक दिवसीय प्लेटिनम जुबली बाइक एडवेंचर ट्रैकिंग का आयोजन किया गया । इस आयोजन में दुर्ग भिलाई , रायपुर , राजनांदगाँव , खैरागढ़ , छुईखदान एवं जगदलपुर के सदस्यों ने हिस्सा लिया। खैरागढ़ छुईखदान गण्डई जिले में आयोजित इस बाइक एडवेंचर ट्रैकिंग में सदस्यों ने डोंगेश्वर महादेव चोरड़ाधाम जंगलपुर , ठाढ़पानी वॉटर फॉल सरईपतेरा साल्हेवारा एवं बेतालरानी घाटी छुईखदान के प्राकृतिक सौन्दर्य का आनन्द लिया।आयोजन के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए यूथ हॉस्टल्स छत्तीसगढ़ के सचिव के. सुब्रमण्यम ने बताया कि सभी आयु वर्ग के 75 से अधिक स्त्री पुरुष सदस्यों ने इसमें हिस्सा लिया। यह ट्रैकिंग जीरो प्वाइंट राजनांदगाँव से कुल आना जाना 250 किमी पड़ा। इस ट्रैकिंग में 85 वर्षीय वरिष्ठतम सदस्य पी. के. द्विवेदी के अनवरत उत्साह से बाकी सभी प्रतिभागी ऊर्जावान होते रहे। नर्मदा चौक से साल्हेवारा ठाढ़पानी और वापसी बेतालरानी घाटी तक जंगलों के बीच का सफर काफी रोमांचक रहा। यह ट्रैकिंग यूथ हॉस्टल्स भिलाई इकाई द्वारा आयोजित था। विदित हो कि यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया द्वारा विगत दिनों राजनांदगाँव में भी संस्था की इकाई का गठन किया गया है ।राजनांदगाँव इकाई के संयोजक मिनेश मिश्रा ने बताया कि यह वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर संस्था के गठन का प्लेटिनम जुबली है। इसी के परिप्रेक्ष्य में हमने 75 बाइकर्स का ध्येय रखकर बाइक एडवेंचर ट्रैकिंग का आयोजन किया। सदस्य डोंगेश्वर महादेव चोरड़ाधाम का प्राकृतिक सौन्दर्य देखकर मंत्रमुग्ध हो गये। सदस्यों के लिए वहाँ का मनमोहक वातावरण और छवि अत्यन्त रमणीय रहा। प्रतिभागियों ने वहाँ झरने का भी जी भरकर आनन्द लिया ।भिलाई इकाई के प्रेसिडेंट ऋषिकान्त तिवारी ने बताया कि पूरे ट्रैकिंग का खास आकर्षण ठाढ़पानी वॉटर फॉल सरईपतेरा साल्हेवारा रहा। यह लघु तीरथगढ़ जलप्रपात के नाम से भी जाना जाता है। सरईपतेरा से जलप्रपात तक का चार किमी जंगल का मार्ग खतरनाक जोखिम भरा और दुर्गम है ; जिसे सभी सदस्यों ने पारस्परिक सहयोग से पूर्ण किया । तीन जगहों पर बरसाती नाले से बाईक पार कराने के लिए सदस्यों को काफी मशक्कत करना पड़ा । लगभग सौ मीटर की ऊँचाई से गिरते जलप्रपात में सदस्य नहाने से अपने आप को रोक नहीं पाये। लगभग सभी सदस्यों ने ठाढ़पानी के विहंगम दृश्य और यौवन सम्पन्न झरने का अकथनीय आनन्द उठाया।भिलाई इकाई के सचिव सुबोध देवाँगन के अनुसार आयोजन का अन्तिम पड़ाव बेतालरानी घाटी का सौन्दर्यावलोकन था। सत्रह हेयर पिन मोड़ वाली यह नयनाभिराम घाटी देखकर ट्रैकर्स गदगद हो गये। यह घाटी दिन में भी और रात में भी ; दोनों ही समय अपनी मनमोहक छटा से आकर्षित करती है । इस आयोजन में राजनांदगाँव से अनेक नये सदस्य पहली बार शामिल हुए थे जो अत्यन्त प्रसन्न हुए। वे यूथ हॉस्टल्स के आयोजन से मंत्रमुग्ध हो गये। आयोजन की योजना और रूपरेखा को सफल बनाने में मुख्य सूत्रधार के. सुब्रमण्यम, ऋषिकांत तिवारी , मिनेश मिश्रा, सुबोध देवाँगन और राजेश मिश्रा का विशेष योगदान रहा । उनकी चाक चौकस प्रबंधन से प्रतिभागियों को घर से बाहर समय पर सुबह शाम गरमागरम चाय नाश्ता और स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था रही। ठाढ़पानी में स्थानीय मार्गदर्शक शिव वर्मा और रामगोपाल जंघेल की विशेष भूमिका रही।इस आयोजन में मुख्य रूप से मुकेश गुप्ता, सनत विश्वास, महेश दीवान , महेन्द्र जायसवाल, धर्मेन्द्र निषाद, अखिलेश यादव, आलोक दुबे, गुलशन साहू, मनु साहू , प्रेमकिशन श्रीवास, निखिल वैष्णव, भोज साहू, अनुराग शुक्ला, हरीश द्विवेदी, किशोर माहेश्वरी, एकलव्य श्रीवास, प्रणय मेश्राम, पल्लवी मेश्राम सहित अन्य सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही। राजनांदगाँव संयोजक मिनेश मिश्रा ने रोमांच और प्राकृतिक सौन्दर्य प्रेमियों को संस्था से जुड़ने आह्वान किया है।

### पोषण वाटिका विकसित करने हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

शहडोल (ईएमएस)। महिला बाल विकास परियोजना बुढ़ार अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ियों केन्द्रों को सक्षम बनाने की दिशा में केन्द्रों को सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में उन्नयन किए जाने के क्रम में पोषण वाटिका का निर्माण भी एक महत्वपूर्ण घटक है, जिस हेतु परियोजना बुढार के अंतर्गत चयनित 56 आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ताओं को पोषण वाटिका विकसित करने हेतु बुधवार को कृषि विज्ञान केंद्र की कृषि वैज्ञानिक श्रीमती डॉक्टर अल्पना शर्मा द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मिट्टी की गुणवत्ता बढ़ाने एवं आंगनबाड़ी की बाउंड्री के अंदर क्यारी बनाने फल एवं सब्जियों के पौधे लगाने के साथ में ऑर्गेनिक खाद बनाने की विधियां बताई गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा पूछे गए प्रश्न एवं शंकाओं पर भी चर्चा की गई आंगनबाड़ी केंद्रों में जहां जगह सीमित है उन स्थानों के लिए टी एच आर के बैग में भी मिट्टीभर कर पौधे उगाने की तकनीक बताई गई उक्त प्रशिक्षण में प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती राम कुमारी पांडेय मैडम के साथ परियोजना की समस्त पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

## स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी में हिंदी उत्सव पखवाड़ा के तहत कविता पोस्टर का आयोजन

भोपाल (ईएमएस)। स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के मानविकी एवं उदार कला संकाय द्वारा हिंदी उत्सव पखवाडा के तहत हिन्दी भाषा के प्रसार-प्रचार के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को कविता पोस्टर कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए मानविकी एवं उदार कला संकाय के संकाय प्रमुख डॉ टीना तिवारी ने हिन्दी उत्सव के महत्व पर प्रकाश डाला और कविता पोस्टर कार्यशाला के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा की कविता की बारीकियों को समझने का एक माध्यम कविता पोस्टर भी हो सकता है। कार्यक्रम की संयोजक सुश्री विशाखा राजुरकर राज ने बच्चों को आधुनिक भारतीय कवियों जैसे- मुक्तिबोध, निराला, आलोक श्रीवास्तव, संतोष चौबे, धूमिल, पाश, केदारनाथ अग्रवाल आदि की कविताओं की चुनी हुई पंक्तियाँ भेट की और उनपर कविता पोस्टर बनाने का आग्रह किया।कार्यक्रम के संयोजक और वर्कशॉप के मेन्टर डॉ अर्जुन कुमार सिंह ने बच्चों को विभिन्न प्रकार के कविता पोस्टर को स्लाईड शो के माध्यम से दिखाया और उसके बनने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा की कविता पोस्टर में कविता एक प्राथमिक तत्व है, चित्र सहयोगी की भूमिका में सामने आते हैं, परंतु चित्र, कविता का अनुकरण नहीं करते, उनका अपना अस्तित्व होता है जो कविता पोस्टर को प्रभावकारी बनाता है। उन्होंने कहा कविता पोस्टर अपनी भावनाओं को व्यक्त करने का सशक्त माध्यम हो सकता है जो कवि की कविता को भी एक नया आयाम देता है।कार्यशाला में सुश्री हिना अरशद खान (विभागाध्यक्ष-डिजाइन स्कूल), डॉ दृष्टिपाल सिंह परिहार (विभागाध्यक्ष- मानविकी एवं उदार कला), डॉ रवींद्र श्रीवास्तव (विभागाध्यक्ष- आधुनिक विज्ञान विभाग), सुश्री राधिका साहू, सुश्री मेघा थापा, सुश्री सुधा तिवारी आदि शिक्षकों ने भागीदारी की और छात्रों को प्रोत्साहित किया, साथ ही इस आयोजन को सफल बनाने में महती भूमिका अदा की।इस पहल पर स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी, रजिस्ट्रार डॉ. सितेश कुमार सिन्हा और कुलगुरू डॉ. अजय भूषण ने मानविकी एवं कला संकाय की टीम को शुभकामनाएं दीं और कहा कि रचनात्मकता का विकास व्यक्तित्व को पूर्ण बनाती हैं और करियर की सफलता में भी अहम भूमिका निभाती हैं। ऐसे में कविता पोस्टर की यह अनूठी कार्यशाला छात्रों में रचनात्मकता के सृजन में अहम योगदान निभाएगी।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी संकाय/ विभागों के 50 से अधिक छात्र- छात्राओं ने भागीदारी की।

## होटल और ढाबों को लेकर जारी आदेश जनता का ध्यान बंटाने की 'चुनावी राजनीति': मायावती

लखनऊ (ईएमएस)। बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो और यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने राज्य सरकार द्वारा होटल, ढाबों और रेस्त्रां में उनके मालिकों और कर्मचारियों के नाम सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने तथा उनके परिसरों में सीसीटीवी कैमरे लगाने को अनिवार्य किये जाने पर तंज करते हुए इसे जनता का ध्यान बंटाने की 'चुनावी राजनीति' करार दिया है।बसपा नेत्री मायावती ने बृहस्पतिवार को 'एक्स' पर राज्य सरकार के हाल के आदेश का जिक्र करते हुए कहा, ''उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा होटल, रेस्तराँ, ढाबों आदि में मालिक, मैनेजर का नाम, पता के साथ ही कैमरा लगाना अनिवार्य करने की घोषणा, कावंड़ यात्रा के दौरान की ऐसी कार्रवाई की तरह ही, फिर से काफी चर्चा में है। कहा जा रहा है कि यह सब खाद्य सुरक्षा हेतु कम, जनता का ध्यान बांटने की चुनावी राजनीति ज्यादा है।'' उन्होंने कहा, ''वैसे तो खासकर खाद्य पदार्थों में मिलावट आदि को लेकर पहले से ही काफी सख्त कानून मौजूद हैं, फिर भी सरकारी लापरवाही/मिलीभगत से मिलावट का बाजार हर तरफ गर्म है, किन्तु अब दुकानों पर लोगों के नाम जबरदस्ती लिखवा देने आदि से क्या मिलावट का कालाधंधा खत्म हो जाएगा?'' बसपा प्रमुख ने कहा, ''वैसे भी तिरुपति मन्दिर में 'प्रसादम' के लड्डू में चर्बी की मिलावट की खबरों ने देश भर में लोगों को काफी दुखी एवं उद्वेलित कर रखा है और इसको लेकर भी राजनीति जारी है। धर्म की आड़ में राजनीति के बाद अब लोगों की आस्था से ऐसे घृणित खिलवाड़ का असली दोषी कौन? यह चिन्तन जरूरी है।'' गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले मंगलवार को खान-पान की चीजों में मानव अपशिष्ट या गंदी चीजों की मिलावट करने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई के निर्देश देते हुए कहा था कि सभी होटलों, ढाबों, रेस्तरां आदि संबंधित प्रतिष्ठानों की गहन जांच और सत्यापन किया जाए। मुख्यमंत्री के निर्देशों के मुताबिक अब खान-पान के केंद्रों पर संचालक, प्रोपराइटर, मैनेजर आदि का नाम और पता लिखा होना अनिवार्य होगा। अब रसोइया और खाना परोसने वाले कर्मियों के लिए मास्क और दस्ताने पहनना जरूरी होगा और होटल/रेस्तरां में सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य होगा। आदित्यनाथ ने यह निर्देश हाल में गाजियाबाद और मुजफ्फरनगर जिलों में खान-पान की वस्तुओं में कथित तौर पर मूत्र और थूक मिलाने की जानकारी सार्वजनिक होने के बाद दिया है।

# केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान को दी मंजूरी

शहडोल (ईएमएस)। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जनजातीय बहुल गांवों और आकांक्षी जिलों में जनजातीय परिवारों के लिए परिपूर्णता लक्ष्य को अपनाकर जनजातीय समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार हेतु 79,156 करोड़ रुपये (केंद्रीय हिस्सा 56,333 करोड़ रुपये और राज्य हिस्साः 22,823 करोड़ रुपये) के कुल परिव्यय के साथ प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान को मंजूरी दी। बजट भाषण 2024-25 की घोषणा के अनुरूप इसमें लगभग 63,000 गांव शामिल होंगे, जिससे 5 करोड़ से अधिक जनजातीय लोगों को लाभ होगा। इसमें 30 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के जनजातीय बहुल 549 जिले और 2,740 ब्लॉक के गांव शामिल होंगे।उक्त अभियान के तहत शहडोल जिले के 284 जनजातीय बहुल गांव लाभान्वित होंगे। विकासखंड सोहागपुर के 63, गोहपारू के 50, बुढ़ार के 69, जयसिंहनगर के 54 तथा व्यौहारी के 48 गांव लाभान्वित होंगे। 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में अनुसूचित जनजातियों की जनसंख्या 10.45 करोड़ है और देश भर में 705 से अधिक जनजातीय समुदाय हैं, जो दूरदराज और पहुंच से दूर क्षेत्रों में रहते हैं। प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान का उद्देश्य भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सामाजिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका में महत्वपूर्ण अंतराल को भरना और पीएम जनमन (प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान) की सीख और सफलता के आधार पर जनजातीय क्षेत्रों एवं समुदायों का समग्र और सतत विकास सुनिश्चित करना। इस मिशन में 25 कार्यक्रम शामिल हैं, जिन्हें 17 मंत्रालयों द्वारा कार्यान्वित किया जाएगा। प्रत्येक मंत्रालय/विभाग अनुसूचित जनजातियों के लिए विकास कार्य योजना (डीएपीएसटी) के तहत उन्हें आबंटित धनराशि के माध्यम से अगले 5 वर्षों में समयबद्ध तरीके से इससे संबंधित योजना के कार्यान्वयन के लिए उत्तरदायी होगा, ताकि निम्नलिखित लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके।

#### समक्ष बुनियादि ढांचा निश्चित करना

पात्र परिवारों के लिए पक्का घर और अन्य सुविधाएं पात्र अनुसूचित जनजाति (एसटी) परिवारों को पीएमएवाई (ग्रामीण) के तहत नल के पानी (जल जीवन मिशन) और विजली आपूर्ति (आरडीएसएस) की उपलब्धता के साथ पक्के आवास मिलेंगे। पात्र एसटी परिवारों की आयुष्मान भारत कार्ड (पीएमजेएवाई) तक भी पहुंच होगांव के बुनियादी ढांचे में सुधारः एसटी बहुल गांवों (पीएमजीएसवाई) के लिए सभी मौसम में बेहतर सड़क संपर्क, मोबाइल कनेक्टिविटी (भारत नेट) और इंटरनेट तक पहुंच प्रदान करना, स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा में सुधार के लिए बुनियादी ढांचा (एनएचएम, समग्र शिक्षा और पोषण) सुनिश्चित करना।

#### आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना

कौशल विकास उद्यमिता को बढ़ावा देना और आजीविका (स्वरोजगार) में सुधार करना प्रशिक्षण (कौशल भारत मिशन/ जेएसएस) तक पहुंच प्रदान करना और यह सुनिश्चित करना कि एसटी समुदाय के छात्र/छात्राएं हर साल 10वीं/12वीं कक्षा के बाद दीर्घकालिक कौशल पाठ्यक्रमों तक पहुंच प्राप्त करें। इसके अलावा, जनजातीय बहुउद्देशीय विपणन केंद्र (टीएमएमसी) के माध्यम से विपणन सहायता, पर्यटक गृह प्रवास, कृषि, पशुपालन और मत्स्य पालन के माध्यम से एफआरए पट्टा धारकों को सहायता प्रदान करना।

### स्वच्छता का संदेश देने छात्र-छात्राओं ने निकाली स्वच्छता रैली

शहडोल (ईएमएस)। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मागदर्शन में जिले भर मे स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा हरा है। इस अभियान में जिले के प्रत्येक नगर, नगरपरषिद, नगरपालिका ग्राम, ग्राम पंचायत, कार्यालयों एवं स्कूल कालेजों में साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा। इसी कड़ी में आज स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जिले के शासकीय महाविद्यालय गोहपारू के छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता का संदेश देने स्वच्छता रैली निकाली तथा साफ-सफाई रखने का संदेश भी दिया।

### शहर के प्रमुख मार्गों से यातायात में बाधक अतिक्रमण हटाया

ग्वालियर ( ईएमएस ) - नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा सुगम यातायात एवं नागरिकों की सुविधा के लिए निरंतर अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है।मदाखलत अधिकारी शैलेन्द्र चौहान एवं डॉ. अनुज शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त अमन वैष्णव के निर्देशानुसार शहर में सुगम यातायात हो इसके लिए प्रतिदिन यातायात में बाधक अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत फूलबाग चौराहा, गांधी पार्क के सामने ग्वालियर एवं फूलबाग चौपाटी के बाहर ग्वालियर पर फुटपाथ, सडक पर रखे टेबलों, कुर्सियां, तन्दूर, हाथ ठेलों एवं अन्य अस्थाई अतिक्रमण को दल द्वारा हटवाया गया एवं सामान इत्यादि जब्त किया गया। उक्त कार्यवाही में सहायक अतिक्रमण निरोधक अधिकारी श्री रवि कुमार कोरी, मदाखलत निरीक्षक श्रीकान्त सेन एवं थाना-पड़ाव का पर्याप्त मात्रा मे पुलिस बल मौजूद रहा। साथ ही जब्त सामान को मदाखलत कार्यालय हुरावली रोड डी.बी. सिटी के सामने स्थित कार्यालय पर भिजवाया गया।इसके साथ ही गस्त का ताजिया राममंदिर चौराहा से ट्रेफिक में बादा आ रहे हाथ ठेले हटवाए गए व एक फल का हाथ ठेला जब्त किया गया। साथ ही महाराज बाड़े पर फट्टे वालों का सामान जब्त किया और एक आइसक्रीम की साइकिल जब्त कर आदि सामान को मदाखलत कार्यालय भिजवाया गया।

### काचरकोना में टीन शेड मण्डपम का हुआ लोकार्पण

नरसिंहपुर (ईएमएस)।. जिले के ग्राम काचरकोना में पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर टीन शेड मंडपम का लोकार्पण कर्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम नर्मदापुरम सांसद चौ. दर्शन सिंह एवं पूर्व राज्यसभा सांसद श्री कैलाश सोनी के मुख्य आतिथ्य, विधायक तेंदूखेड़ा श्री विश्वनाथ सिंह पटैल की अध्यक्षता व श्री अभिलाष मिश्रा के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री भैयाराम पटैल, जिला पंचायत सदस्य श्री दीवान अर्जुन सिंह, श्री देवेन्द्र गंगोलिया, श्री शिवदयाल खखैरोनिया, श्री बलराम पटेल, श्री ब्रजेन्द्र सिंह पटेल, अन्य जनप्रतिनिधि और ग्रामवासी मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नर्मदापुरम सांसद ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय व एकात्म मानववाद के विचार जनकल्याण के लिए आज भी उतने ही प्रासगिक है।

## पार्किंग शुल्क या गुण्डा टैक्स, गुस्साए ऑटो चालकों ने किया हंगामा

फिरोजाबाद (ईएमएस) यूपी में योगी आदित्यनाथ की सरकार में गुण्डाटैक्स की वसूली हो रही है! सुनने में शायद आपको अटपटा जरूर लगेगा लेकिन ऑटो चलाकर अपना और अपने परिवार का भरणपोषण करने वाले फिरोजाबाद के ऑटो चालकों का कुछ ऐसा ही कहना है। यह बसूली नगर पालिका के पार्किंग शुल्क की आड़ में की जा रही है।ऑटो चालकों के अनुसार साल में एक बार ही पार्किंग शुल्क लेने का नियम है लेकिन ठेकेदार के लठैत हर दो माह बाद पांच सौ रुपये की वसूली करते है। गुरुवार को इन ऑटो चालकों ने जमकर हंगामा किया और स्ट्राइक पर जाने का एलान किया है। मामला फिरोजाबाद जिले की शिकोहाबाद नगर पालिका क्षेत्र से जुड़ा है जहां सौ से ज्यादा ऑटो और ई रिक्शा चालक सवारियों को ढोकर अपनी जीविका चलाते है लेकिन ऑटो चालकों की शिकायत है कि नगर पालिका के पार्किंग शुल्क की आड़ में ठेकेदार के लठैत अवैध वसूली कर रहे है।ऑटो चालकों के अनुसार नगर पालिका अधिनियम के तहत नगर पालिका साल में एक बार ही पार्किंग शुल्क ले सकती है लेकिन शिकोहाबाद में तो नगर निगम के लठैत साल में चार-पांच बार डंडे के बल पर पार्किंग शुल्क के नाम पर गुण्डाटैक्स की वसूली कर रहे है। इस बारे में कई बार नगर पालिका को शिकायत भी की गई है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है। गुरुवार को इन ऑटो चालकों ने जमकर हंगामा किया साथ ही हड़ताल पर जाने का एलान भी किया। ऑटो चालकों ने यह भी बताया कि नगर पालिका ठेकेदार के लठैत नेशनल हाइवे पर भी पार्किंग शुल्क के नाम वसूली कर रहे है जो गैर कानूनी है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर पार्किंग शुल्क की वसूली नहीं हो सकती है.अगर कोई बाहर से ऑटो बुक कर किराए पर लाता है तो उसके साथ मारपीट की जाती है साथ ही उससे जुर्माने का तौर पर पांच सौ रुपये की बसूली की जाती है जो अवैध है। काफी देर तक चले हंगामे के बाद भी कोई भी अफसर ऑटो चालकों की खबर सुधि लेने नहीं पहुंचा। इस संबंध में जब नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी से बात करने की कोशिश की गयी तो उन्होंने बताया कि फिलहाल वह बैठक में है। बाद में इस इस मामले को देखेंगे।

### छात्र के पिता ने फीस वापसी के लिए शिक्षक पर किया तलवार से हमला, केस दर्ज

इन्दौर (ईएमएस) स्कूल फीस वापसी के विवाद में एक छात्र के पिता ने स्कूल के शिक्षक और कर्मचारी पर तलवार से हमला कर दिया। मामला लसूडिया थाना क्षेत्र स्थित नाइन एंजेल एकेडमी स्कूल का है। और छात्र का पिता रिक्शा चलाता है। लसूडिया थाना पुलिस के अनुसार वीणा नगर के अंशुमन राय निवासी वीणा नगर की शिकायत पर पुलिस ने रत्नेश मिश्रा पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। अंशुमन ने पुलिस को अपनी दर्ज शिकायत में बताया कि वह नाइन एंजेल एकेडमी में कार्यरत हैं और आरोपी के बेटे का एडमिशन भी इसी स्कूल में हुआ था। कल दोपहर आरोपी रिक्शा से स्कूल आया और आते ही गालियां देते हुए बोला मुझे फीस वापस दो। उसे गाली गलौज करने से मना किया तो रिक्शा में से जंग लगी तलवार लेकर मुझे मारने दौड़ा तो मैंने चिल्लाते हुए भागने की कोशिश की तो उसने मुझे वहीं घेरकर रोक लिया इस पर मैंने उसके हाथ से तलवार छुड़ाने की कोशिश की तो मेरे हाथ और पीठ पर चोट आई। शोर सुनकर स्कूल डायरेक्टर चंदा राय, भाई आर्यन व स्कूल कर्मचारी बीच बचाव करने आ गये और उन्होंने मुझे आरोपी से बचाया मामले में पुलिस ने रिक्शा चालक रत्नेश मिश्रा पर केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### महापौर डॉ. सिकरवार ने वार्ड 9 में सीसी रोड निर्माण कार्य का किया भूमि पूजन

ग्वालियर ( ईएमएस ) | महापौर डॉ. शोभा सतीश सिंह सिकरवार ने वार्ड 9 कालू बाबा की बगिया में बेताल चक्की तक 42 लाख रूपये की लागत से बनने वाली सीसी रोड के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य शकील मंसूरी, पार्षद श्रीमती अनीता रामू कुशवाह सहित पवन शार्म, नवीन भदकारिया एवं क्षेत्रीय जन उपस्थित रहे।

हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

www.ksnewsupdates.com

धनबाद, शुक्रवार, 27 सितम्बर, 2024, वर्ष : 33 अंक : 176, मूल्य : 2 रूपए

धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

You Tube
Subscribe
Koylanchal sambad news

## संक्षिप्त खबरें

### बोकारो के तुपकाडीह स्टेशन के पास मालगाड़ी बेपटरी, कई ट्रेन का परिचालन बाधित

बोकारो(ईएमएस)।बोकारो स्टील प्लांट से बल्लभगढ़ जा रही मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतर गई। यह हादसा गुरुवार की सुबह जिले के तुपकाडीह रेलवे स्टेशन के पास हुई है। मालगाड़ी के डिब्बे बेपटरी होने के कारण बोकारो गोमो रेलवे रूट पर आधा दर्जन से ज्यादा ट्रेनों का परिचालन बाधित हो गया है।हादसे की सूचना पर आद्रा डिवीजन के रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंचे है और राहत कार्य जारी है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।हादसे की वजह से वाराणसी रांची वंदे भारत एक्सप्रेस चंद्रपुर में रोकी गई।रांची-भागलपुर वनांचल एक्सप्रेस को राधा गांव स्टेशन पर रोका गया।हटिया-पटना एक्सप्रेस झालिदा में रोकी गई। रांची-धनबाद इंटरसिटी बोकारो स्टेशन के आउटर में रोकी गई।रांची-दुमका एक्सप्रेस बोकारो रेलवे स्टेशन पर रोकी गई।रांची-गोड्डा इंटरसिटी एक्सप्रेस और टाटा अमृतसर एक्सप्रेस रोकी गई। पाटलिपुत्र एक्सप्रेस और रांची कामाख्या एक्सप्रेस रोकी गई। गोड्डा-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस और आनंद विहार रांची संपर्क क्रांति एक्सप्रेस भी रोकी गई।

### नहाने के दौरान 18 डूबे

औरंगाबाद (ईएमएस)। बिहार के अलग-अलग जिलों में 18 लोग तालाब में डूब गए हैं। इनमें 14 लोगों की मौत हो गई। इनमें 10 बच्चे शामिल हैं। औरंगाबाद में दो अलग-अलग जगह पर 8 बच्चों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। एक की तलाश जारी है। पटना के बिहटा में सोन नदी में 4 लोग डूब गए। इसमें एक बच्ची का शव मिला है। 3 लोगों की तलाश जारी है। वहीं, मोतिहारी के अलग-अलग घटनाओं में मां-बेटी समेत 5 लोगों की डूबने से मौत हो गई है। सभी जिलों में जितिया पर्व पर तालाब में नहाने के दौरान हादसा हुआ है।

### भारत का शुक्रयान 2028 में लॉन्च होगा

**4 साल का होगा मिशन**

नई दिल्ली(ईएमएस)। भारत का पहला शुक्र मिशन मार्च 2028 में लॉन्च किया जाएगा। केंद्र सरकार ने 19 सितंबर को इस मिशन की मंजूरी दी। यह मिशन चार साल का होगा। वीनस यानी शुक्र ग्रह धरती से करीब 4 करोड़ किमी दूर है। वीनस को पृथ्वी का जुड़वां ग्रह भी कहा जाता है। हालांकि यहां का दिन-रात पृथ्वी की तुलन में काफी लंबा होता है। दरअसल वीनस अपनी धुरी पर बहुत धीमे घूमता है। इसकी वजह से वीनस का एक दिन पृथ्वी के 243 दिनों के बराबर होता है। भारत का ये मिशन वीनस ग्रह के ऑर्बिट की स्टडी करने के लिए भेजा जाएगा। मिशन के तहत भारत वीनस ग्रह की सरफेस, उसके एटमॉस्फियर (ग्रह का वायुमंडल), ऑयनोस्फियर (वायुमंडल का बाहरी हिस्सा, जहां से कम्यूनिकेशन और नेविगेशन वेव्स रिफ्लेक्ट होती हैं) की जानकारी जुटाएगा। वीनस ग्रह सूर्य के काफ नजदीक है। ऐसे में सूर्य का ग्रह पर कितना और क्या प्रभाव पड़ता है। इस मिशन के तहत इसका भी पता लगाया जाएगा। वीनस ग्रह पर टेंपरेंचर ज्यादा होने के चलते कोई भी लैंडर दो घंटे से ज्यादा समय तक जीवित नहीं रह पाया। वीनस पर पर वायुमंडलीय दबाव पृथ्वी की तुलना में बहुत ज्यादा है। इसको आसान भाषा में समझें तो, यहां इतना प्रेशर है, जितना पृथ्वी में समंदर के नीचे महसूस होता है। शुक्र पृथ्वी की तुलना में अपनी धुरी पर बहुत धीरे घूमता है। शुक्र का एक चक्कर लगभग पृथ्वी के 243 दिनों के बराबर होता है। वीनस ग्रह अन्य ग्रहों की तुलना में उल्टा घूमता है। यह पृथ्वी की विपरीत दिशा में घूमता है। इसका मतलब है कि शुक्र ग्रह पर सूर्य पश्चिम में उगता है और पूर्व में अस्त होता है।

### मानहानि मामले में सांसद संजय राउत को पहले मिली जेल फिर मिली बेल

मुंबई, (ईएमएस)। मानहानि मामले में शिवसेना (ठाकरे) सांसद संजय राउत को कोर्ट जमानत मिल गई है. मुंबई की मझगांव मेट्रोपोलिटिन मैजिस्ट्रेट कोर्ट ने राउत को जमानत दी है. आपको बता दें कि भाजपा के वरिष्ठ नेता किरीट सोमैया की पत्नी मेधा सोमैया ने संजय राउत पर मानहानि का मुकदमा किया था. इस मामले में मुंबई की एक अदालत ने गुरुवार को शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत को 15 दिन के साधारण कारावास की सजा तथा 25 हजार का जुर्माना की सजा सुनाई थी. मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (शिवड़ीअदालत) ने राज्यसभा सदस्य राउत को भारतीय दंड संहिता की धारा 500 (मानहानि के लिए दंड) के तहत दोषी ठहराया और 15 दिन के साधारण कारावास की सजा एवं उन पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया. दरअसल मेधा सोमैया ने वकील विवेकानंद गुप्ता के माध्यम से दायर अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि राउत ने उनके और उनके पति के खिलाफ निराधार और पूरी तरह से मानहानिकारक आरोप लगाए. उन्होंने कहा कि राउत ने उन पर मीरा-भायंदर महानगरपालिका क्षेत्र में कुछ सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण और रखरखाव पर 100 करोड़ रुपये के घोटाले में शामिल होने का आरोप लगाया. शिकायत में कहा गया था कि, आरोपी द्वारा मीडिया को दिए गए बयान अपने आप में मानहानिकारक हैं. ये बयान आम जनता की नजर में मेरे चरित्र को खराब करने के लिए दिए गए हैं.

### पीएम मोदी और राहुल गांधी ने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को जन्मदिन की दी बधाई

नई दिल्ली(ईएमएस)। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को उनके 92वें जन्मदिन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित कई दिग्गजों ने उन्हे बधाई दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने मनमोहन सिंह को बधाई देते हुए एक्स पर लिखा, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ। मनमोहन सिंह को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। मैं प्रार्थना करता हूं कि उन्हें दीर्घायु और स्वस्थ जीवन मिले।कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने लिखा, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ। मनमोहन सिंह को उनके जन्मदिन के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं। राजनीति के क्षेत्र में वह सादगी, गरिमा और सरलता के एक दुर्लभ अवतार के रूप में खड़े हैं। एक दूरदर्शी राजनेता, जिनके कार्यों ने शब्दों से अधिक जोर दिया, हम राष्ट्र के लिए उनके जबरदस्त और अमूल्य योगदान के लिए गहराई से आभारी हैं। उनके अच्छे स्वास्थ्य, खुशहाली और लंबी उम्र की कामना करता हूं।

### पांच घंटे बारिश से तरबतर हुई मायानगरी स्कूल-कॉलेज बंद, ट्रेनें रद्द, 4 की मौत

मुंबई(ईएमएस)। बीते रोज मायानगरी मुंबई में करीब 5 घंटे झमाझम बारिश हुई। बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण बुधवार शाम करीब 4 बजे से शुरू हुई मूसलाधार बारिश रात करीब 11 बजे तक जारी रही। बारिश के दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं, जिससे कई इलाकों में जलभराव और यातायात प्रभावित हुआ। मुंबई में 5 घंटे में लगभग 200 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जिससे हालात बिगड़ गए। बारिश के कारण 4 लोगों की मौत हो गई। अंधेरी में एक महिला नाले में बह गई और कल्याण में बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। मध्य रेलवे पर ट्रेनों को रोकना पड़ा, कई रूट डायवर्ट किए गए और 14 फ्लाइटों को भी डायवर्ट करना पड़ा। सड़कों पर भीषण ट्रैफिक जाम हो गया और कई लोग घंटों तक सड़कों, रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों के अंदर फंसे रहे।मुंबई में भारी बारिश के कारण बीएमसी ने गुरुवार को सभी स्कूलों और कॉलेजों में छुट्टी की घोषणा की है। मुंबई एयरपोर्ट पर आने वाली करीब 14 उड़ानों को अलग-अलग जगहों पर डायवर्ट किया गया, क्योंकि उन्हें तेज हवाओं और भारी बारिश के कारण लैंडिंग की अनुमति नहीं दी गई। बारिश के कारण कई ट्रेनों को भी रोकना पड़ा, जिससे भारी व्यवधान हुआ।

# हेमंत सरकार ने किया 1.76 लाख किसानों का 400.60 करोड़ ऋण माफ






रांची(ईएमएस)।राजधानी के धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में किसान सम्मान योजना का आयोजन हुआ। जिसमें हेमंत सरकार ने 2 लाख तक के कृषि ऋण माफी योजना के तहत 1,76,977 किसानों का 400 करोड़ रुपए का ऋण माफ किया।योजना के तहत 400.60 करोड़ की राशि का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किया। मौके पर मुख्यमंत्री ने झारखंड के दूध उत्पादकों को दूध उत्पादन के लिए प्रति लीटर दो रूपया प्रोत्साहन राशि को बढ़ाकर 5 रूपया प्रति लीटर करने की योजना का भी शुभारंभ किया।फसल बीमा 1 रूपया में करने योजना का भी शुभारंभ किया।इससे 16 लाख किसान लाभान्वित होंगे। मौके पर वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, कृषि मंत्री दीपिका सिंह पांडे, श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता, राज्यसभा सांसद महुआ मांझी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक राजेश कच्छप सहित कई लोग मौजूद रहे।प्रभात तारा मैदान में आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने कहा कि यह कार्यक्रम किसान लोन माफी नहीं किसान सम्मान योजना है। बीजेपी पर तंज कसते हुए कहा कि ये लोग किसानों को पूंजीपति के हाथ बेचने जा रहे थे, मगर किसान 1 साल आंदोलन करके तीन कृषि कानून को वापस कराया। इनके पास एम एस पी देने का पैसा नहीं है, मगर इनके पास पूंजीपतियों का लोन माफ करने का पैसा है। सीएम ने कहा कि कोई किसी को जबरदस्ती परेशान करता है तो उसे गरीबों का हाय लगता है, मुझे भी झूठ केस में जेल भेजने का काम किया। पता नहीं आज 2 लाख कृषि लोन माफी को भी कोर्ट में पीआइएल दायर कर दे। मगर मैं डरने वाला नहीं हूं हर लड़ाई इनके खिलाफ लड़ूंगा। फिर कहा कि विपक्ष साल में एक भी इस योजना बता दें जिससे राज्य की जनता के लिए किया हो और उसका फायदा जनता को मिल रहा हो।महाराष्ट्र में सरकार को बनाया नहीं बल्कि खरीदा गया है जहां यह लोग जीते नहीं है वहां सरकार खरीद लेते है। अब वोट खरीदने झारखंड आ गए हैं। जेल, गोली, लाठी डंडा से झारखंडी डरने वाला नहीं है, लड़ कर लिया है झारखंड लड़ कर अधिकार दिलाएंगे।

### आज मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन विभिन्न विभागों के नवनियुक्त कर्मियों को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र



रांची(ईएमएस)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को शौर्य सभागार जैप वन डोरंडा, राँची में मध्याह्न 12 बजे से विभिन्न विभागों के नवनियुक्त कर्मियों का नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में हेमन्त सोरेन नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे।इस अवसर पर कुल 438 नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा।

# हम सत्ता नहीं बल्कि व्यवस्था परिवर्तन चाहते हैं: राजनाथ



धनबादः गुरूवार को गोल्फ ग्राउंड में आयोजित परिवर्तन महासभा कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शामिल हुए. राजनाथ सिंह ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों को लोगों के सामने रखा, वहीं दूसरी ओर जेएमएम व अन्य सहयोगी दलों पर जमकर हमला बोला. जनता से उन्होंने अगले दस सालों के लिए बीजेपी की सरकार देने की अपील की . लोगों को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि झारखंड में चारों ओर परिवर्तन की बयार बह रही है. आज भारत की प्रतिष्ठा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ी है.2014 में सरकार आने के पहले धन दौलत के मामले में हमारा भारत 11 वें स्थान पर था. आठ वर्ष के अंदर धन दौलत के मामले में अब 5वें स्थान पर भारत पहुंच गया है. भारत के बड़े बड़े अर्थशास्त्री यह दावा कर रहे हैं कि 2027 आते आते भारत टॉप तीन देशों में अपनी पहचान बनाएगा. अमेरिका और चाइना के साथ भारत का भी नाम होगा. पहले भारत की बातें दुनिया में गंभीरता पूर्वक नहीं सुनी जाती थी, लेकिन अब ना सिर्फ हमारी सुनी जाती है बल्कि उस पर अमल किया जाता है. उन्होंने कहा कि झारखंड बनाने की मांग कई सालों से चलती रही, लेकिन कांग्रेस इसकी लगातार उपेक्षा करता रहा. रक्षा मंत्री ने कहा कि अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार में मैं भूतल परिवहन मंत्री था, उन्होंने कहा था कि जब तक झारखंड अलग नहीं होगा, तब तक इसका विकास नहीं हो सकता है, जो काम किसी ने नहीं किया वह भारतीय जनता पार्टी ने किया है, लेकिन जिस हसरत से झारखंड का निर्माण हुआ, वह अब तक पूरा नहीं हो सका है. बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा और रघुवर दास की सरकार भी झारखंड में रही, लेकिन किसी ने भी इनके जैसा काम झारखंड में नहीं किया है. उन्होंने पूछा कि क्या कारण है कि जेएमएम के ऊपर भ्रष्टाचार के आरोप लगते हैं और हेमंत सोरेन जेल जाते हैं. भ्रष्टाचार के आरोप में जेल जाना कुर्बानी है क्या ? बीजेपी की परिवर्तन यात्रा झारखंड में नया इतिहास लिखने जा रही है. 15 नवंबर के बाद झारखंड रजत जयंती में प्रवेश करने जा रहा है. झारखंड में विकास की आपार संभावनाएं हैं. बड़ी बड़ी खदानें हैं. यहां लोग मेहनतकश हैं. उन्होंने लोगों से अपील की कि लगातार दस वर्षों तक आप झारखंड में बीजेपी की सरकार दीजिए, हम इसे हिंदुस्तान का विकसित राज्य बनाएंगे. अगर नही बनाएं तो फिर हमें वोट मत देना. उन्होंने कहा कि यहां के मुख्यमंत्री को जेल जाना पड़ा. नेता को जेल की हवा खानी पड़ी. राजनीति, समाज और परिवार लोकलाज से चलता है. जनता की गाढ़ी कमाई और उसका पैसा बचाने के लिए पीएम मोदी ने कैबिनेट में प्रस्ताव पास किया है. वन नेशन वन इलेक्शन का फैसला केबिनेट ने लिया है. जिसमें एक साथ लोकसभा और विधानसभा का चुनाव कराना है. एक सौ दिन के बाद नगर निकाय और पंचायत चुनाव करा लेने का निर्णय लिया है. वन नेशन वन इलेक्शन से 4 लाख करोड़ की बचत होगी. आज अगर केंद्र से 100 पैसा अगर किसी को भेजा जाता है तो वह पूरा पैसा लोगों को मिलता है, जबकि पहले महज 15 पैसे ही लोगों तक पहुंचते थे.

प्राइवेट कंपनी में नौकरी होने के बाद उसका पहला वेतन का भुगतान केंद्र सरकार करेगी. झारखंड में भले ही हमारी सरकार नहीं है, लेकिन भेदभाव नहीं करते हैं. हर राज्य की तरह झारखंड के विकास के लिए केंद्र सरकार काम कर रही है. 75 हजार नए मेडिकल कॉलेज से जोड़ा जा रहा है. 62 हजार आदिवासी गांव के विकास की योजना है. झारखंड के हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोलना तय है. झारखंड में हम सत्ता परिवर्तन नहीं बल्कि व्यवस्था परिवर्तन चाहते हैं. भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रजों को बाहर करने का काम किया. भ्रष्टाचार और गुलामी को उन्होंने बर्दाश्त नहीं किया. जेएमएम को भी झारखंड से बाहर करने का हम सभी आज संकल्प लें. 7 हजार करोड़ रुपए झारखंड में रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए केंद्र सरकार ने स्वीकृत किए हैं. तीन साल के अंदर सभी को पक्की छत और शौचालय दिया जाएगा. आदिवासी समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है. भगवान बिरसा मुंडा की जंयती को जनजातीय गौरव जयंती दिवस के रूप में पूरे देश में मनाया जाएगा. देश आजाद हुए 75 साल हो गए।इन 75 सालों में आदिवासी राष्ट्रपति होना चाहिए. यह किसी ने नहीं सोंचा. झारखंड के विकास में तीन बाधा हैं जेएमएम, राजद और कांग्रेस. यह तीनों विकास के स्पीड ब्रेकर हैं.

# बंगाल में परीक्षा देने गए बिहारी छात्रों की पिटाई मारपीट और माफी मांगने का वीडियो वायरल




कोलकाता (ईएमएस)। पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में परीक्षा देने गए बिहार के छात्रों के साथ मारपीट और दुर्व्यवहार का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने इस वीडियो को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर साझा कर इस घटना की निंदा की है। सिलीगुड़ी पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए रजत भट्टाचार्य नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। वायरल वीडियो में दो छात्र जमीन पर लेटे हुए दिखाई दे रहे हैं, और रजत भट्टाचार्य सहित कुछ लोग उनके साथ मारपीट और दुर्व्यवहार करते नजर आ रहे हैं। आरोपी छात्रों को कान पकड़कर माफी मांगने के लिए मजबूर करता है। वीडियो में रजत भट्टाचार्य यह आरोप लगाते हुए दिख रहा है कि बिहार और यूपी से नकली प्रमाणपत्र लेकर छात्र यहां एसएससी परीक्षा देने आ रहे हैं और बंगाल के युवाओं की नौकरियां छीन रहे हैं।इस घटना ने बिहार और बंगाल के बीच राजनीतिक और सामाजिक तनाव को बढ़ा दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**- पाखो संगठन से जुड़ा है आरोपी**

पुलिस सूत्रों के अनुसार, रजत भट्टाचार्य का संबंध बांग्ला पाखो नामक संगठन से है, जो बंगाली भाषा की वकालत करता है। रजत का दावा है कि वह छात्रों को पुलिस के पास ले जाना चाहता था और पहले उन्हें रंगे हाथों पकड़ना चाहता था। उसने छात्रों के प्रमाणपत्रों को नकली बताकर उनके साथ दुर्व्यवहार किया।

**- गिरिराज सिंह ने की निंदा**

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए ममता बनर्जी की सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, "बंगाल में रोहिंग्या मुसलमानों के लिए रेड कारपेट और बिहार के छात्रों के साथ मारपीट? क्या ये बच्चे हिंदुस्तान के अंग नहीं? क्या ममता सरकार ने सिर्फ बलात्कारियों को बचाने का ठेका ले रखा है?"

**- मंत्री शोवन देब का बयान**

घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए बंगाल के मंत्री शोवन देब ने कहा कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा कुछ हुआ है तो पुलिस कार्रवाई करेगी।

### 100 से अधिक वस्तुओं की टैक्स दर में बदलाव पर होगा विचार

नई दिल्ली (ईएमएस)। पश्चिम बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने बताया कि जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने के लिए गठित मंत्रिसमूह ने 100 से अधिक वस्तुओं पर कर की दरों में बदलाव पर विचार किया है। मंत्री समूह की अगली बैठक 20 अक्टूबर को होगी, जिसमें साइकिल और बोतलबंद पानी पर कर को तर्कसंगत बनाने पर विचार होगा।

वित्त मंत्री भट्टाचार्य ने कहा कि मंत्री समूह ने चिकित्सा और औषधि से संबंधित वस्तुओं पर 12 प्रतिशत स्लैब में कर दर को कम करने के मुद्दे पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि लोगों को राहत देने के लिए कुछ वस्तुओं पर कर की दर को 12 से कम कर पांच प्रतिशत करने का भी सुझाव दिया गया है। मंत्री समूह ने राजस्व हानि की भरपाई के लिए 'ऐराटिड जल व पेय पदार्थों सहित कुछ वस्तुओं पर कर की दर को बढ़ाने पर विचार कर रहा है। वर्तमान में, जीएसटी की चार-स्तरीय कर संरचना में 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत के स्लैब शामिल हैं। भट्टाचार्य ने बताया कि औसत कर की दर 2024 में घटकर 11.56 प्रतिशत हो गई है। भट्टाचार्य ने कहा, बंगाल ने सुझाव दिया है कि जीएसटी परिषद की 23वीं बैठक में लिए निर्णय पर फिर से विचार होना चाहिए, इसमें 28 प्रतिशत के स्लैब को हटाकर 178 वस्तुओं पर कर की दरें घटाई गई थीं। इससे अधिक राजस्व जुटाने में मदद मिलेगी और लोगों को राहत मिलेगी। मंत्री समूह 20 अक्टूबर की बैठक में अपने सदस्यों के विचारों पर चर्चा करेगा और अपनी सिफारिशें जीएसटी परिषद के समक्ष रखेगा। उन्होंने कहा कि लोगों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली वस्तुओं पर कर की दरें कम होनी चाहिए।

# राष्ट्रपति मुर्मू पहुंचीं सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र, जवानों का बढ़ाया हौंसला

**बोलीं- मातृभूमि की रक्षा के लिए आपके त्याग का सब करते हैं सम्मान**



नई दिल्ली,(ईएमएस)। देश की महामहीन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को दुनिया के सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र, सियाचिन बेस कैंप पहुंची। उन्होंने वहां तैनात सैनिकों का हौसला बढ़ाया और सियाचिन युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। सियाचिन ग्लेशियर पर ऑपरेशन मेघदूत की शुरुआत 13 अप्रैल, 1984 को भारतीय सेना ने की थी और यह युद्ध स्मारक उन सभी शहीदों के बलिदान का प्रतीक है जिन्होंने इस ऑपरेशन में अपने प्राण गवांए थे। राष्ट्रपति मुर्मू ने सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा कि यहां आकर आप सभी जवानों और अधिकारियों से मिलने की मेरी इच्छा आज पूरी हो गई।

मैं आप सबसे मिलकर बेहद खुशी महसूस कर रही हूं। तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर के रूप में मुझे आप सभी पर गर्व है। सभी देशवासी आपकी बहादुरी को सलाम करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि कुछ समय पहले मुझे शहीदों के स्मारक स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित करने का अवसर मिला है। मैं उन सभी बहादुर सियाचिन वॉरियर्स की पावन स्मृति को सादर नमन करती हूं, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण निछावर कर दिए। राष्ट्रपति ने जवानों की सराहना करते हुए कहा कि आप जटिल मौसम का सामना करते हैं, भारी बर्फबारी और माइनस 50 डिग्री तापमान जैसी विकट स्थितियों में आप पूरी निष्ठा के साथ तैनात रहते हैं।

मातृभूमि की रक्षा के लिए आप असाधारण त्याग और सहनशीलता का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। पूरा देश आप सबका सम्मान करता है। उन्होंने सैनिकों के परिवारों की भी सराहना की, जो अपने प्रियजनों से दूर रहते हुए देशवासियों की रक्षा में योगदान देते हैं। राष्ट्रपति ने सभी सैनिकों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मैं प्रार्थना करती हूं कि आप सभी स्वस्थ रहें और आपके परिजन सानंद रहें।

### पीएम मोदी दो अक्टूबर को हजारीबाग में

**भाजपा संगठन मंत्री, राज्यसभा सांसद और सांसद ने किया स्थल निरीक्षण**

हजारीबाग(ईएमएस)।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगामी दो अक्टूबर को हजारीबाग आगमन को लेकर गुरुवार को भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, राज्यसभा सांसद सह प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा, हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, हजारीबाग के भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह समेत कई भाजपा नेता ने कार्यक्रम स्थल गांधी मैदान का निरीक्षण कर जायजा लिया।इससे पहले सभी नेताओं ने झारखंड पुलिस एकेडमी के हेलीपेड और विनोबा भावे विश्वविद्यालय के ग्राउंड का भी अवलोकन किया। कार्यक्रम स्थल मटवारी स्थित गांधी मैदान पंहुचकर सभी ने तैयारी का जायजा लिया।टेंट- पंडाल का कार्य शुरू हो चुका है।कार्यक्रम स्थल निरीक्षण के बाद राज्यसभा सांसद सह भाजपा प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने बताया की झारखंड प्रांत के सभी 6 मंडलों में भाजपा के संगठन के दृष्टि से चल रही परिवर्तन यात्रा के समापन के लिए पीएम नरेंद्र मोदी का आगमन हजारीबाग में होने जा रहा है।

भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ राज्य की जनता के लिए अपार हर्ष और उत्साह की बात है की उनके प्रिय नेता जिनके हृदय में झारखंड बसता है वो फिर से झारखंड आ रहें हैं।वहीं सांसद मनीष जायसवाल ने कहा प्रधानमंत्री झारखंड के लिए हमेशा उपहारों और योजनाओं की सौगात लेकर आते हैं।

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता पीएम को सुनने के लिए आतुर है।उन्होंने कहा की इस कार्यक्रम में जनसैलाब देखने को मिलेगा। हजारीबाग का प्रधानमंत्री का दौरा ऐतिहासिक होगा।

## संक्षिप्त ख़बरें

### जीवित्पुत्रिका त्यौहार में मौत का ताड़व डूबने से 43 लोगों की मौत

पटना (ईएमएस)। बिहार में जीवित्पुत्रिका त्यौहार जिसे स्थानीय भाषा में जीतिया कहते है। जीतिया को मनाने के दौरान अलग-अलग घटनाओं में नदियों और तालाबों में 37 बच्चों सहित कुल 43 लोग डूब गए। वहीं तीन अन्य लापता हैं। यह घटनाए बिहार के 15 अलग-अलग जिलों में हुई हैं।बता दें कि जीवितुत्रिका त्यौहार के दौरान, महिलाएं अपनी संतान (बेटे-बेटी) की लंबी उम्र और बेहतर स्वास्थ्य के लिए निर्जला उपवास रखकर पवित्र स्नान करती है। बिहार, झारखंड और यूपी के पूर्वांचल हिस्से में जीवितपुत्रिका को प्रमुखता से मनाया जाता है। बिहार में डूबने की घटनाओं को लेकर आपदा प्रबंधन विभाग (डीएमडी) द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है, अब तक कुल 43 शव बरामद हुए हैं, और तलाशी अभियान जारी है।रिपोर्ट के मुताबिक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। नीतिश सरकार की ओर से बयान में कहा गया है कि अनुग्रह राशि देने की प्रक्रिया शुरू हो गई है और आठ मृतकों के परिवार के सदस्यों को यह पहले ही मिल चुकी है। रिपोर्ट के मुताबिक पूर्वी और पश्चिमी चंपारण, नालंदा, औरंगाबाद, कैमूर, बक्सर, सीवान, रोहतास, सारण, पटना, वैशाली, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, गोपालगंज और अरवल जिलों में इस त्यौहार के दौरान लोगों के नदी और तालाबों में डूबने की घटनाएं सामने आई है।

### ट्रेन उड़ाने की साजिश के छह आरोपी दोषी करार, 5 को सुनाई जाएगी सजा

पटना,(ईएमएस)। पटना की एनआईए कोर्ट ने छह आरोपियों को पूर्वी चंपारण में ट्रेन पलटने की आतंकी साजिश रचने का दोषी माना है। इन लोगों पर 2016 में घोड़ासहन स्टेशन के पास नेपाली बॉर्डर पर आईईडी बम लगाने का आरोप था। कोर्ट ने गवाहों और सबूतों के आधार पर यह फैसला सुनाया है।घटना 30 सितंबर 2016 की है जब घोड़ासहन रेलवे स्टेशन के पास नेपाली बॉर्डर पर रेलवे ट्रैक पर आईईडी बम प्लांट किया गया था। यह बम प्रेशर कुकर में रखा गया था। समय रहते बम को डिफ्यूज कर दिया गया था, जिससे बड़ी दुर्घटना होने बच गई थी। इस मामले में एनआईए कोर्ट ने मोती लाल पासवान, रंजय कुमार साह, मुकेश यादव, राकेश कुमार यादव, गजेन्द्र कुमार शर्मा और उमाशंकर पटेल को दोषी करार दिया है। इन सभी पर यूएपीए, रेलवे एक्ट और अन्य धाराओं के तहत मुकदमा चलाया गया था।एनआईए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश अभिजीत कुमार ने यह फैसला सुनाया है। उन्होंने कहा कि अभियोजन पक्ष ने साबित कर दिया है कि इन लोगों ने ट्रेन को उड़ाने की साजिश रची थी। सभी दोषी फिलहाल बेउर जेल में बंद हैं। कोर्ट पांच अक्टूबर को सजा सुनाएगी।

### सात फेरो में चलेंगी नई ट्रेन

छपरा (ईएमएस)। रेलवे प्रशासन आगामी त्योहारों पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए नई ट्रेनों का संचालन कर रही है। इसी क्रम में छपरा के रास्ते ट्रेन 04314/04313 हरिद्वार-मुजफ्फरपुर-हरिद्वार त्योहार विशेष गाड़ी का संचालन हरिद्वार से हो रहा है। ये रेल 4, 11, 18, 25 अक्टूबर और 1, 8 और 15 ननंबर दिन शुक्रवार को व मुजफ्फरपुर से 5, 12, 19, 26 अक्टूबर और 2, 9 और 16 नवंबर दिन शनिवार को 7 फेरों चलेगी।इस ट्रेन के संचालन से छपरा के यात्रियों को विशेष फायदा होगा। यह ट्रेन शुक्रवार को हरिद्वार से चल कर शनिवार की शाम को छपरा पहुंचेगी। शनिवार की सुबह 9 बजे मुजफ्फरपुर से चल कर दोपहर में छपरा पहुचेगी।ट्रेन 04314 हरिद्वार-मुजफ्फरपुर त्योहार विशेष गाड़ी से 4, 11, 18, 25 अक्टूबर और 1, 8 और 15 नवंबर को हरिद्वार से प्रस्थान कर मुरादाबाद, बरेली व शाहजहांपुर से 18.32 बजे सीतापुर से 20.45 बजे, गोंडा से 23.12 बजे व दूसरे दिन बस्ती से 00.22 बजे, गोरखपुर से 0.40 बजे, सीवान से 3.27 बजे, छपरा से 04.35 बजे और हाजीपुर से 6 बजे छूट कर मुजफ्फरपुर 7.30 बजे पहुंचेगी।वापसी यात्रा में ट्रेन 04313 मुजफ्फरपुर-हरिद्वार त्योहार विशेष ट्रेन 5, 12, 19, 26 अक्टूबर और 2, 9 व 16 नवंबर को मुजफ्फरपुर से चल कर हाजीपुर, छपरा सीवान से 13.25 बजे, गोरखपुर से बस्ती से 16.30 बजे, गोंडा से 17.50 बजे, सीतापुर से 20.50 बजे व दूसरे दिन बरेली पहुंचेगी। इस ट्रेन में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकोनॉमी के 15 और जनरेटर सह लगेज यान के 2 कोच व 17 कोच लगेंगे।

### रेलवे ट्रैक में बाइक फंसने से युवक का पैर कटा

जमुई (ईएमएस)। कियूल-जसीडीह रेलखंड के देवाचक रेलवे हॉल्ट के पास क्रॉसिंग पार करने के दौरान रेलवे ट्रैक में एक युवक की बाइक फंसने से एक पैर कट गया। युवक घायल पड़ा था। क्रॉसिंग पर तैनात रेल गार्ड ने इसकी जानकारी जमुई जीआरपी दी।मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां हालत गंभीर होने से उसे पटना रेफर कर दिया है। घायल युवक लखीसराय जिले की गौशाला के पास रहने वाले सिद्धांत के रूप में की गई है। घायल ने कहा कि वह अपने निजी काम पर देवाचक गांव गया था। रेलवे क्रॉसिंग पार करते समय उसकी बाइक रेलवे ट्रैक में फंस गई। जिसे निकालने की कोशिश के दौरान अचानक एक ट्रेन गुजरी। जिसमें उसका एक पैर कट गया। क्रॉसिंग पर तैनात रेल गार्ड ने पूरी घटना की जानकारी जमुई जीआरपी को दी। फिर जमुई जीआरपी जवान मनोज अपने दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल लाये। मामले की जानकारी देते हुए जीआरपी जवान मनोज ने कहा कि एक युवक के ट्रेन की चपेट में आने से घायल होने की जानकारी मिली थी। देर रात के करीब जब देवाचक पहुंचे तो युवक घायल था। उसे इलाज के लिए अस्पताल लाये। उसके परिजन भी पहुंच गए। हालत गंभीर होने पर उसे पटना रेफर कर दिया था।

### नदी में डूबी लापता महिला की तलाश जारी

किशनगंज (ईएमएस)। बिहार के किशनगंज में कपड़ा धोने गई एक महिला का पैर फिसल गया। इससे वो गहरे पानी में डूब गई। लापता महिला की तलाश जारी है। यह मामला बहादुरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव का है।इसघटना की जानकारी लोगों ने प्रशासन को दी। सूचना मिलते ही अंचल अधिकारी और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। गोताखोरों की मदद से पानी में डूबे महिला की खोज जारी है। घंटों मशक्कत के बाद भी रात तक महिला का कोई पता नहीं चला है। सूचना पर एसडीआरएफ की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। महिला की पहचान वार्ड 4 की रहने वाली निशा के रूप में हुई है। अंचलाधिकारी बहादुरगंज रौशन राज ने कहा कि एक गांव के समीप केका घाट पर कपड़ा धोने गई एक महिला का पैर फिसल गया। इस कारण वो गहरे पानी में डूब गई। ग्रामीणों की सूचना पर जनप्रतिनिधि और पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। पानी में डूबी महिला की खोज में जुटी हुई है। अब पूरे गांव में मातम का माहौल है। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**झारखण्ड सरकार**
**पेयजल एवं स्वच्छता विभाग**

**ई-प्रोक्योरमेन्ट सूचना**

ई-निविदा सूचना संख्या - (धनबाद) **15/2024-25** तिथि – **26.09.2024**

इस कार्यालय द्वारा विज्ञापित ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना संख्या–15/2024–25 PR No-334721 Drinking Water and Sanitation(24-25):D में प्रकाशित Supply, Installation, Testing and Commissioning of 4 Sets of 110 KW Centrifugal Pump Set, Motor Control Panel , Cable and its allied work at Clear Water Pumping Plant at 14.5 MLD WTP Maithan, Dhanbad Urban Water Supply Scheme Phase-II को अपरिहार्य कारणवश से रद्द किया जाता है।

**कार्यपालक अभियंता**
पेयजल एवं स्वचछता यांत्रिक प्रमंडल, धनबाद

**PR 337251 Drinking Water and Sanitation(24-25)#D**

# बिहार में जाति और डिग्री को लेकर छिड़ी जंग, राजनीति के दो दिग्गज भिड़े

पटना,(ईएमएस)। बिहार में दो दिग्गज नेताओं और पूर्व मुख्यमंत्रियों के बीच जाति और डिग्री को लेकर विवाद छिड़ गया। केंद्रीय मंत्री और हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के अध्यक्ष जीतनराम मांझी ने राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद यादव की जाति को लेकर सवाल उठाते हुए सीधे हमला बोल दिया। मांझी के बयान पर लालू यादव ने भी उसी अंदाज में उन्हें जवाब दिया।दरअसल, केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने कहा कि लालू, प्रसाद यादव नहीं हैं। इस पर लालू यादव ने पलटवार किया और पूछा, मांझी मुसहर हैं क्या? मांझी ने कहा कि उन लोगों की पहले डिग्री बताएं। हम तो पढ़े-लिखे हैं लेकिन तेजस्वी हमें शर्मा कहते हैं तो पहले वह अपने पिताजी (जाति) को बताएं। उसके पिताजी किसके जन्मे हुए हैं। वह तो गड़ेरिया के जन्मे हुए हैं तो लालू यादव गड़ेरिया हैं। यादव नहीं हैं। आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने मांझी के तंज पर एक लाइन में जवाब दिया और पूछा, वह मुसहर हैं? वह मुसहर हैं क्या?यह पूरा विवाद तब सामने आया, जब 19 सितंबर को मांझी ने एक्स पर पोस्ट किया और लिखा, विपक्षी दलों के गुंडे हमारे घर, दरवाजों को तोड़ सकते पर हमारे लोगों का हौसला नहीं तोड़ सकते। घर जलाने वाले लोगों के संरक्षक लालू पाल (गरेड़ी) जी आप राजनीति के लिए अपनी जाति छुपा सकते हैं पर हम नहीं। हम गर्व से कहते हैं- हम मुसहर हैं। लालूजी में हिम्मत है तो वह भी कहकर दिखाएं कि हम गरेड़ी हैं। पूरे बिहार में दलितों के जमीन पर और मुसलमानों के क़ब्रिस्तानों पर किस पार्टी के समर्थकों का क़ब्जा है यह सबको पता है। आपने और आपके लोगों ने बहुत दबा लिया हम लोगों को। अब करारा जवाब मिलेगा।आरजेडी नेता और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने मांझी पर निशाना साधा और कहा कि जीतनराम मांझी और उनका बेटा आरएसएस स्कूल से पढ़े लिखे है, जो आरएसएस कहता है वही बोलते हैं। सच नहीं जानना चाहते हैं कुछ। वह तो केंद्रीय मंत्री हैं तो सीएम से जाकर मिलें। कार्रवाई करें जिसने आग लगाई है उसको जेल में डालो लेकिन बिना तथ्यों के कुछ भी नहीं बोलना चाहिए। वहीं, आरजेडी सांसद मीसा भारती ने कहा कि अब लगता है कि पूरे बिहार को प्रमाण पत्र मांझी से ही लेना पड़ेगा। वह इतने सीनियर नेता हैं।हम पार्टी के प्रवक्ता श्याम सुंदर शरण ने कहा कि हिम्मत है तो लालू परिवार अपनी तीन पीढ़ी की वंशावली जारी करें। लालू प्रसाद की जाति को लेकर सबकुछ साफ हो जाएगा। बिहार में जमीन सर्वे के लिए वंशावली देने का काम चल रहा है। हकीकत ये है कि लालू प्रसाद दलित विरोधी मानसिकता के व्यक्ति हैं। उन्होंने दलितों को हमेशा पैरों से दबाकर रखा।




### नहर में डूबे युवक का शव दूसरे दिन मिला

आरा (ईएमएस)। बिहार में भोजपुर जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र के बनौली गांव में नहर में डूबे युवक का शव दूसरे दिन मिला है। उसका शव बनौली गांव स्थित मुसहर टोली के पास नहर से बरामद किया है। मृतक प्रेम कुमार है वह पेशे से किसान था।मृतक के चचेरे भाई ने कहा कि रात वह शौच सोच के लिए गांव में स्थित पुल के किनारे गया था। पानी लेने के लिए नहर किनारे गया। तभी वो गिरकर डूब गया। जब वह देर रात घर वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कुछ नहीं पता चला। जब परिजन दोबारा खोजबीन करने के लिए गए तो शव मिला। उन्होंने इसकी सूचना थाने को दी। इस सूचना पार पुलिस पहुंची। इसके बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से उसके शव को पानी से बाहर निकल गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया है। बताया जाता है कि मृतक अपने 4 भाई व एक बहन में चौथे स्थान पर था। उसके परिवार में मां व 3 भाई हैं।

## बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की फिर उठी मांग



पटना (ईएमएस)। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग लंबे समय से चली आ रही है। जदयू ने फिर बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग की है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक ने विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग उठाई। श्याम रजक ने कहा कि भारत को अगर विश्व गुरु बनाना है तो बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र ने बिहार को विशेष पैकेज दिया है लेकिन और तेजी से विकास के लिए विशेष राज्य का दर्जा देना जरूरी है। विशेष राज्य का दर्जा मिलने से राज्य में निवेशक आएंगे।उन्होंने कहा कि बिहार के विकास के लिए क्राइटेरिया में बदलाव करना होगा। जदयू नेता ने कहा कि विशेष राज्य के दर्जे के क्राइटेरिया में बिहार नहीं आता है। लेकिन इसमें बदलाव कर बिहार का विकास हो सकता है। विशेष श्रेणी का दर्जा किसी पिछड़े राज्य को उनकी विकास दर के आधार पर दिया जाता है। यदि कोई राज्य भौगोलिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़ा हो तब शुल्क में विशेष छूट देने के लिए विशिष्ट दर्जा दिया जाता है। हालांकि संविधान में किसी राज्य को उसके समग्र विकास के लिए विशेष दर्जा देने का कोई प्रावधान नहीं है। फिर भी 1969 में पांचवें वित्त आयोग की सिफारिश पर पिछड़े राज्यों को विशेष श्रेणी का दर्जा देने का प्रावधान किया गया। इन राज्यों को मिले 1969 में विशेष दर्जा में इस प्रावधान से पहले जम्मू और कश्मीर को विशिष्ट दर्जा मिला। हालांकि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद अब वो एक केंद्र शासित प्रदेश है। पूर्वोत्तर के असम और नगालैंड ऐसे पहले राज्य थे। जिन्हें 1969 में विशेष दर्जा दिया था। बाद में हिमाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, सिक्किम, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, उत्तराखंड और तेलंगाना सहित 11 राज्यों को विशेष श्रेणी राज्य का दर्जा दिया था।

## मोतिहारी की छात्राओं ने लहराया परचम, राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में जीता गोल्ड मेडल



मोतिहारी : मोतिहारी के रामगढ़वा प्रमुख रीता देवी ने कहा कि रेशमा देवी प्रोजेक्ट कन्या +2 विद्यालय की 17 छात्राओं ने मेडल जीत कर रामगढ़वा के नाम को राज्य में गौरवानवित किया है। इस उपलक्ष्य में इन्होंने इन प्रतिभागी विजेता छात्राओं को मेडल पहनाया और टिफिन बॉक्स प्रदान किया। साथ ही कहा कि पढ़ाई के साथ छात्राएं हर क्षेत्र में नाम कमा रही हैं। इन्होंने इस विद्यालय की छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। बता दें कि राजधानी पटना के गांधी मैदान में आयोजित जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को रामगढ़वा के रेशमा देवी प्रोजेक्ट कन्या + 2 विद्यालय में प्रधानाध्यापक द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित कराया गया और विजेता छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख रीता देवी ने किया। इस अवसर पर इस विद्यालय की विजेता सभी 17 प्रतिभागी छात्राओं को प्रमुख रीता देवी ने मेडल और टिफिन बॉक्स देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ. राजीव कुमार के नेतृत्व में विद्यालय परिवार द्वारा प्रमुख रीता देवी और उनके पति विशाल गुप्ता को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद राज्य व जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में प्रतिभागी विजेता छात्राओं को बारी-बारी से सम्मानित किया गया।इस अवसर पर राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाली छात्रा पलवी कुमारी के साथ अन्य खेलों में मेडल प्राप्त करने वाली छात्राओं सुगंधी कुमारी, अंजली कुमारी, साहिना प्रवीन, नन्दनी कुमारी, सुमिता कुमारी, मुस्कान कुमारी, संध्या कुमारी, निधि कुमारी, सीमा कुमारी, प्रिया कुमारी, संध्या कुमारी, लवली कुमारी, अलिशा प्रवीण, रोशनी कुमारी, यासमीन खातून और सुनीता कुमारी को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर प्रमुख रीता देवी ने कहा कि पढ़ाई के साथ छात्राएं हर क्षेत्र में नाम कमा रही हैं। इन्होंने इस विद्यालय की छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर प्रधानाध्यापक डॉ. राजीव के साथ शिक्षक रितु रानी, ललन राम, खेल शिक्षक मो. राजुल, प्रियरंजन पांडेय, नीरज सिंह, इमामुल हक, नंदकिशोर सहनी, बमशंकर सिंह, उमेश कुमार, अंशिका गुप्ता और स्वेता कुमारी इत्यादि सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

# कहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की छवि खराब करने की तो साजिश नहीं रच रहे अधिकारी !

### क्या नितीश कुमार की सरकार ब्यूरोक्रेट चला रहे हैं !



पटना, (ईएमएस)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भले ही लोकसभा चुनाव में 12 सीटें जीतकर फिर से राजनीति में प्रासंगिक साबित हुए हों लेकिन ये चर्चा अब आम हो चली है कि उनकी कार्यशैली अब पुरानी वाली नहीं है। विपक्ष के तौर पर आरजेडी ने भी कहना शुरू कर दिया है कि नीतीश उम्र की वजह से थक गए हैं। इसलिए अचेतन अवस्था में पड़े रहने की वजह से नीतीश की सरकार को रिटायर अधिकारी चला रहे हैं। जाहिर है कि पुलिस महानिदेशक आर.एस. भट्टी का बिहार छोड़कर जाने की घटना हो या फिर बिहार में निरंकुश अपराध, दोनों की वजह से नीतीश को घेरने का कोई मौका इन दिनों आरजेडी छोड़ नहीं रही है। दरअसल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का स्वभाव ऐसा पहले नहीं रहा है। सरकार बनते ही मेवालाल चौधरी से इस्तीफा लेने की बात हो या फिर मंजु वर्मा को कैबिनेट से बाय-बाय करने का फैसला, नीतीश अपने दामन में दाग लगने से पहले ही कदम उठा लिया करते थे। लेकिन अब नीतीश कुमार का वो स्वभाव नजर नहीं आ रहा है।क्योंकि उनके जिस अधिकारी पर ईडी की रेड हो जाती है वो अधिकारी उसी विभाग में काम कर रहा होता है और सरकार उसे उस विभाग से हटाती तक नहीं है। इसलिए कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री नितीश कुमार की सरकार ब्यूरोक्रेट चला रहे हैं। दरअसल ये इसलिए भी कहा जा रहा है कि सालों से नीतीश कुमार जनता से मिलने बिहार की यात्रा पर नहीं निकले हैं। यही वजह है कि जनता की नब्ज को परखने का सवाल हो या फिर उनके बीच जाकर सीधा संवाद करने की प्रक्रिया हो, नीतीश अब उससे कोसों दूर दिखने लगे हैं। इतना ही नहीं अब नीतीश कुमार पत्रकारों से भी दूर रहने लगे हैं। उनके अधिकारी उन्हें घेरकर प्रेस से प्रदेश के मुखिया को दूर रख कर प्रदेश के मुखिया की असली स्थितियों की ओर इशारा कर रहे हैं। कहा तो ये भी जा रहा है कि अधिकारी ये सब जानबूझकर कर रहे हैं ताकि नीतीश कुमार की छवि खराब हो। अंदरखाने से भी यही बात निकलकर सामने आ रही है कि नीतीश कुमार की छवि बनाने के बजाए बिगाड़ने में उनके ही अधिकारी लगे हैं। खैर अब इसमें कितनी सच्चाई है ये तो नीतीश बाबू को ही पता होगा।

### नीतीश की निष्क्रियता बढ़ने पर जेडीयू के भविष्य पर लग जायेगा प्रश्न चिह्न

कहा तो ये भी जा रहा है कि नीतीश कुमार की निष्क्रियता अगर और बढ़ी तो जेडीयू के भविष्य पर ही प्रश्न चिह्न लग जाएगा। इसलिए तो नितीश कुमार के सबसे करीबी माने जाने वाले संजय झा पहले से ही बीजेपी के फेवरेट हैं जबकि यह तय है कि विजय चौधरी भी बीजेपी में जगह तलाशने में देर नहीं लगाएंगे। ऐसे में श्रवण कुमार, विजयेंद्र यादव समेत उमेश कुशवाहा और कई अन्य ओबीसी नेताओं का रुख क्या होगा इसकी चर्चा भी दबी जुबान से पार्टी के भीतर ही होने लगी है।

### आकाशीय बिजली से होटल-दुकान में लगी आग

पूर्णिया (ईएमएस)। बिहार के पूर्णिया में बीती रात आंधी-बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से होटल और दुकान में आग लग गई। इसमें लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गई। गनीमत रही कि वज्रपात से पहले होटल और दुकान बंदकर संचालक और स्टाफ घर जा चुके थे।होटल में कई गैस सिलेंडर रखे थे उसे पहले ही निकाल लिया गया। यदि ऐसा नहीं होता तो बड़ा हादसा हो सकता था। आग बुझाने में कुछ दमकल कर्मी भी मामूली रूप से झुलस गए। 4 दमकल की गाड़ियां स्थिति पर काबू पाने आई थीं। 3 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। रात को कसबा ओवरब्रिज फोरलेन के पास यह घटना हुई। औरंगाबाद में इन दिनों लगातार लोग साइबर फ्रॉड के जाल में फंस रहे हैं। आए दिन साइबर फ्रॉड भोले भाले लोगों को नौकरी, प्रधानमंत्री द्वारा संचालित योजना के नाम पर ठगी कर रहे हैं।

### पटना में मोबाइल स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम देने वाले 6 लूटेरे धराए

पटना, (ईएमएस)। रेलवे पुलिस ने पटना में एक ऐसे गैंग का पर्दाफाश किया है जो पटना शहर में खासकर स्टेशन पर तथा ट्रेनों में मोबाइल स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम देते थे। इसके लिए उन्हें हर रोज एक हजार रुपया मिलता था। रेल पुलिस ने 6 लूटेरों को गिरफ्तार किया है। इन सभी लूटेरों ने पुलिस को बताया कि हम मोबाइल स्नैचिंग कर शाम को सरगना के पास जाते थे। फिर वहां जितने भी मोबाइल हमने लूटे होते थे, उन्हें सरगना को सौंप देते थे। इसके एवज में हमें प्रति दिन एक हजार रुपया बतौर पारिश्रमिक मिलता था। वहीं सरगना फिर उन मोबाइलों को नेपाल जाकर बेच देता था। फिलहाल पुलिस इस गैंग के मास्टरमाइंड की तलाश कर रही है। रेल पुलिस ने कहा कि यह गैंग न सिर्फ रेलवे स्टेशन में बल्कि समूचे पटना शहर में भी सक्रिय था। गिरफ्तार 6 आरोपियों में एक नाबालिग भी शामिल है। रेल एसपी अमृतेंदु शेखर ठाकुर ने कहा कि इस गिरोह का सरगना रौशन कुमार है जो मंसूरगंज देवी स्थान, चौक का रहनेवाला है। वह गिरोह के सदस्यों को मोबाइल चोरी और छीनने के लिए हर रोज एक हजार रुपये देता था। फिलहाल सरगना की गिरफ्तारी नहीं हुई है। रेल पुलिस उसकी तलाश में छापेमारी कर रही है।

# बिहार में बहुत जल्द शिक्षकों को मिलेगी ट्रांसफर-पोस्टिंग की सुविधा



पटना, (ईएमएस)। अब बिहार में बहुत जल्द शिक्षकों को ट्रांसफर-पोस्टिंग की सुविधा मिल सकती है। दरअसल कई शिक्षकों ने ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर मांग उठाई थी। जिसके बाद बिहार के शिक्षकों की ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर शिक्षा विभाग बड़े ऐलान की तैयारी में है। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि ट्रांसफर-पोस्टिंग का मामला बिल्कुल अंतिम चरण में है। अगले दो-तीन दिन में हम लोग इसे पूरा कर लेंगे। 30 सितंबर से पहले ट्रांसफर-पोस्टिंग नीति लागू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि सदन में ही हम लोगों ने कहा था और मीडिया के माध्यम से भी कहा गया था कि हम लोग शिक्षकों की ट्रांसफर-पोस्टिंग में उदारता रखेंगे। जो महिलाएं हैं, या जो बीमार हैं, रोगों से ग्रसित हैं या ऐसी महिलाएं जो सिंगल हैं उन लोगों का विशेष ध्यान हम लोग रखेंगे। कोशिश करेंगे कि जो आवेदन आए हैं उन पर हम लोग विचार करें। शिक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि ट्रांसफर नीति को कैबिनेट से मंजूरी की जरूरत नहीं है। यह विभागीय स्तर पर ही पूरा हो जाएगा। इसके साथ ही शिक्षा मंत्री ने अनुकंपा के आधार पर नौकरी पाने वाले लाभार्थियों के लिए कहा कि अनुकंपा पर नौकरी पाने वालों के लिए भी 6000 से ज्यादा पोस्ट की अनुमति कैबिनेट से मिल गई है।

### सीवान में कोचिंग का शिक्षक बना हिटलर, बाल खींचकर छात्रा को डंडे से जमकर पीटा

सीवान : सीवान जिले में बेरहम शिक्षक की करतूत सामने आई है। कोचिंग पढ़ने आई छात्रा की शिक्षक ने बाल खींचकर जमकर पिटाई की। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि महाराजगंज थाना क्षेत्र के पटेढ़ी बाजार स्थित एक प्राइवेट कोचिंग केंद्र है। इसके डायरेक्टर हजरत अली बताए जाते हैं। उसमें बड़ी संख्या में छात्र एवं छात्राएं पढ़ने भी आते हैं। रोजाना की तरह बुधवार को भी सभी छात्र एवं छात्राएं पढ़ने के लिए कोचिंग में आए थे, जिसमें एक शिक्षक के द्वारा एक छात्रा को होमवर्क पूरा नहीं करने पर बेरहमी से पिटाई की गई। मोटे डंडे से काफी देर तक पिटाई की जा रही है, जो कि वायरल वीडियो में देखा जा सकता है।

**झारखण्ड सरकार**
**उपायुक्त का कार्यालय (जिला बाल संरक्षण इकाई),धनबाद**
**मिश्रित भवन, Ground Floor,कमरा नम्बर –7**
**दुरभाष – 7903353045,**
**Email ID - dcps-dhanbad@jharkhandmail.gov.in**

**गुमशुदा बालक की सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गुमशुदा बालक के बारे में पता लगाना है। जिसकी विवरणी निम्नवत है–



**नाम– प्रित करियांग**
**लिंग– पुरूष**
**उम्र–08 वर्ष**
**पिता का नाम–गुरबा करियांग**
**माता का नाम– रितु करियांग**

बालक प्रित करियांग, उम्र–8 वर्ष(लगभग), पिता–गुरबा करियांग, पता–धनसार, जिला–धनबाद का निवासी है। बालक द्वारा बताया गया कि दिनांक– 21.10.2022 को वह घर से निकल कर धनबाद–झारग्राम लोकल ट्रेन से घाटशिला रेलवे स्टेशन पहुँचा था। घाटशिला रेलवे परिसर में अकेले घुमते देख आर0पी0एफ0 घाटशिला ने बालक को रेस्क्यू किया था। वर्तमान में बालक को बाल गृह, घाघीडीह, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर में आवासित किया गया है।

आम जनता से अपील है कि इस बालक के संबंध में अगर कोई जानकारी उपलब्ध हो तो जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, धनबाद के संपर्क नम्बर–7903353045 पर जानकारी दे सकते है अथवा जिला बाल संरक्षण इकाई, धनबाद के कार्यालय मिश्रित भवन के कमरा नम्बर–7 में जानकारी दे सकते है।

**कार्यालय का पताः–**
**जिला बाल संरक्षण इकाई,मिश्रित भवन के कमरा नं0–7**
**धनबाद। संपर्क नं0–7903353045**

**(साधना कुमारी)**
**जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी,धनबाद**

**PR 337241 Social Welfare,Women and Child Development(24-25).D**

# संक्षिप्त खबरें

## जंगली हाथियों के आतंक से ग्रामीणों में डर का माहौल

ओरमांझी( मोहसीनआलम ):ओरमांझी प्रखंड क्षेत्र सदमा व चंदरा पंचायत में पिछले तीन चार दिनों से जंगली हाथियों के आतंक ने ग्रामीणों के बीच डर का माहौल बना दिया है। हाथियों ने कई घरों और फसलों को नुकसान पहुंचाया है, जिससे ग्रामीणों को भारी नुकसान हुआ है।ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों के आतंक से वे अपने घरों में नहीं रह सकते और उनकी सुरक्षा को खतरा है।उन्होंने प्रशासन से हाथियों को हटाने की मांग की है।क्षेत्र में पहुंचे 23 जंगली हथियों के झुण्ड ने घरों और लगभग 10 एकड़ फसल को नुकसान पहुंचाया है।ग्रामीणों को अपने घरों में रहने में डर सता रहा है। प्रशासन से हाथियों को हटाने की मांग की गई है।इस संबंध में सदमा पंचायत के मुखिया सुनील उरांव ने कहा कि हम जंगली हाथियों के आतंक की समस्या का समाधान करने के लिए विभागीय व प्रशासनिक पदाधिकारी से बात करते हुए हाथियों को हटाने की मांग कर रहे हैं एवं घरों की क्षति तथा फसलों की नुकसान की मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया ।साथ ही ग्रामीणों की सुरक्षा और फसलों की सुरक्षा के साथ घरों की क्षतिपूर्ति लिए आवश्यक कदम उठाएंगे।

## पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



बरकट्ठा( हज़ारीबाग )। ब्राउन शुगर के साथ दो लोगों को बरकट्ठा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है।गुरुवार को मिली सूचना पर थाना प्रभारी राजेश कुमार भोक्ता ने कार्रवाई किया।पुलिस ने ग्राम घंघरी स्थित पैट्रोल पंप के समीप ब्राउन शुगर बेचने आए दोनों लोगों को घर दबोचा।पुलिस ने तस्कर ग्राम सोहरा चौपारण निवासी अंजन कुमार राणा पिता चमारी राणा तथा ग्राम कुनडवा बरही निवासी रामकिशन राणा पिता रामेश्वर राणा को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार दोनों युवकों के पास से पुलिस ने 14 ग्राम ब्राउन शुगर एवं वेट मशीन जप्त किया है।इस बाबत बरकट्ठा थाना में कांड संख्या 187/24 धारा 21बी, 22 बी एवं एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को पुलिस ने मेडिकल जांच के बाद सेंट्रल जेल हजारीबाग भेज दिया है।

# उर्दू शिक्षकों के पदस्थापन में सी एम उत्कृष्ट विद्यालयों में रिक्ति का नहीं रखा गया ख्याल : उर्दू शिक्षक संघ

रांचीः झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ के केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद ने जानकारी देते हुए कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा राज्य के 80 सी एम उत्कृष्ट विद्यालयों तथा 305 आदर्श विद्यालयों में विभिन्न विषयों के शिक्षकों के पदस्थापन / प्रतिनियोजन हेतु राज्य के सरकारी शिक्षकों से ई विद्यावाहिनी एप के माध्यम से आवेदन मांगा गया था, जिसके विरुद्ध उर्दू विषय के 77 शिक्षकों ने आवेदन दिया था। विभाग द्वारा इन सभी शिक्षकों को 25 जुलाई 2024 को झारखंड अधिविद्य परिषद, रांची के सभागार में ओरिएंटेशन सह आकलन के लिए चयनित शिक्षकों को बुला कर एक ऑनलाईन परीक्षा लिया गया। इस परीक्षा में अनुपस्थित शिक्षकों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही करने की बात कही गई और उनको पुनः बुला कर ऑनलाईन परीक्षा लिया गया। पत्रांक 2457 दिनांक 23/08/2024 के माध्यम से 37 उर्दू शिक्षकों को मेरिट लिस्ट में स्थान देते हुए दिनांक 30/08/2024 को केंद्रीकृत कॉउंसेलिंग के लिए झारखंड अधिविद्य परिषद, रांची के सभागार में बुलाया गया जिसमें सभी 37 शिक्षक उपस्थति हुए। परंतु कॉउंसेलिंग के दिन शिक्षकों को बताया गया कि उर्दू विषय के लिए रिक्ति केवल 01 है जिसे पहले रैंक वाले शिक्षक को दे दिया गया है।

संघ के महासचिव अमीन अहमद ने शिक्षा विभाग से सवाल करते हुए कहा कि अचानक रिक्तियों की संख्या विभाग द्वारा क्यों परिवर्तित कर दी गईं जबकि जिला शिक्षा पदाधिकारी, रांची के पत्रांक 1832 दिनांक 28/06/24 से ज्ञात होता है कि केवल रांची जिला के अंतर्गत SOE तथा BLAV में टी जी टी, उर्दू के कुल स्वीकृत पद 11 हैं, जिसमें 06 कार्यरत तथा 05 रिक्ति दर्शाई गई है। इसमें अन्य जिलों की रिक्तियां जोड़ देने पर संख्या और अधिक होगी। उन्होंने आगे कहा कि पूरे राज्य में सी एम उत्कृष्ट विद्यालयों की संख्या 80 है और आदर्श उच्च विद्यालयों कि संख्या 325 है जिसके लिए मात्र एक उर्दू शिक्षक का पदस्थापन किया गया। यह एक बड़ा सवाल है कि क्या राज्य में द्वितीय राज भाषा उर्दू के




छात्र - छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होगा? क्या मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विधालय के सोच का सही परिणाम ऐसे में धरातल पर दिख सकेगा? इस संदर्भ में झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ का एक शिष्टमंडल राज्य के विभिन्न जिला से आये टी जी टी उर्दू शिक्षकों के साथ राज्य के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री माननीय हफीजुल हसन अंसारी साहब से मिलकर जानकारी दी गई। उन्होंने मामले को त्वरित रूप से संज्ञान में लेते हुए शिक्षा सचिव को लिखित आवेदन पर कारवाई हेतु अनुशंसा की है। मंत्री से मिलने वालों में संघ के केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद, मो० जलालउद्दीन, मो० फखरूद्दीन, शमसुल होदा, मो० अज़मतुल्ला, अब्दुल जलील, सफदर रब्बानी, अंजारूल हक़, फहमिदा नाज़, नौशाद आलम, मो० सब्बीर अली, सीमा नाज़, प्रवक्ता शहज़ाद अनवर मुख्य रूप से शामिल थे।

संघ ने कहा कि अगर शिक्षा विभाग द्वारा मामले का निराकरण नहीं हुआ तो मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री एवं उच्च पदस्थ शिक्षा अधिकारियों के समक्ष मामले को रखा जायेगा।

# बाल संसद गांव घर में चलाएंगे सफाई अभियान

ओरमांझी :राजकीयकृत मध्य विद्यालय चकला में गुरुवार क्रो बाल संसद की बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता बाल संसद के प्रधानमंत्री नेहा कुमारी ने की। बैठक में उपस्थित सभी बाल संसद के सदस्यों ने कहा कि पर्व त्यौहार के छुट्टी के बाद विद्यालय खुलने पर उपस्थिति काफी कम हो जाता है। हम सभी को इस पर ध्यान देना होगा और जो हमारे सहपाठी नहीं आते हैं उनके अभिभावकों से संपर्क कर नियमित रूप से स्कूल भेजने का आग्रह करेंगे। साथ ही बाल सदस्यों ने कहा कि अभी बरसात का मौसम



है इसे देखते हुए विद्यालय परिसर व आसपास तथा अपने अपने गांव घर में भी हम सभी लोग सफाई अभियान चलाएंगे। और लोगों को जागरूक करेंगे। बैठक का संचालन चन्दन कुमार ने किया। बैठक में राधिका कुमारी,अंकित पाहन, वर्षा कुमारी,चन्दन कुमार,ओम पाण्डेय, खुशबू कुमारी,रिया कुमारी, सत्यम कुमार, मो,जैद अंसारी ,आनन्द मुंडा,अंजलि कुमारी आकांक्षा कुमारी, शांतनु टोप्पो,सुमन कुमारी , रानी कुमारी, राजनंदनी कुमारी सहित कई बाल संसद के सदस्य उपस्थित थे।

## वैश्य मोर्चा के मुद्दों पर कैबिनेट की बैठक में विचार किया जाये : महेश्वर साहु

रांचीः झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह किया है कि 27 सितंबर को होने वाले कैबिनेट की बैठक में वैश्य मोर्चा के मुद्दों पर विचार किया जाये. श्री साहु ने आज एक प्रेस रिलीज जारी कर कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को वैश्य एवं पिछड़ों को भी साथ लेकर चलना चाहिए, ताकि सामाजिक समरसता एवं समीकरण बना रहे. महेश्वर साहु ने कहा है कि वैसे तो वैश्य मोर्चा की ओर से अनेकों बार राज्य सरकार एवं मुख्यमंत्री को मांग-पत्र और ज्ञापन दिया गया है, लेकिन गत विधानसभा सत्र के दौरान 31 जुलाई को विधानसभा स्थित कार्यालय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 42 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने मिलकर 10 सूत्री मांग-पत्र दिया था. तब मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने कहा था कि इस संबंध में जल्द ही सकारात्मक कार्यवाही की जाएगी. वैश्य मोर्चा अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा है कि राज्य सरकार कैबिनेट बैठक में प्रभावकारी निर्णय ले सकती है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह है कि 27 सितंबर को होने वाली कैबिनेट की बैठक में वैश्य मोर्चा के मुद्दों एवं मांगों पर विचार करें. तभी इस समाज एवं ओबीसी वर्ग को आकर्षित कर सकते हैं.


**झारखण्ड सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**कम्बाईण्ड बिल्डिग, प्रथम तल्ला, एल०सी० रोड, धनबाद**

**ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई–निविदा संख्या:- 21/RWD/DHANBAD/24-25 दिनांक :- 25.09.2024**

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, धनबाद द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1 | RWD/DHANBAD /34/23-24 | गोविन्दपुर | हरिहरपुर शिव मंदिर भाया सुरेश प्रसाद महतो जड़कही बन्दरचुऑ से रघुवाडीह तक पथ निर्माण कार्य (लम्बाई–2.20 कि0मी0) | 241.057 | दो करोड़ एकतालिस लाख पॉच हजार सात सौ | 12 माह | द्वितीय |
| 2 | RWD/DHANBAD /35/23-24 | गोविन्दपुर | काड़ालागा मोड़ से नयाडीह मोड़ भाया घनुआडीह तक पथ निर्माण कार्य (लम्बाई –2.00 कि0मी0) | 253.166 | दो करोड़ तिरपन लाख सोलह हजार छह सौ | 12 माह | द्वितीय |
| 3 | RWD/DHANBAD /36/23-24 | गोविन्दपुर | संभारी मेन रोड से सदियाडीह होते हुए कुलबेरा तक पथ निर्माण कार्य (लम्बाई –1.10 कि0मी0) | 105.955 | एक करोड़ पाच लाख पन्चानवे हजार पॉच सौ | 09 माह | द्वितीय |
| 4 | RWD/DHANBAD /09/23-24 | बलियापुर | मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत निचितपुर लालबॉध से पलानी स्कूल मोड़ भाया फकीरडीह मल्लिकडीह तक पथ का निर्माण कार्य (लम्बाई – 5.00 कि0मी0) | 371.257 | तीन करोड़ एकहतर लाख पच्चीस हजार सात सौ | 15 माह | तृतीय |
| 5 | RWD/DHANBAD / 16/24-25 | निरसा | बीर सिंहपुर पंचायत भवन शिव मंदिर से दुर्लभडीह गोराई टोला तक पथ (लम्बाई –1.00 कि0मी0) | 60.555 | साठ लाख पच्चपन हजार पॉच सौ | 06 माह | द्वितीय |
| 6 | RWD/DHANBAD / 18/24-25 | कलियासोल | बेनागड़िया स्कूल से हिचुगनिया तक पथ (लम्बाई –1.00 कि0मी0) | 65.180 | पैसठ लाख अठारह हजार | 06 माह | द्वितीय |
| 7 | RWD/DHANBAD / 20/24-25 | एग्यारकुण्ड | आमकुड़ा पंचायत भवन भाया मालेश्वर मिश्रा के घर से लिंक रोड एन0एच02 तक पथ (लम्बाई –1.00 कि0मी0) | 70.716 | सत्तर लाख एकहतर हजार छह सौ | 06 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 28.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 09.10.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 14.10.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, धनबाद, पिन– 826001
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0326–3554757

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, धनबाद।

PR.NO.337124 Rural Work Department(24-25):D



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, धनबाद**
**मोबाईल नं० : 8789242462 Email : rdsd.dhanbad@rediffmail.com**

पत्रांकः–794 धनबाद/दिनांक–24.09.2024

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई– निविदा सूचना संख्या – RWD/SD/DHANBAD-24/2024-25**

1. कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | धनबाद जिला के टुण्डी प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत जीतपुर के गोयदाहा से जीतपुर पथ के बीच जोरिया पर पुल निर्माण (पुल की लम्बाई :– 43.54 मी0) | 265.18800 | परिमाण विपत्र की राशि 2% | 10000.00 | 18 महीना |
| 2. | धनबाद जिला के कलियासोल प्रखण्ड अन्तर्गत पतलाबाडी–बलियापुर रोड को दही बाडी फुटबॉल मैदान को जोडने वाले पथ पर जोडिया में पुल निर्माण (पुल की लम्बाई :– 32.66 मी0) | 156.15700 | परिमाण विपत्र की राशि 2% | 10000.00 | 15 महीना |
| 3. | धनबाद जिला के कलियासोल प्रखण्ड अन्तर्गत सालुकचपडा चासापाडा से मोको जाने वाले पथ पर जोडिया में पुल निर्माण (पुल की लम्बाई 45.37 मी0) | 247.84100 | परिमाण विपत्र की राशि 2% | 10000.00 | 15 महीना |
| 4. | धनबाद जिला के निरसा प्रखण्ड अन्तर्गत मोराडीह एवं पाण्ड्रा बेजरा के बीच मुख्य पथ पर जोडिया पर पुल निर्माण (पुल की लम्बाई 52.48 मी0) | 273.63300 | परिमाण विपत्र की राशि 2% | 10000.00 | 18 महीना |
| 5. | निरसा प्रखण्ड के सिजुआ पंचायत अन्तर्गत चैनपुर एवं जिलिंगटॉड के बीच जोडिया में पुल निर्माण (पुल की लम्बाई 39.37 मी0) | 271.68800 | परिमाण विपत्र की राशि 2% | 10000.00 | 18 महीना |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि –08.10.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय–दिनांक 08.10.2024 से दिनांक 17.10.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, धनबाद।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 19.10.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– ई0 नरेन्द्र कुमार, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, धनबाद।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाश सं० – 8789242462 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबावदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

(ई0 नरेन्द्र कुमार)
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, धनबाद

PR.NO.337100 Rural Work Department(24-25):D


# निःशुल्क हार्ट स्वास्थ्य जांच कैंप 29 को

रांचीः वर्ल्ड हार्ट डे हर साल 29 सितंबर को मनाया जाता है। इस वर्ष वर्ल्ड हार्ट डे 2024 के लिए थीम "हृदय का उपयोग करें, हृदय को जानें" है। इस थीम के जरिए हृदय स्वास्थ्य के महत्व और इसके ज्ञान के महत्व को बताया जाएगा। इस अवसर पर पारस एचईसी हॉस्पिटल में 29 सितंबर को निःशुल्क हार्ट टेस्ट कैंप लगाया जायेगा। इस कैंप में कार्डियक कंसलटेंट, डाइटिशियन एवं न्यूट्रिशन कंसलटेंट मौजूद रहेंगे। कैंप में रैंडम ब्लड शुगर, ईसीजी, 2D-इको कार्डियोग्राफी / ट्रेड मिल टेस्ट निःशुल्क होगा। इसके अलावा हेल्थ टॉक का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें लोग संबंधित सवालों को पूछ कर जवाब पा सकते हैं। साथ ही कैंप में अगर डॉक्टर एक्स्ट्रा टेस्ट करने को कहते है तो टेस्ट में 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी। जिस मरीज को निःशुल्क हार्ट चेकअप कैंप में भाग लेना है, वो पारस हॉस्पिटल एचइसी, धुर्वा में संपर्क कर सकते है। पारस एचईसी हॉस्पिटल के सीनियर कर्डिलॉजिस्ट डॉक्टर महेश कुशवाहा ने कहा कि हर साल 29 सितंबर को वर्ल्ड हार्ट डे मनाया जाता है। हर साल हजारों की संख्या में लोग हार्ट डिजीज से मरते हैं। इस लिए इस दिन लोगों को हार्ट की बीमारी से बचाने के लिए उन्हें जागरूक किया जाता है। विश्व हृदय दिवस 2024 का थीम का लक्ष्य लोगों को अपने हृदय की देखभाल करने के लिए प्रोत्साहित करना और नेताओं से हृदय संबंधी स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का आग्रह करना है। अगर किसी को हार्ट संबंधित को बीमारी




हो तो वह तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। हेल्थी हार्ट के लिए उपाय करें। कार्डियक सर्जन डाक्टर कुणाल हजारी ने कहा कि वर्ल्ड हार्ट डे में लोगों को मेरा संदेश है कि आप हमेशा खुश रहे और मस्त रहे। रिलेक्स रहना सीखे। क्वालिटी ऑफ़ लाइफ जीएं। मन में कभी भी नेगेटिव सोच नहीं रखें। गुस्सा मत कीजिए। कर्डिलॉजिस्ट डॉक्टर कुंवर अभिषेक ने कहा कि समय पर और अच्छे डाइट लेंगे तो हार्ट हमेशा ठीक रहेगा। हार्ट की बीमारी से बचना जरूरी है। हल्के एक्सरसाइज करें। हरी सब्जियां और फल का सेवन लगातार करते रहे। धुर्वा स्थित पारस एचईसी हॉस्पिटल में कैंसर का पूरा इलाज अब उपलब्ध है। पारस हॉस्पिटल के फैसिलिटी निदेशक डॉ नीतेश कुमार ने कहा कि पारस एचईसी हॉस्पिटल में पारस कैंसर सेंटर खोला गया है। रांची के *जाने माने* ऑन्कोलॉजी की टीम ने पारस हॉस्पिटल को ज्वाइन किया है। ये डॉक्टर की टीम टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल मुंबई से प्रशिक्षित है। *प्रिवेंटिव* कैंसर ट्रिटमेंट के लिए जो जरूरत पड़ती है, सुविधा उपलब्ध है। चार से पांच माह के अंदर रेडियेशन ऑन्कोलॉजी भी शुरू हो जायेगा। पेट स्कैन की भी सुविधा शुरू हो जायेगी। इसका फायदा यह *होगा* कि कैंसर के मरीज को *यदि* किडनी, हार्ट आदि की बीमारी है तो इसके लिए किसी अन्य हॉस्पिटल में नहीं जाना पड़ेगा। पारस एचईसी हॉस्पिटल में एक ही छत के नीचे इन सभी बिमारियों का इलाज संभव हो पायेगा। डॉ नीतेश ने कहा कि पिछले दो सालों में पारस एचईसी हॉस्पिटल में मरीजों को देखने का दायरा बढ़ा है। मरीजों की संख्या बढ़ रही है। झारखंड और झारखंड के पड़ोसी राज्यों से भी मरीज पारस हॉस्पिटल पहुंच कर इलाज करा रहे हैं। कई नये विभागों को जोड़ा गया है। इनमें मदर एंड चाइल्ड यूनिट बनाया गया है। मां और नवजात बच्चों के लिए अलग जगह बनाया है, जहां मां और बच्चे की देखभाल एक ही जगह हो सके। इसके अलावा ब्लड बैंक की भी स्थापना की गयी है। छाती रोग विभाग का विस्तार किया गया है। न्यूरो सर्जरी और ऑर्थपेडिक एवं जेनरल सर्जरी की सुविधा का भी विस्तार किया गया। अनुभवी डॉक्टरों को हॉस्पिटल से जोड़ा गया, इससे कई विभाग को विस्तार करने में आसानी हुई।

## अपने अधिकारों की रक्षा की लड़ाई के लिए आंदोलनकारी बाध्य हैंः पुष्कर महतो

रांचीः झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक हटिया बसारटोली के पास हुई। बैठक में 30 सितंबर को मुख्यमंत्री आवास के समक्ष धरना प्रदर्शन एवं घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। आंदोलनकारियों ने सरकार से मांग की कि सभी झारखंड आंदोलनकारियों को राजकीय मान सम्मान अलग झारखंडी पहचान, जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करते हुए बेटी बेटों के रोजी रोजगार नियोजन की गारंटी एवं राज्य गठन की तिथि से सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार रुपए देने की मांग की गई। मौके पर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों की सुध लेने वाला आज कोई नहीं है। आशा है बेबस बीमार, लाचार व आर्थिक तंगी में जिंदगी जी रहे हैं और न ही मर रहे है बल्कि अपनी किस्मत पर आंसू बहा रहे हैं। जिन आंदोलनकारियों ने अपनी जवानी का स्वर्णिम काल दिया राज्य बने , अपने ही लोग सरकार बने। लेकिन आंदोलनकारियों के राजकीय मान समान, रोजी रोजगार एवं बेटा बेटियों के नियोजन की गारंटी सम्मान पेंशन आदि के संवैधानिक अधिकार एवं राज्य गठन के मूल्यr की रक्षा नहीं हो रही है। आज आंदोलनकारी अपने अस्तित्व एवं अस्मिता की रक्षा के लिए 30 सितंबर को मुख्यमंत्री आवास के समक्ष धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य हुए हैं। आंदोलनकारियों का संकल्प है अधिकारों की रक्षा के लिए लड़ेंगे और जीतेंगे। मौके पर अजीत मिंज, आदम मुंडू, सुजीत कुमार ,प्रताप मेलगंडी, अंथन लकड़ा, दिनेश महतो, राजू लाल वर्मा, राम कृत सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## पूर्व एंव वर्तमान विधायको ने अपना एंव अपने परिवार का विकास किया : ब्रह्मदेव प्रसाद

रांचीः नावां (पलामू) मंच के केंद्रीय अध्यक्ष श्री ब्रह्मदेव प्रसाद का जन संपर्क अभियान तेज करते हुए चेचरिया, बरमोरिया, बसना, भण्डार, रज़हरा, कोठी, चेचेनखा सहित दर्जनों गाँवों का दौरा किया।

उन्होंने कहा की पूर्व एवं वर्तमान विधायकों ने 20-20 वर्षों तक राज किया और दोनों ने केवल अपना और अपने परिवार का विकास किया और बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र का विनाश किया । उन्होंने कहा सबसे बड़ी दुर्भाग्य की बात यह है कि बिश्रामपुर विधानसभा में एक भी सरकारी डिग्री कॉलेज नहीं है और न ही एक भी लाईब्रेरी है और न ही एक भी खेल का स्टेडियम है और जब एक ITI कॉलेज भी आया था पर उसे भी वर्तमान विधायक अपने कैंपस में खोल दिया । बिश्रामपुर विधानसभा में मेडिकल कॉलेज भी आया था उसे भी वर्तमान विधायक ने अपने कैंपस में खुलवा दिया ।जिससे की हमारे विधानसभा के होनहार छात्र - छात्रों का भविष्य अंधकार में चला गया है। इस बार बिश्रामपुर की जनता मन बना चुकी है कि दोनों को नकार कर ओ॰बी॰सी॰ के लोगो को विधानसभा में भेजने का काम कर रही है और एस॰ टी॰ , एस॰ सी॰ और ओ॰बी॰सी॰ की संवैधानिक अधिकार सरकार से लेकर क्षेत्रों में लाने का काम करूँगा। हमारे मंच में पिछले कई दिनों से भारतीय जनता पार्टी , कांग्रेस पार्टी और बहुजन पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता इस मंच का सदस्यता ग्रहण किया है। मौके पर सुरेंद्र भारती, रामराज राम, हिमालय कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भ0नि0वि0, भवन प्रमण्डल जामताड़ा**

**अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–21/2024–25.**

1. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, जामताड़ा
2. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि : 04.10.2024 तक (1.00 अपराह्न तक)
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 05.10.2024 को 3.00 बजे अप0 तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 05.10.2024 को 3.30 बजे अप0
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1) अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, दुमका। 2) कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, जामताड़ा। 3) सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमंडल, जामताड़ा।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– तथैव– – तथैव–
7. कार्य का विवरण :–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of 500 ft. P.C.C. Road at Kasitanr Main Road to Dewthan Than Block- Karmatanr, Panchayat-Sitakatta, Village-Sitakatta Distt. Jamtara for the Year 2024-25. | 13,39,400=00 | 26,800=00 | 2,500=00 | 45दिन |
| 2. | Construction of 600 ft. P.C.C. Road at Bajrangbali mandir to Bathan Block- Karmatanr, Panchayat-Barmundali, Village-Sakalpur Distt. Jamtara for the Year 2024-25. | 16,07,300=00 | 32,200=00 | 5,000=00 | 45दिन |
| 3. | Construction of 750 ft. P.C.C. Road at Railway Fatak to Main Bazar Kali Mandir Block- Karmatanr, Panchayat-Karmatanr, Village- Karmatanr Distt. Jamtara for the Year 2024-25. | 20,09,100=00 | 40,200=00 | 5,000=00 | 45दिन |
| 4. | Construction of 900 ft. P.C.C. Road at Dakshinbahal to Over Bridge Via Butka Bauri Ghar Block- Jamtara, Panchayat- Dakshinbahal, Village-Dakshinbahal Distt. Jamtara for the Year 2024-25. | 24,10,900=00 | 48,300=00 | 5,000=00 | 02माह |
| 5. | Construction of 600 ft. P.C.C. Road at Dinesh soren Ghar to Abdul Ansari Ghar Block- Jamtara, Panchayat-Mejhiya, Village-Gokhladih Distt. Jamtara for the Year 2024-25. | 16,07,300=00 | 32,200=00 | 5,000=00 | 45दिन |
| 6. | Construction of 500 ft. P.C.C. Road at Main Road down to Harijan tola Block- Narayanpur, Panchayat-Chandadih Lakhanpur, Village-Chandadih Lakhanpur Distt. Jamtara for the Year 2024-25. | 13,39,400=00 | 26,800=00 | 2,500=00 | 45दिन |
| 7. | Construction of 300 ft. P.C.C. Road at Main Road down to Harijan tola Block- Narayanpur, Panchayat-Pabiya, Village-Pabiya Distt. Jamtara for the Year 2024-25. | 8,03,640=00 | 16,100=00 | 1,250=00 | 01माह |
| 8. | Construction of 900 ft. P.C.C. Road at Bagdhara to Kolpada Block- Jamtara, Panchayat- Bagdhara, Village-Bagdhara Distt. Jamtara for the Year 2024-25. | 24,10,900=00 | 48,300=00 | 5,000=00 | 02माह |
| 9. | Construction of 500 ft. P.C.C. Road at Shiv Mandir to Barakar nadi Ghat Block- Narayanpur, Panchayat-Karamdaha, Village-Karamdaha Distt. Jamtara for the Year 2024-25. | 13,39,400=00 | 26,800=00 | 2,500=00 | 45दिन |
| 10. | Construction of 900 ft. P.C.C. Road at State Highway to Anguthiya Block- Fatehpur, Panchayat- Angiya Sarmundi, Village-Anguthiya Distt. Jamtara for the Year 2024-25. | 24,10,900=00 | 48,300=00 | 5,000=00 | 02माह |
| 11. | Construction of 900 ft. P.C.C. Road (No.01) at State Highway Police Station to CHC Hospital and Kasturba Fatehpur School Block- Fatehpur, Panchayat-Fatehpur, Village-Fatehpur Distt. Jamtara for the Year 2024-25. | 24,10,900=00 | 48,300=00 | 5,000=00 | 02माह |
| 12. | Construction of 900 ft. P.C.C. Road at Sidhu Kanhn mela Dangal Block- Fatehpur, Panchayat- Asanbedia, Village-Borabad Distt. Jamtara for the Year 2024-25. | 24,10,900=00 | 48,300=00 | 5,000=00 | 02माह |
| 13. | Construction of 675 ft. P.C.C. Road at Adivasi upar tola Block- Nala, Panchayat- Dalabad, Village-Dadar Distt. Jamtara for the Year 2024-25. | 18,08,200=00 | 36,200=00 | 5,000=00 | 45दिन |
| 14. | Construction of 350 ft. P.C.C. Road at Adivasi tola Block- Fatehpur, Panchayat- Simaldubi, Village-Jolai Distt. Jamtara for the Year 2024-25. | 9,37,600=00 | 18,800=00 | 1,250=00 | 01माह |

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, जामताड़ा

PR 337079 (Building)24-25*D

# संपादकीय

## कोयलांचल संवाद

## फैक्ट्रियों में रोबोट्स का बढ़ता उपयोग रोजगार के लिए बड़ी चुनौती

आज के दौर में तकनीक जिस गति से आगे बढ़ रही है, वह अद्वितीय है। तकनीकि प्रमुख योगदान रोबोटिक्स ऑटोमेशन और एआई तकनीकी का है। वैश्विक उद्योगों में रोबोट उत्पादकता बढ़ा रहे हैं। परंपरागत कार्यक्षेत्रों को भी बदल रहे हैं। हाल ही में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, दुनियाभर की फैक्ट्रियों में रोबोट्स की संख्या 40 लाख के आंकड़े को पार कर चुकी है। पहली बार है, जब दुनिया भर के देशों में इतने बड़े पैमाने पर रोबोट्स का उपयोग किया जा रहा है। इस तरह के बदलाव से उद्योग जगत की तस्वीर मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में तेजी के साथ बदल रही है। उत्पादन की लागत कम हो रही है कंपनियों का मुनाफा बढ़ रहा है। महत्वपूर्ण बिंदु यह है, जहां फैक्ट्रियों में रोबोट्स की संख्या बढ़ रही है, वहीं श्रमिकों के लिए उत्पादन की तुलना में रोजगार के अवसर घटते जा रहे हैं। दुनिया के देशों में बेरोजगारी बढ़ रही है। भारत जैसे देश मे जहां परंपरागत उद्योगों, कृषि एवं अन्य क्षेत्रों में श्रमिकों की हमेशा से बड़ी भूमिका रही है। वर्तमान बदलाव के प्रति भारत जैसे देश को विशेष रूप से सतर्क होना पड़ेगा। भारतीय कारखानों में रोबोटिक्स की बढ़ती जा रही है। एक वर्ष में 59% की वृद्धि हुई है। अगले 3 वर्षों में 139 फ़ीसदी की दर से रोबोट बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। इससे स्पष्ट है, भारत भी इस वैश्विक बदलाव का हिस्सा बन रहा है। तकनीक का यह विकास अनिवार्य रूप से भारत के श्रमिक संसाधन और आबादी के लिये बड़ी चुनौती खड़ी कर रहा है। तेजी से होते ऑटोमेशन से भारत में रोजगार के अवसरों में कमी आएगी। भारत में अभी भी बेरोजगारी एक बहुत बड़ी समस्या है। भारत की सबसे बड़ी आबादी युवाओं की है। विशेषज्ञों का मानना है, कि ऑटोमेशन, रोबोटिक्स और एआई के बढ़ते उपयोग से पारंपरिक रोजगार के अवसर तेजी से कम होंगे, नई नौकरियों के जो अवसर खुलेंगे, वह बहुत कम होंगे। विशेष रूप से तकनीकी, शिक्षा और डिजिटल तकनीकी दक्षता के क्षेत्र में जो नए रोजगार के अवसर होंगे। वह इतने कम होंगे, जो भारत की आबादी के हिसाब से ऊंट के मुंह में जीरे के समान होंगे। दूसरी तरफ चीन जैसे देश तकनीकी दौड़ में सबसे आगे है। भारत का मुकाबला भी चीन के साथ है। चीन की आबादी कम हो रही है। भारत की आबादी बढ़ रही है। चीन को आबादी कम होने, उत्पादन लागत कम होने का लाभ सारी दुनिया में मिल रहा है। इस परिवर्तन को चीन ने आर्थिक संरचना का हिस्सा बना लिया है। चीन में 2.76 लाख से अधिक नए रोबोट्स लगाए गए हैं, जो वैश्विक संख्या का 51% है। जो देश तकनीकी क्रांति में आगे होंगे, वह अपने उद्योगों एवं आर्थिक विकास को उसी गति से आगे बढ़ा सकेंगे। भारत को समस्याओं के साथ समाधान भी निकलना होगा। भारत जैसे विकासशील देशों को इस दिशा में गंभीरता से सोचना होगा। इस तकनीकी युग में अपनी आर्थिक नीति और श्रम शक्ति को किस तरह से संतुलित बनाकर रखा जा सकता है। ऑटोमेशन से उत्पन्न होने वाले नए अवसरों को मानव संसाधन के विकास और तकनीकी कौशल के बीच में समन्वय बनाते हुए आगे बढ़ सकें। रोबोटिक्स, एआई और ऑटोमेशन के बढ़ते प्रभाव को नकारा नहीं जा सकता है। बदलते हुए परिवेश के अनुकूल हमें अपनी नीतियां बनानी होंगी। रोजगार के पारंपरिक तौर तरीकों पर नकारात्मक प्रभाव न हो। इसका ध्यान रखना होगा। भारत के मानव संसाधन को नई तकनीकी के साथ तालमेल करते हुए दुनिया के आर्थिक एवं सामाजिक विकास में कदमताल करते हुए आगे बढ़ना होगा। जिस तेजी के साथ मानव सभ्यता में तकनीकी का प्रवेश बड़े पेमाने पर हो रहा है। ऐसी अवस्था में समन्वय बनाने की जरूरत है। सरकार की जिम्मेदारी है, समय रहते भारत के मानव संसाधन को तकनीकि विकास से जोड़ते हुए आर्थिक एवं सामाजिक विकास की इस दौड़ में शामिल भारत की सबसे बड़ी युवा आबादी है। उसका उपयोग वैश्विक स्तर पर किया जाए। इसकी तैयारी करना होगी। दुनिया के कई देशों के पास मानव ससाधन की भारी कमी है। हमें इसका ध्यान रखना होगा।

## पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार के बढ़ते अवसर

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**27 सितम्बर विश्व पर्यटन दिवस पर विशेष**

संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (यूएनडब्ल्यूटीओ) ने विश्व पर्यटन दिवस की स्थापना की। 1980 से हर साल 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस मनाया जाता है। इसी दिन यूनाइटेड नेशंस वर्ल्ड टूरिज्म ऑर्गनाइजेशन के कानूनों को अपनाया गया था। विश्व पर्यटन दिवस 2024 की थीम पर्यटन और शांति है। इस थीम का उद्देश्य है कि पर्यटन समुदायों को बदल सकता है। रोजगार पैदा कर सकता है। समावेश को बढ़ावा दे सकता है और स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत कर सकता है। देश के लिए बहुमूल्य विदेशी मुद्रा की कमाई करने में पर्यटन उद्योग का अच्छा खासा महत्व है। पर्यटन जिसे चिमनी विभिन्न उद्योग के नाम से भी जाना जाता हैं। आज भी लाखों लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध करा रहा है। भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में से है जहां कलात्मक, धार्मिक और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर दर्शनीय स्थलों एवं कृतियों की कमी नहीं है। यही कारण है कि हजारों मील दूर रहने वाले विदेशी लोग भी पर्यटन के लिए यहां आने का लोभ छोड़ नहीं पाते हैं। यही नहीं देशी पर्यटक भी बड़ी तादाद में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक फैले देश के विभिन्न पर्यटन केंद्रों पर देखे जा सकते हैं। भारत में पर्यटन सबसे बड़ा सेवा उद्योग है। जहां इसका राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में 6.23 प्रतिशत और भारत के कुल रोजगार में 8.78 प्रतिशत योगदान है। भारत में वार्षिक तौर पर 50 लाख विदेशी पर्यटकों का आगमन और 56 करोड़ घरेलू पर्यटकों द्वारा भ्रमण परिलक्षित होता है। विश्व पर्यटन दिवस एक वार्षिक आयोजन है। जिसका उद्देश्य वैश्विक उद्योग के रूप में पर्यटन के महत्व तथा इसके सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक प्रभाव के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है। विशेषज्ञों द्वारा संभावना जताई जा रही है कि आगामी दस वर्षों में पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था में भारत का स्थान विश्व में तीसरा हो जाएगा। देश में इस दौरान लगभग एक करोड़ नये रोजगाार का इस क्षेत्र में सृजन होने की उम्मीद है। वर्ल्ड ट्रेवल एंड टूरिज्म कौंसिल द्वारा जारी रिपोर्ट में इस आशय की संभावनाओं की ओर इशारा किया गया है। अभी देश में लगभग चार करोड़ लोग टूर एंड टूरिज्म इंडस्ट्री के माध्यम से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष तौर पर आजीविका हासिल कर रहे हैं। देश की अर्थव्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर नजर रखने वाले अर्थशास्त्रियों और नीति निर्धारकों ने लगभग एकमत से स्वीकार किया है कि देश में उपलब्ध पर्यटन क्षमता का समुचित रूप से इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। इस दिशा में अधिक प्रभावी व कारगर कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। इसी नीति के तहत विभिन्न पर्यटन केंद्रों को प्रमुख छोटे-बड़े शहरों से जोड़ने के लिए दूरसंचार, सड़क और वायु परिवहन की अधिकाधिक सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भारी निवेश की व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा परंपरागत पर्यटक केंद्रों के आसपास बुनियादी सुविधाएं व नए पर्यटन केंद्रों को विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है। इस पूरे परिदृश्य से स्पष्ट होता है कि आगामी वर्षों में पर्यटन प्रबंधन तथा पर्यटक से जुड़े अन्य क्षेत्रों के विशेषज्ञों की बड़ी संख्या में मांग होगी। यह अवसर सरकारी से ज्यादा निजी क्षेत्रों में होने की अधिक संभावना जताई जा रही है। पर्यटन प्रबंधन डिप्लोमा धारी व्यक्तियों के पर्यटक सूचना केंद्रों, ट्रैवल एजेंसी, होटल समूहो, विभिन्न हवाई कंपनियों के कार्यालयों टूर ऑपरेटर कंपनियों पर्यटन से जुड़ी पत्र-पत्रिकाओं, पर्यटक गाइड आदि में क्षेत्रों में काम करने का मौका अपेक्षाकृत आसानी से मिल सकता है। इस क्षेत्र में महिला कर्मियों की मांग भी तेजी से बढ़ने की पूरी संभावना है। पर्यटन प्रबंधन डिप्लोमा डिग्री धारी महिलाओं को विशेष रूप से उन पदों पर नियुक्ति के समय वरीयता दी जाती है जहां स्वागत करना या सूचना उपलब्ध कराने जैसे काम होते हैं। इसके पीछे तर्क दिया जाता है कि महिलाएं पुरुषों के मुकाबले कहीं अधिक सौम्य व मृदुभाषी होती है। वे नवागंतुक पर्यटक को आसानी से बातें समझा सकती है। टूरिस्ट गाइड के रूप में काम करने के अवसर इस क्षेत्र में संख्या की दृष्टि से सर्वाधिक कहे जा सकते हैं। कुछ वर्षों तक पर्यटन क्षेत्र के विभिन्न पहलुओं का अनुभव हासिल करने के बाद पर्यटन प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थानों और विश्वविद्यालयों के पर्यटन शिक्षा में अध्यापन भी किया जा सकता है। देश में पर्यटन से जुड़े लगभग सभी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम ग्रेजुएशन के बाद के स्तर के हैं। विश्वविद्यालयों में पर्यटन क्षेत्र के भावी विस्तार को भांपते हुए पर्यटन शिक्षा विभाग तेजी से विकसित हो रहे हैं। इनमें मास्टर आफ टूरिज्म एडमिनिस्ट्रेशन सरीखे स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

# गुरु गोबिन्द सिंह से प्रेरणा लें

**संजय गोस्वामी**

संत श्री गुरु गोबिन्द सिंहजी से आज के व्यक्ति प्रेरणा लें क्योंकि आज सभी अपने अपने के स्वार्थ में लगे हैं और सिखों पर विदेश में नेता प्रतिपक्ष गलत बयान देते जो उनके जाने बगैर ही भ्रामकता आ जाती है हमें गुरु से सीखना चाहिए मैं गलत हो सकता हूँ पर गुरु नहीं जैसा सभी को मालूम है श्री गुरूगोबिंद सिंहजी भारत के महान संत और योद्धा दोनों थे वे सभी के प्रति दया के सागर थे क्योंकि जब चमकोर की लड़ाई में मात्र 40 सिख वजीर खान के 10लाख सैनिकों से लड़ रहें थे तब गुरूजी ने पांच पांच की टुकड़ी बनाई और जब उनका पुत्र साहिब अजित सिंह दुश्मन से लड़ने जा रहें थे तभी एक सेवादार ने कहा कि गुरूजी ऐ आपका पुत्र है इसे ना भेजें तभी श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी ने कहा क्या आप सब मेरे अपने नहीं हो, गुरू गोबिंद सिंह सिक्खों के दसवें गुरु थे। वे एक महान् शूरवीर और तेजस्वी थे। उन्होंने मुगलों के अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाई थी और ' सत श्री अकाल ' का नारा दिया था। उन्होंने कायरों को वीर और वीरों को सिंह बना दिया था। काल का अवतार बनकर उन्होंने शत्रुओं के छक्के छुड़ा दिए थे। इस तरह उन्होंने धर्म, जाति और राष्ट्र को नया जीवन दिया था।गुरु जी का जन्म- गुरु गोबिन्द सिंह जी का जन्म 22 दिसम्बर, सन् 1666 ई० को पटना में हुआ। इनका बचपन का नाम गोबिन्द राय रखा गया। इनके पिता नौवें गुरु श्री तेरा बहादुर जी कुछ समय बाद पंजाब लौट आए थे। परन्तु यह अपनी माता गुजरी जी के साथ आठ साल तक पटना में ही रहे। तीव्र बुद्धि- गोबिन्द राय बचपन से ही स्वाभिमानी और शूरवीर थे। घुड़सवारी करना, हथियार चलाना, साथियों की दो टोलियां बनाकर युद्ध करना तथा शत्रु को जीतने के खेल खेलते थे। वे खेल में अपने साथियों का नेतृत्व करते थे। उनकी बुद्धि बहुत तेज थी। उन्होंने आसानी से हिन्दी, संस्कृत और फारसी भाषा का अच्छा ज्ञान प्राप्त कर लिया था। को बलिदान के लिए प्रेरित करना- उन दिनों औरंगजेब के अत्याचार जोरों पर थे। वह तलवार के जोर से हिन्दुओं को मुसलमान बना रहा था। कश्मीर में भी हिन्दुओं को जबरदस्ती मुसलमान बनाया जा रहा था। भयभीत कश्मीरी ब्राह्मण गुरु तेग बहादुर जी के पास आए। उन्होंने गुरु जी से हिन्दु धर्म की रक्षा के लिए प्रार्थना की। गुरु तेग बहादुर जी ने कहा कि इस समय किसी महापुरुष के बलिदान की आवश्यकता है। पास बैठे बालक गोबिन्द राय ने कहा-पिता जी, आप से बढ़कर महापुरुष और कौन हो सकता है।" तब गुरु तेग बहादुर जी ने- बलिदान देने का निश्चय कर लिया। वे हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए दिल्ली पहुँच गए और वहाँ धर्म की रक्षा के लिए अपना बलिदान दे दिया और गुरु तेग बहादुर जी को उनके शहीदी पर उन्हें हिन्द का चादर भी कहा जाता है क्योंकि वे कश्मिरी पंडीतों की रक्षा यानि हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए बलिदान दिया और उनके साथ दो अन्य शिष्यों ने भी बलिदान दिया जो सचमुच जुल्म के खिलाफ एक मिशाल कायम की। पिता जी की शहीदी के बाद धर्म की रक्षाके लिए गोबिन्द राय 11 नवम्बर, 1675 ई० को गुरु गद्दी पर बैठे। उन्होंने औरंगजेब के अत्याचारों के विरुद्ध आवाज उठाई और हिन्दू धर्म की रक्षा का बीड़ा उठाया। उन्होंने गुरु परम्परा को बदल दिया। अब वे मसन्दों और अपने सेवकों से राजाओं की साज-सज्जा और युद्ध के सामान भेंट में लेने लगे। वे अपने शिष्यों को सैनिक-शिक्षा देते थे।खालसा पंथ की स्थापना- सन् 1699 में वैशाखी के दिन गुरु गोबिन्द राय जी ने आनन्दपुर साहिब में दरबार सजाया। भरी सभा में उन्होंने बलिदान के लिए पाँच सिरों की मांग की। गुरु की यह माँग सुनकर सारी सभा में सन्नाटा छा गया। फिर एक-एक करके पाँच व्यक्ति अपना बलिदान देने के लिए आगे आए। गुरु जी एक-एक करके उन्हें तम्बू में ले जाते रहे। इस प्रकार उन्होंने पाँच प्यारों का चुनाव किया। फिर उन्हें अमृत छकाया और .स्वयं भी उनसे अमृत छका। इस तरह उन्होंने अन्याय और अत्याचार का विरोध करने के लिए खालसा पंथ की स्थापना की। उन्होंने अपना नाम गोबिंद राय से गोबिन्द सिंह रख लिया।पहाड़ी राजाओं से युद्ध- गुरु जी की बढ़ती हुई सैनिक शक्ति को देखकर कई पहाड़ी राजे उनके शत्रु .बन गए। पाऊंटा दुर्ग के पास भंगानी के स्थान पर फतेह शाह ने गुरु जी पर आक्रमण कर दिया। सिक्ख बड़ी वीरता से लड़े। अन्त में गुरु जी विजयी रहै।नादौन का युद्ध- जम्पू के सूबेदार मियाँ खाँ ने अपने सेनापति आलिफ खां को पहाड़ी राजा भीमचन्द से कर (टैक्स) लेने के लिए भेजा,कर देने से इकार करने पर आलिफ खाँ ने भीमचन्द पर हमला कर दिया। गुरु जी भीमचन्द की सहायता के लिए पहुंचे। आलिफ खां युद्ध में मारा गया। इसे नादौन का युद्ध कहते हैं आनन्दपुर छोड़ना- औरंगजेब ने गुरु जी की शक्ति समाप्त करने का निश्चय किया। उन्हें लाहौर और सरहिन्द के सूबेदारों को गुरु जी पर आक्रमण करने का हुक्म दिया। पहाड़ी राजा मुगलों के साथ मिल गए, उन सबने कई महीनों तक आनन्दपुर को घेरे रखा। सिक्ख इस लड़ाई से तंग आ चुके थे। औरंगजेब ने गुरु जी को पत्र लिखा किइ वे दुर्ग छोड़ दुंए उन्हें कोई हानि नहीं पहुँचाई जाएगी। गुरु जी ने किला छोड़ दिया पर शत्रु सेना ने विश्वासघात किया। उसने गुरु जी पर आक्रमण कर दिया। गुरु जी को काफी हानि उठानी पड़ी।चमकौर का युद्ध तथा चारों पुत्रों का बलिदान- मुगल सेना से लड़ते-लड़ते गुरु जी चमकौर जा पहुंचे। वहाँ उन्होंने अपने एक जाट शिष्य की हवेली को ही किला बना लिया। चमकौर के युद्ध में गुरु जी के दोनों बड़े साहिबजादे, अजीत सिंह और जुझार सिंह शत्रुओं से लोहा लेते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। उनके दोनों छोटे साहिबजादा जोरोतर सिंह उस समय जब उनके पुत्र चमकौर के युद्ध में आंधी तुफान व तेज बारिश में नदी पार नहीं कर पाए और फतेह सिंह को सरहिन्द के सूबेदार ने पकड़ कर जीवित ही दीवार में चिनवा दिया।"गुरु गोविंद सिंह जी ने सभी को मानव की सेवा करने का उपदेश दिया जिसका एकमात्र लक्ष्य है सत्य की राह पर चलना व मानव जीवन में दुःख को दुर करना इसलिए उन्होंने कहा है कि सत्य को स्वीकार कर अपने जीवन में हमेशा मानवता की सेवा को समर्पित किया जाए असत्य के रास्ते लालच व मोह के कारण क्रोध कर न किसी को डराने-धमकाने का काम करना चाहिए न ही किसी सही मनुष्य को अपने सत्यता को लेकर डरना चाहिए उन्होंने सभी धर्मों को सच्चा माना व ईश्वर एक है और उसमें रमने से नहीं बल्कि अच्छे कर्म करें सेवा की भावना रखते हुए सभी समाज के अंदर सत्य को जानने की कोशिश करें व अपनाने का संकल्प लें सत्य में हो सकता है आनन्द नहीं होता है लेकिन बाद में उसी की जीत निश्चित है और गुरु का प्रकाश से उनके आसपास के लोगों पर भी साकारात्मक ऊर्जा मिलती है उन्होंने औरंगजेब को भेजें जफरनामा में लिखा है कि औरंगज़ेब तुझे कुरान का ज्ञान ही नहीं तुम्हारी अवादत क्षुठी है तुम्हें कुरान का जरा भी ज्ञान नहीं है ज़फ़रनामा अर्थात विजय पत्र गुरु गोविंद सिंह द्वारा मुग़ल शासक औरंगज़ेब को लिखा गया था। ज़फ़रनामा, दसम ग्रंथ का एक भाग है और इसकी भाषा फ़ारसी है। भारत के गौरवमयी इतिहास में दो पत्र विश्वविख्यात हुए। पहला पत्र छत्रपति शिवाजी द्वारा राजा जयसिंह को लिखा गया तथा दूसरा पत्र गुरु गोविन्द सिंह द्वारा शासक औरंगज़ेब को लिखा गया, जिसे ज़फ़रनामा अर्थात विजय पत्र कहते हैं।

# भारतीय संस्कृति विश्व की अनमोल विरासतः राज्यपाल रामेन डेका

**योगेश कुमार गोयल**

विदेशों में राष्ट्रदूत के रूप में भारत का मान बढ़ा रहे हैं भारतवंशीः प्रधानमंत्री गुरुग्राम स्थित भारत अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक केंद्र, भारतीय संस्कृति को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका चाणक्य वार्ता, बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, केंद्रीय विश्वविद्यालय ओडिशा, डा. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर और हंसराज कालेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीनदिवसीय श्रीमती कांतिदेवी जैन स्मृति अंतर्राष्ट्रीय व्याख्यानमाला के पंचम संस्करण का 'भारतवंशी संस्कृति' विषय के तहत 21 से 23 सितंबर तक आयोजन किया गया। इस व्याख्यानमाला के लिए भेजे अपने विशेष संदेश में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, ''व्याख्यानमाला का विषय 'भारतवंशी संस्कृति' सराहनीय है। जब भी मैं किसी विदेशी दौरे पर जाता हूं तो मेरा यह प्रयास रहता है कि वहां रह रहे अपने देश से जुड़े लोगों से अवश्य मिल सकूं। उनसे मिलकर मैंने महसूस किया कि भारतवंशी विश्व के किसी भी हिस्से में हों, उनका अपनी संस्कृति व संस्कारों से गहरा जुड़ाव है। विदेशों में हमारे भारतवंशी साथी देश के राष्ट्रदूत के रूप में अपनी प्रतिभा, लगन और परिश्रम से एक अलग पहचान बनाते हुए भारत का मान बढ़ा रहे हैं। वह अपनी मातृभूमि की उपलब्धियों पर सीना तानकर, सिर ऊंचा करके गर्व करते हैं। अमृत काल में हम एक भव्य एवं विकसित भारत के निर्माण की दिशा में अग्रसर हैं। अवसरों से भरे इस कर्तव्य काल में हर भारतवंशी का प्रयास राष्ट्र को प्रगति की नई ऊंचाईयों पर पहुंचाने में योगदान देगा। मुझे विश्वास है कि श्रीमती कांतिदेवी जैन स्मृति न्यास नई दिल्ली, पाक्षिक पत्रिका चाणक्य वार्ता और दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस व्याख्यानमाला में लोगों को 'भारतवंशी संस्कृति' से जुड़े विभिन्न पहलुओं को जानने का अवसर मिलेगा।'' व्याख्यानमाला के मुख्य अतिथि छतीसगढ़ के राज्यपाल रामेन डेका ने इस व्याख्यानमाला के आयोजन में पिछले पांच वर्षों से देश-विदेश से जुड़ने वाले हजारों वरिष्ठजनों, बुद्धिजीवियों, विद्वानों और आयोजक डा. अमित जैन का अभिनंदन करते हुए कहा, ''यह मेरा परम सौभाग्य है कि मुझे इस आयोजन से जुड़ने का मौका मिला। व्याख्यानमाला का विषय 'भारतवंशी संस्कृति' सुनकर हमारा सीना गर्व से भर जाता है क्योंकि भारतवंशी जहां-जहां भी गए, वहां-वहां अपनी भाषा, अपना ज्ञान, अपनी संस्कृति लेकर गए और वहां अपना विशिष्ट स्थान बनाया। उन्होंने अफ्रीका, यूरोप, अमेरिका आदि देशों में जाकर भारतीय त्यौहार, संगीत व भारतीय मूल्यों को बनाए रखा। भारतीय संस्कृति विश्व की अनमोल विरासत है, जिसका पूरी दुनिया में प्रसार-प्रचार हो रहा है। भारतवंशियों ने फिजी, मॉरीशस, ब्रिटेन, अमेरिका आदि देशों में राजनीतिक, व्यवसायिक और आईटी क्षेत्रों में अपनी मेहनत, संघर्ष और भारतीय संस्कृति के बल पर अपना परचम लहराया है। भारत के वसुधैव कुटुम्बकम के संदेश को देश-विदेश ने अपनाया है और भारतवंशियों ने भारतीय मूल्यों और संस्कृति को पूरी तरह संजोकर रखा है। भारतवंशी हर परीक्षा में खरे उतर रहे हैं। भारतीय संस्कृति न केवल हमारी पहचान है बल्कि यह हमारी धरोहर भी है, इसे संजोकर रखना है ताकि अगली पीढ़ी भारत की सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ी रहे।'' व्याख्यानमाला की अध्यक्षता करते हुए केंद्रीय विश्वविद्यालय ओडिशा के कुलपति प्रो चक्रधर त्रिपाठी ने कहा, ''कोरापोट (उड़ीसा) में जहां हमारा विश्वविद्यालय है, वह विश्व का ऐसा स्थान है, जहां सबसे पहले धान की खेती हुई और वह भी बिना रासायनिक खाद के। यहां आदिवासी क्षेत्र है और केवल दो प्रतिशत महिलाएं ही शिक्षित हैं लेकिन लोग सामूहिक और सामाजिक रूप से मिलकर खेती करते हैं तथा हिन्दू संस्कृति के मूलमंत्र, पंचतंत्र की पूजा करते हैं।'' अमेरिका से जुड़ी डिजिटल क्रियेटर डा. निरुपमा गुप्ता का कहना था कि हम भाग्यशाली हैं कि हम भारत में पैदा हुए। उन्होंने कहा कि सोने की चिड़िया भारत की संस्कृति को ब्रिटिश से आई ईस्ट इंडिया कंपनी ने नष्ट करने की कोशिश की। उससे पहले भारत में विदेशों से अनेक विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने आते थे, जिनमें ब्रिटिश राज के बाद कमी आ गई। अमेरिका में बच्चा पैदा होने के 24 घंटे बाद ही उसे मां-बाप से अलग सुला दिया जाता है जबकि मेरे भारत में उसे तब तक अलग नहीं सुलाया जाता, जब तक वह बड़ा नहीं हो जाता। डा. निरुपमा का कहना था कि भारतीय संस्कृति से अमेरिकी संस्कृति काफी प्रभावित है। वे हमें साड़ी पहने देखकर बहुत खुश होते हैं। व्याख्यानमाला में जर्मनी की ट्यूबिंगन यूनिवर्सिटी के दिव्यराज अमिय ने कहा, ''भारतवंशियों ने जर्मनी में आकर भी सारे त्योहार मनाकर उल्लास की भरपाई कर दी है। यही नहीं, जर्मनी की भाषा में एक नहीं बल्कि अनेकों शब्द ऐसे है, जो भारतीय भाषाओं से लिए गए हैं और दैनिक दिनचर्या में उपयोग किए जाते हैं। मीठी चीजों के नाम भी भारत से ही लिए गए हैं। यहां होली, दीवाली, रक्षाबंधन सभी भारतीय त्योहार मनाए जाते हैं लेकिन होली को मंच सजाकर मनाया जाता हैं। भारत में होली के दो-तीन महीने बाद यहां होली मनाई जाती है क्योंकि जिन दिनों भारत में होली का पर्व होता है, उस समय यहां काफी ठंड होती है।'' तीनदिवसीय व्याख्यानमाला में छतीसगढ़ के राज्यपाल रामेन डेका, राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, पूर्व राज्यसभा सदस्य डा. कर्ण सिंह, राज्यसभा के पूर्व महासचिव तथा पूर्व रक्षा सचिव डा. योगेंद्र नारायण, केंद्रीय विश्वविद्यालय ओडिशा के कुलपति प्रो चक्रधर त्रिपाठी सहित देश-विदेश के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने अपने बहुमूल्य विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में ओडिशी नृत्यांगना गुरु शुभदा वराडकर, आरपी तोमर, हेमंत उपाध्याय, धीरेन बारोट, सारांश कनौजिया, गौरव कुमार, देवेंद्र कुमार, रूपम कुमारी, डा. छाया भदौरिया, शुभ्रांशु दाम, अभिनव कुमार पांडेय, ईश्वर करुण, विद्यावती, डा. अमर सिंघल, अजय नागर, उमा पाटिल, डा. गीता कुमारी, अमित गुप्ता, उमेश शुक्ला, डा. चंद्रशेखर, मंजू मानस, डा. योगेश शर्मा, जगवीर सिंह नरवाना आदि ने विशेष रूप से प्रतिभागिता की।

# पर्यटन से पनपती है शांति एवं मुस्कान की संभावनाएं

**ललित गर्ग**

**विश्व पर्यटन दिवस पर विशेष**



विश्व पर्यटन दिवस दुनियाभर में पर्यटन के महत्व और इसके सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक प्रभाव को उजागर करने के लिए मनाया जाता है। हर साल 27 सितंबर को आयोजित होने वाला यह दिन अंतरराष्ट्रीय एकता, शांति, सौहार्द और आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा देने में पर्यटन की शक्ति की ओर वैश्विक ध्यान आकर्षित करता है। इस दिवस की 2024 की थीम है 'पर्यटन और शांति।' दुनिया में शांति एवं अयुद्ध को बढ़ावा देने में पर्यटन की भूमिका महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह अंतर-सांस्कृतिक बातचीत को प्रोत्साहित करता है। लोग जितना अधिक यात्रा करते हैं, उतना ही वे विविध संस्कृतियों का अनुभव करते हैं, जिससे अधिक सहिष्णुता और समझ विकसित होती है, एक दूसरे के नजदीक आने का अवसर मिलता है। इससे शांति, अमन एवं सौहार्द का वातावरण निर्मित होता है। पर्यटन बाधाओं को तोड़ सकता है और राष्ट्रों के बीच स्थायी बंधन बना सकता है। यह रोजगार प्रदान करके और स्थायी प्रथाओं को बढ़ावा देकर स्थानीय समुदायों को ऊपर उठाने में भी मदद करता है, इस प्रकार क्षेत्रों की दीर्घकालिक शांति और समृद्धि में योगदान देता है।

पर्यटन न केवल एक आर्थिक चालक है, बल्कि एक अधिक समावेशी और शांतिपूर्ण दुनिया बनाने का एक साधन भी है। पर्यटन क्षेत्र वैश्विक अर्थव्यवस्था को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा देता है और लाखों नौकरियाँ प्रदान करता है। यह स्थानीय व्यवसायों का समर्थन करता है और सामुदायिक बुनियादी ढाँचे में निवेश को प्रोत्साहित करता है। पर्यटन लोगों को अपनी संस्कृतियों, परंपराओं और ज्ञान को साझा करने का अवसर देता है। यह आदान-प्रदान सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और विविध समुदायों के बीच सम्मान, सौहार्द, सद्भावना और समझ को बढ़ावा देने में मदद करता है। संधारणीय पर्यटन प्रथाएँ यात्रियों को पर्यावरण की रक्षा करने और जिम्मेदारी से यात्रा करने के लिए प्रोत्साहित करती हैं। इससे पारिस्थितिकी मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलती है और हमारे ग्रह की बेहतर देखभाल को बढ़ावा मिलता है। पर्यटन से स्थानीय क्षेत्रों में बेहतर सुविधाएँ और सेवाएँ मिल सकती हैं, जिससे आगंतुकों और निवासियों दोनों को लाभ होगा। यह विकास स्थानीय समुदायों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ा सकता है। भारत में पर्यटन उद्योग ने हाल के वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि दिखाई है। पर्यटन क्षेत्र द्वारा 2024 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 21.15 ट्रिलियन रुपये (लगभग 253 बिलियन डॉलर) जोड़ने का अनुमान है, जो पिछले वर्षों की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है। भारत विश्व स्तर पर पाँचवाँ सबसे बड़ा यात्रा और पर्यटन बाज़ार बनने के लिए तैयार है, जिसका अनुमान है कि 2027 तक आउटबाउंड पर्यटन व्यय 89 बिलियन डॉलर तक पहुँच जाएगा, जो 2019 में 38 बिलियन डॉलर था। भारत असंख्य पर्यटन अनुभवों और मोहक स्थलों का देश है। चाहे भव्य स्मारक हों, प्राचीन मंदिर या मकबरे हों, नदी-झरने, प्राकृतिक मनोरम स्थल हो, इसके चमकीले रंगों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रौद्योगिकी से चलने वाले इसके वर्तमान से अटूट संबंध है। केरल, शिमला, गोवा, आगरा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, मथुरा, काशी जैसी जगहें तो अपने विदेशी पर्यटकों के लिए हमेशा चर्चा में रहती हैं। भारत में अपने लोगों के साथ लाखों विदेशी लोग प्रतिवर्ष भारत घूमने आते हैं। भारत में पर्यटन की उपयुक्त क्षमता है। यहां सभी प्रकार के पर्यटकों को चाहे वे साहसिक यात्रा पर हों, सांस्कृतिक यात्रा पर या वह तीर्थयात्रा करने आए हों या खूबसूरत समुद्री-तटों की यात्रा पर निकले हों, सबके लिए खूबसूरत जगहें हैं। दिल्ली, मुंबई, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, दक्षिण भारत के अनेक राज्यों में तो लोगों को घूमते-घूमते महीना बीत जाते हैं।

2024 के लिए, इतिहास, संस्कृति और लुभावने परिदृश्यों से समृद्ध देश जॉर्जिया विश्व पर्यटन दिवस की मेजबानी करेगा। जॉर्जिया पूर्वी यूरोप और पश्चिमी एशिया के चौराहे पर स्थित है, जो संस्कृतियों का एक अनूठा मिश्रण पेश करता है। यह अपने प्राचीन चर्चों, वाइन क्षेत्रों और आश्चर्यजनक पर्वत श्रृंखलाओं के लिए प्रसिद्ध है। जॉर्जिया का पर्यटन क्षेत्र तेज़ी से बढ़ रहा है, जिससे लाखों अंतरराष्ट्रीय पर्यटक आकर्षित हो रहे हैं। अपने खूबसूरत नज़ारों के साथ, जॉर्जिया यह दिखाने के लिए एकदम सही जगह है कि पर्यटन किस तरह शांति और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देता है। पर्यटन का महत्व और पर्यटन की लोकप्रियता को देखते हुए ही संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1980 से 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस के तौर पर मनाने का निर्णय लिया। पर्यटन दिवस को वैश्विक पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयास हेतु मील के पत्थर के रूप में देखा जाता है एवं इस दिवस को मनाने का उद्देश्य विश्व में इस बात को प्रसारित तथा जागरूकता फैलाने के लिए हैं कि किस प्रकार पर्यटन वैश्विक रूप से, सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक तथा आर्थिक मूल्यों को तथा आपसी समझ बढ़ाने में सहायता कर सकता है। हर व्यक्ति किसी-ना-किसी परेशानी से घिरा हुआ है, भय और जीवनसंकट के इस दौर में ऐसा लगता है मानो खुशी एवं मुस्कान तो कहीं गुम हो गई है। बावजूद इन सबके हर व्यक्ति को अपने जीवन में कुछ समय ऐसा जरूर निकालना चाहिए जिसमें खुशी, शांति एवं प्रसन्नता के पल जीवंत हो सके, इसका सशक्त माध्यम है पर्यटन। पर्यटन सिर्फ हमारे जीवन में खुशियों के पलों को वापस लाने में ही मदद नहीं करेगा बल्कि यह किसी भी देश के सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का माध्यम भी बनेगा। कई देशों की अर्थव्यवस्था पर्यटन-उद्योग के इर्द-गिर्द घूमती रही है। यूरोपीय देश, तटीय अफ्रीकी देश, पूर्वी एशियाई देश, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और भारत आदि ऐसे देश हैं जहां पर पर्यटन उद्योग से प्राप्त आय वहां की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करता है। भारत जैसे देशों के लिए पर्यटन का खास महत्व है। देश की पुरातात्विक विरासत या सांस्कृतिक धरोहर केवल दार्शनिक, धार्मिक, सांस्कृतिक स्थल के लिए नहीं है बल्कि यह राजस्व प्राप्ति का भी स्रोत है। पर्यटन क्षेत्रों से कई लोगों की रोजी-रोटी भी जुड़ी है। आज भारत जैसे देशों को देखकर ही विश्व के लगभग सभी देशों में पुरानी और ऐतिहासिक इमारतों का संरक्षण, संवर्द्धन किया जाने लगा है।

भारत में प्राचीन समय से पर्यटन की व्यापक संभावनाएं एवं स्थितियां रही है, लेकिन एक समय ऐसा आया जब भारत के पर्यटन स्थल खतरे में नजर आने लगे और लगने लगा कि शायद अब भारत पर्यटक स्थल के नाम पर पर्यटकों की पहली पसंद नहीं रहेगा। दुनिया में आई आर्थिक मंदी और आतंकवाद के चलते ऐसा लगने लगा कि पर्यटक अब भारत का रुख करना पसंद नहीं करेंगे, पर ऐसा नहीं हुआ। भारत की सांस्कृतिक और प्राकृतिक सुन्दरता इतनी ज्यादा है कि पर्यटक ज्यादा समय तक यहां के सुन्दर नजारे देखने से दूर नहीं रह सके। यही वजह है कि भारत में विदेशी सैलानियों को आकर्षित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दूरगामी सोच से अनेक पर्यटन योजनाओं को लागू किया है। वे खुद भी पर्यटन को प्रोत्साहन देने को तत्पर रहते हैं, पिछले दिनों उनकी लक्षद्वीप की यात्रा एवं आम चुनाव के बाद कन्याकुमारी में विवेकानन्द आश्रम में एकान्त साधना से इन स्थलों के पर्यटन को अनायास ही प्रोत्साहन मिला। सरकार द्वारा विभिन्न शहरों के लिये अलग-अलग योजनाएं भी लागू की गयीं हैं। भारतीय पर्यटन विभाग ने 'अतुल्य भारत' नाम से अभियान चलाया था। इस अभियान का उद्देश्य भारतीय पर्यटन को वैश्विक मंच पर प्रोत्साहित करना था जो काफी हद तक सफल हुआ। देश के द्वार विदेशी सैलानियों के लिए खोलने का काम यदि सही और सटीक विपणन ने किया तो हवाई अड्डों से पर्यटन स्थलों के सीधे जुड़ाव ने पर्यटन क्षेत्र के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज सैलानी पर्यटन के लिहाज से सुदूर स्थलों की सैर भी आसानी से कर सकते हैं। सिमटती दूरियों के बीच लोग बाहरी दुनिया के बारे में भी जानने के उत्सुक रहते हैं। यही कारण है कि आज दुनिया में टूरिज्म एक फलता फूलता उद्योग बन चुका है।

# आदिवासी को धोखा देने वालों को जनता सिखायेगी सबक, झारखंड में खिलेगा कमल : पुष्कर सिंह धामी



जामताड़ा(ईएमएस)।उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को जामताड़ा के कुंडहित में आयोजित परिवर्तन सभा को संबोधित किया।उन्होंने कहा, इस बार झारखंड में कमल का फूल खिलने वाला है।झारखंड में अपार संपदा है।संथाल आदिवासियों की बेटी देश की प्रथम नागरिक बनी है, और यह केवल मोदी सरकार में ही संभव हो पाया है।मोदी सरकार आदिवासी समाज के लोगों को मुख्यधारा में लाने का काम कर रही है।भाजपा इस संकल्प के साथ कार्य करती है कि हर वर्ग का उत्थान हो और हर वर्ग को आगे बढ़ने का अवसर मिले।श्री धामी ने कहा कि तुष्टीकरण करने वाले, भाई-भतीजावाद को बढ़ावा देने वाले और भ्रष्टाचार में लिप्त जेएमएम,आरजेडी और कांग्रेस की यह गंठजोड़ सरकार झारखंड में चल रही है।ये लोग झारखंड की जनसांख्यिकी के साथ खिलवाड़ करने की साजिश रच रहे हैं।घुसपैठियों को आदिवासियों की जमीन, उनकी बेटियों और उनके आजीविका के साधनों को नष्ट करने की साजिश की जा रही है।आदिवासी बेटियों के साथ अन्याय हो रहा है।यह सरकार साजिशें रचकर आदिवासी समाज के साथ खिलवाड़ कर रही है।संथाल क्षेत्र में पहले आदिवासियों की जनसंख्या 44% थी, जो अब घटकर 28% रह गई है। आदिवासी युवाओं को भी धोखा दिया गया है। झारखंड में एक के बाद एक परीक्षाएं लीक हुई हैं, जिसका सबसे ज्यादा नुकसान गरीब युवाओं को हुआ है।भ्रष्ट सरकार पैसे लेकर पेपर बांटती है और गरीबों का हक छीनती है। यह सरकार जेल में रहकर आई है और अब भी जमानत पर है।भाजपा की सरकार आने पर ये सारी रिक्तियां भरी जाएंगी।

धामी ने कहा कि देश में लंबे समय तक कांग्रेस का शासन रहा है।

कांग्रेस ने 60 साल में सिर्फ अपनी तिजोरी भरने और भ्रष्टाचार को जन्म देने का काम किया है।पूरा परिवार घोटालों में लिप्त रहा है। यह सरकार दुर्गा पूजा के पंडालों को लगाने से रोकने की साजिश कर रही है। इसलिए, ऐसी सरकार को बदलनी जरूरी है।झारखंड में परिवर्तन आवश्यक है। घुसपैठियों को संरक्षण देने वाली इस सरकार को आने वाले समय में उखाड़ फेंकना है।झारखंड के विकास के बारे में सोचने वाली सरकार को लाना है। डबल इंजन की सरकार से झारखंड को आगे बढ़ाने का काम होगा।जहां-जहां डबल इंजन की सरकार है, वहां विकास तेजी से हो रहा है।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी और पुलिस नोडल पदाधिकारी ने जिला निर्वाचन पदाधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों के साथ की समीक्षा बैठक

रांची(ईएमएस)।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए तैयारियों को पदाधिकारी मूर्त रूप देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विगत लोकसभा चुनाव में विभिन्न माध्यमों से आए शिकायतों को संज्ञान में रखते हुए आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियां सुनिश्चित करें। आगामी विधानसभा चुनाव में सुरक्षा का सुदृढ़ प्रबंधन सुनिश्चित करें। वे गुरुवार को निर्वाचन सदन से लोकसभा निर्वाचन संबंधी मामलों एवं आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों से संबंधित विभिन्न विषयों पर सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों के साथ ऑनलाइन माध्यम से समीक्षा बैठक कर रहे थे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर से इस बात का सर्टिफिकेट अवश्य लें कि उनके क्षेत्र में मतदाता सूची में एक भी गलत विलोपन न हुआ हो। उन्होंने कहा कि निर्वाचन में जीरो रिस्क के साथ सभी सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ करने की तैयारी करें। सभी चेकपोस्टों पर वेब कास्टिंग सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन में सभी प्रवर्तन एजेंसियां सुदृढ़ता से इस बात को सुनिश्चित करेंगे की राज्य में कोई भी अवैध लेनदेन अथवा आवागमन न हो इसे कठोरता से प्रतिबंधित करें।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने इस अवसर पर एएसडी सूची, मतदाता सूची में गलत विलोपन, सुरक्षा प्रबंधन, अवैध सामग्रियों का आवागमन आदि विषयों पर बिंदुवार समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।इस अवसर पर राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ए वी होमकर, डीआईजी धनंजय कुमार सिंह, डीआईजी इंद्रजीत महथा, डीआईजी अश्विनी कुमार सिन्हा, ओएसडी गीता चौबे, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता सहित निर्वाचन से संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## डीसी की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

पलामू(ईएमएस)।उपायुत्त सह जिला दण्डाधिकारी शशि रंजन की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय के सभागार में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गयी।बैठक में डीएफओ,एसडीओ व अनुमंडल पदाधिकारी सभागार से जुड़े जबकि थाना प्रभारी व सीओ वर्चुअल मोड से जुड़े।बैठक में उपायुक्त ने बारी-बारी से सभी थाना और अंचल में की गयी करवाई की समीक्षा की,जिन थाना क्षेत्र में अवैध खनन से जुड़े कोई करवाई नहीं की पा गयी उस थाना प्रभारी और अंचल अधिकारी के विरूद्ध कारवाई करने का निदेश उपायुक्त द्वारा दिया गया।उपायुक्त ने सभी पत्थर खदानों की नापी करने का निर्देश जिला खनन पदाधिकारी को दिया गया।जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि एक माह मे 119 वाहनो को जप्त कर लगभग 86 लाख का फाइन वसूली के साथ साथ 100 से अधिक लोगो पर मुक़दमा दर्ज किया गया है।उनके द्वारा बताया सभी पथर खदानों का नापी करके 67 लाख से अधिक राशी की वसूली की गई है।उपायुक्त द्वारा खदानो का DGPS Survey करने का निर्देश दिया गया जिसमे जिला खनन पदाधिकारी सुनिल कुमार द्वारा बताया कि 27 पट्टो का डीजीपीएस सर्वे करा लिया गया है। उपायुक्त ने सभी टास्क फोर्स के सदस्यो को अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने के कड़े निर्देश दिये है साथ ही जिले के सभी कार्यपालक अभियंता को पत्र लिखकर खनिजो के स्रोत की जानकारी देने का निर्देश दिया गया है।

## झारखंड में तीसरी बार रची जा रही शराब घोटाले की साजिशः बाबूलाल मरांडी

रांची(ईएमएस)।बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शराब घोटाले पर बयान देकर सत्ता में गलियारों में सनसनी फैला दी है।उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि मैं फिर से जनता के सामने यह बात सार्वजनिक कर रहा हूं कि झारखंड में तीसरी बार शराब घोटाले की साजिश रची जा रही है।पिछली बार इसमें छत्तीसगढ़ के शराब माफिया शामिल थे।इस बार पंजाब और हरियाणा के शराब माफियाओं को लाने की योजना बन रही है। इस घोटाले की पटकथा भी बिरसा मुंडा जेल से लिखी जा रही है।बाबूलाल मरांडी ने आगे लिखा है कि घोटालों,चोरी और धोखाधड़ी के लिए कुख्यात हेमंत सोरेन सरकार जाते-जाते एक बार फिर से बड़ा शराब घोटाला करने की तैयारी में हैं।पहले भी मैंने झारखंड में संभावित शराब घोटालों के बारे में चिंता व्यक्त की थी और मुख्यमंत्री जी को इस बारे में चेताया था, लेकिन उन्होंने नैतिकता को पूरी तरह नजरअंदाज कर हेरा-फेरी का रास्ता अपनाया।उन्होंने अपने पोस्ट में सीएम को लिखा पत्र भी अटैच किया है।बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि ज़्यादा से ज़्यादा धन कमाने की आदत से मजबूर हेमंत सोरेन लगातार तीसरी बार शराब नीति बदलकर चुनाव के लिए काला धन जुटाना चाहते हैं। इस बार घोटाले का मुख्य मकसद चुनाव के लिए भारी फंड जुटाना और चुनाव के समय गांव-गांव में शराब बांटना है।जिस सरकार का कार्यकाल दो महीने बचा है वह अगले तीन साल के लिए शराब दुकान का ठेका परोक्ष रूप से पंजाब-हरियाणा वालों को सौंप कर मोटा काला धन वसूलना चाहती है।बीते 1 सितंबर को पत्र लिखकर मुख्यमंत्री को सुझाव दिया था कि गांव की गरीब आदिवासी महिलाएं, जो शराब बेचती हैं, उन्हें सरकारी शराब वितरण के माध्यम से जोड़ा जाए, लेकिन मुख्यमंत्री जी अपनी आदत से मजबूर हैं। सही ही कहा गया है कि चोर चोरी से जाए हेरा फेरी से न जाए।झारखंड की जनता को यह भी यक़ीन दिलाता हूं कि भाजपा की सरकार आने पर इस प्रस्तावित शराब नीति को रद्द किया जाएगा। छत्तीसगढ़, पंजाब, हरियाणा से आए हुए शराब माफ़िया एवं घोटाले में शामिल अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## बिजली विभाग का कारनामाःभेज दिया एक माह में चार लाख रुपए का बिजली बिल

धनबाद(ईएमएस)।बिजली विभाग के निरसा टू कंचनडीह कार्यालय ने मुगमा कापासारा के इंदिरा नगर निवासी राजेन्द्र कुमार सिंह को एक माह में चार लाख रुपए का बिजली बिल भेज दिया है।बिजली बिल देखकर गृहस्वामी परेशान है।इसकी शिकायत करने पर निरसा टू के बिजली विभाग के एसडीओ महेश प्रसाद ने कहा कि साफ्टवेयर में तकनीकी खराबी के कारण ऐसा हुआ है. इसमें सुधार कर लिया जाएगा।भुक्तभोगी राजेन्द्र सिंह ने बिजली विभाग के सहायक अभियंता से इसकी शिकायत की है। सहायक अभियंता ने आश्वस्त करते हुए सुधार का आश्वासन दिया है। कहा कि आवेदन दें, मामले की जांच की जाएगी। मंडल भाजपा अध्यक्ष सुरजीत चंद्रा ने कहा कि विभाग आउटसोर्सिंग पर नए युवकों को मीटर रीडिंग में लगा रखा है।इस कारण उपभोक्ताओं के साथ हमेशा बिजली बिल में गड़बड़ी की समस्या आ रही है।विभाग की मनमानी से उपभोक्ता परेशान हैं।

## सीसीएल में सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन

रामगढ़(ईएमएस)।गुरुवार को सीसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) पंकज कुमार के मार्गदर्शन में केंद्रीय अस्पताल रामगढ़ द्वारा सीसीएल में जारी सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सीएसआर विभाग के तत्वावधान में मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विसेज के सहयोग से इस शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन रोहित साथी, आईडीएसई एवं सीएमओ प्रभारी डॉ. भास्कर चक्रवर्ती ने किया।कार्यक्रम में सीसीएल के कर्मचारियों, श्रमिक संघ के सदस्यों और बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

इसमें 30 रक्तदाताओं की जांच की गई और 18 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जिसे जरूरतमंद मरीजों के इलाज के लिए उपयोग किया जाएगा।बता दें कि इस वर्ष के अभियान का थीम ईमानदारी की संस्कृति, राष्ट्र की समृद्धि के लिए है और यह अभियान 16 अगस्त से प्रारम्भ हो चुका है।

## मेदिनीनगर में पहली फुल हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी सफल,आयुष्मान कार्ड से निःशुल्क हुआ इलाज

पलामू(ईएमएस)।जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एमआरएमसीएच में गुरुवार की शाम को एमआरएमसीएच के इतिहास में पहली बार चंद्रमानी देवी नामक महिला का कूल्हा रिप्लेसमेंट किया गया।यह इलाज आयुष्मान योजना के तहत निशुल्क किया गया।सर्जरी के बाद मरीज की हालत में सुधार है।महिला पाठकपगार,पिपराटांड़ की रहने वाली है।जिले के उपायुक्त शशि रंजन के संज्ञान में जब यह मामला आया तो उन्होंने त्वरित मरीज का ऑपरेशन करने के निर्देश दिए।इसके बाद सिविल सर्जन डॉ अनिल ने सारी कागजी प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए बाहर से भी उपकरण जुटाने के




पश्चात विशेष डॉक्टरों की टीम बनाई जिसमें डॉ प्रवीण,दीपक,हरिओम व शस्मिता शामिल किये गये।सभी डॉक्टरों की टीम ने महिला का सफल ऑपरेशन किया।इसके पूर्व महिला का अस्पताल के तरफ से आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया। ऑपरेशन की सफलता में सहायक के रूप में नवीन,लव,दामोदर, प्रमिला,लीला व रीना का रहा विशेष योगदान।

संपूर्ण कुल्हा प्रत्यर्पण के सफल ऑपरेशन को पश्चात डीसी श्री रंजन ने डॉक्टरों की टीम को बधाई दी और कहा कि जिला प्रशासन अस्पताल को हर तरह की सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है।उन्होंने कहा कि डॉक्टरों ने एक शानदार काम किया है क्योंकि उन्होंने सीमित संसाधनों के साथ एक सफल ऑपरेशन किया है।हम जिला अस्पताल में अपनी सेवाओं को बढ़ाकर अपने सभी रोगियों को कक्षा उपचार में सर्वश्रेष्ठ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।उन्होंने कहा कि हम इस दिशा में कार्य कर रहे हैं कि भविष्य में इस तरह के ऑपरेशन हेतु जिले वासियों को बाहर न जाना पड़े।

## राज्यपाल ने दी झारखंड खनिज धारित भूमि उपकर विधेयक को मंजूरी

रांची(ईएमएस)।राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को झारखंड खनिज धारित भूमि उपकर विधेयक-2024 को मंजूरी दे दी है।विधानसभा के मॉनसून सत्र में यह विधेयक पारित हुआ था। इस विधेयक के तहत कोयला धारित भूमि पर 100 रुपए प्रति मीट्रिक टन, लौह अयस्क धारित भूमि पर 100 रुपए प्रति मीट्रिक टन, बॉक्साइट धारित भूमि पर 70 रुपए प्रति मीट्रिक टन, चूना पत्थर धारित भूमि पर 50 रुपए प्रति मीट्रिक टन, मैंगनीज अयस्क धारित भूमि पर 50 रुपए प्रति मीट्रिक टन और अन्य खनिज धारित भूमि पर प्रति टन खनिज के प्रेषण पर दी गई।खनिज भूमि पर सेस लगाने से राज्य सरकार को सालाना दो हजार करोड़ अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होगी। खनिज भूमि से मिली सेस की राशि स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, ग्रामीण आधारभूत संरचना, पेयजल,सामाजिक सुरक्षा सहित अन्य सेवाओं पर खर्च की जाएगी। सेस से मिलने वाली राशि की वसूली खान विभाग करेगा।वहीं सीसीएल, बीसीसीएल और ईसीएल पर राज्य सरकार का विभिन्न मदों में एक लाख 36 हजार 42 करोड़ रुपए बकाया है।इस राशि की प्राप्ति के लिए माडा, भू-राजस्व व खान विभाग जल्द ही केंद्र सरकार को पत्र लिखेगा।

# गैस एजेंसी के संचालक के घर डेढ़ लाख की डकैती



रांची(ईएमएस)।रांची जिले के मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के हेसालौंग स्थित संजीवनी भारत गैस सर्विसेज के वितरक भगवान सिंह के आवास पर गुरुवार को तड़के पांच हथियारबंद अपराधियों ने धावा बोला और डेढ़ लाख रुपए नकद समेत अन्य सामान की डकैती कर फरार हो गए।अपराधी जाते-जाते सीसीटीवी के डीवीआर साथ ले गए।इस घटना के बाद इलाके के लोग सकते में हैं। जानकारी के अनुसार घटना तड़के करीब तीन बजे की है। भुक्तभोगी भगवान सिंह के अनुसार तीन बजे कुछ आहट होने पर जब वह बेटी के कमरे की ओर गए तो देखा कुछ हथियारबंद लोग बेटी नीलम कुमारी से तिजोरी व अलमीरा की चाबी मांग रहे हैं। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तब अपराधियों ने उनके अलावा पत्नी आशा देवी व बेटी नीलम कुमारी को हथियार के बल पर कब्जे में ले लिया और एक कमरे में बंद कर दिया।इस दौरान करीब एक घंटे तक अपराधियों ने एक-एक कमरे की तलाशी ली और सामान इधर-उधर फेंकते रहे। वहीं दूसरे तल्ले में रखे दो बक्सा व दो अलमीरा को तोड़ दिया और उसमें रखे करीब डेढ़ लाख रुपए को ले लिया।वहीं चार मोबाइल फोन के साथ सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी साथ ले गए। भुक्तभोगी के अनुसार एक अन्य फोन से उन्होंने प्रशासन समेत गैस एजेंसी के रांची स्थित कार्यालय को सूचना दी।सूचना मिलने पर थाना प्रभारी गोविंद कुमार व एसआइ दीपक कुमार साव दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। छानबीन के दौरान लूटे गए। चारों मोबाइल बाउंड्री के निकट मिले।भुक्तभोगी के अनुसार सभी अपराधी नाटे कद के थे और नकाब पहने हुए थे।बताया जाता है कि सभी अपराधी पीछे की ओर से नेट व बल्ली के सहारे सीधे दूसरे तल्ले पर पहुंचे थे। घटना को अंजाम देने के बाद सभी उसी रास्ते से फरार हो गए।

## वेक्टर जनित रोग के सलाहकार ने किया बोरियो सीएचसी का निरीक्षण

साहिबगंज(ईएमएस)।वेक्टर जनित रोग के झारखंड के सलाहकार जयंत देव सिंह ने गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरियो का निरीक्षण किया।उन्होंने अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों के रजिस्टर की जांच कर प्रखंड में कालाजार, मलेरिया,फाइलेरिया, डेंगू जैसी बीमारियों के मरीजों के बारे में जानकारी ली। डॉक्टरों को इन बीमारियों से बचाव के लिए जरूरी कदम उठाने के निर्देश भी दिए।सलाहकार ने कालाजार प्रभावित गांव पंडरिया का भी निरक्षण किया।उन्होंने घर-घर भ्रमण कर मरीजों का हाल-चाल जाना और स्वास्थ्य से संबंधित जरूरी सलाह भी दी। ग्रामीणों से कहा कि बुखार होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र जाकर दिखाएं।

## ऑल इंडिया सब-जूनियर बैडमिंटन टूर्नामेंट का आगाज

रांची(ईएमएस)।योनेक्स सनराइज ऑल इंडिया सब-जूनियर बैडमिंटन टूर्नामेंट का गुरुवार को शुभारंभ हुआ।रांची के खेलगांव स्थित ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम में 26 सितंबर से 1 अक्टूबर तक आयोजित प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि डीजीपी अनुराग गुप्ता विशिष्ट अतिथि खेल सचिव मनोज कुमार ने किया। प्रतियोगिता में देशभर के लगभग 400 बालक व बालिका भाग लेंगे। 26 और 27 सितंबर को प्रारंभिक मुकाबले खेले जाएंगे, जिसमें एकल मुकाबले में टॉप 32 और युगल में टॉप 16 बालक और बालिका खिलाड़ियों को मेन ड्रॉ में जगह मिलेगी।

## ताराटांड़ में डायरिया का प्रकोप, कई लोग अस्पताल में भर्ती

गिरिडीह(ईएमएस)।गांडेय प्रखंड की ताराटांड़ पंचायत के ठाड़ीमहुआ गांव में डायरिया फैल गया है। डायरिया से कई लोग पीड़ित हैं। इनमें से कुछ को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।गांव के झगरू भोक्ता ने बताया कि डायरिया से पीड़ित उसके पुत्र दीपक भोक्ता को एसएनएमएमसीएच, धनबाद में भर्ती कराया गया है।उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।वहीं, उसकी पत्नी पतिया देवी व बहू शांति देवी का इलाज अहिल्यापुर मोड़ स्थित निजी अस्पताल में चल रहा है।इधर, सूचना पाकर सीएचसी की एएनएम व सहिया ने गांव पहुंचकर पीड़ित परिवारों के घर के चारों ओर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया और ग्रामीणों को बीमारी से बचाव के उपाय बताए।ज्ञात हो कि ताराटांड़ उपस्वास्थ्य केन्द्र एक सामुदायिक भवन में संचालित है। ग्रामीणों ने बताया कि उपस्वास्थ्य केंद्र कभी-कभार ही खुलता है। यदि उपस्वास्थ्य केंद्र ने तुरंत पहल की होती, तो ग्रामीणों को इतनी परेशानी नहीं झेलनी पड़ती।इधर, गांडेय सीएचसी के प्रभारी डॉ अबु कासिब हसन ने बताया कि प्रभावित ठाड़ीमहुआ गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जाकर पीड़ितों का इलाज किया और दवा का छिड़काव किया है।गांव पर स्वास्थ्य विभाग निगरानी रख रहा है।

## पेड़ से लटकता युवक का शव मिला

रांची(ईएमएस)।रांची जिले के मांडर पुलिस ने गुरुवार को थाना क्षेत्र के करगे नयाटोली स्थित सरना बगीचा में एक पेड़ पर फांसी से लटके युवक रवि उरांव (32) पिता-सोमरा उरांव का शव बरामद किया।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। बताया जाता है कि युवक बुधवार की रात खाना खाने के बाद घर से रात करीब 10 बजे बाहर निकला था, लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटा था।गुरुवार की सुबह कुछ बच्चों ने पेड़ से लटका शव देखा, जिसके बाद परिजनों को जानकारी मिली।पेड़ के नीचे उसका चप्पल पड़ा था।रवि खेती करता था। परिवार में पत्नी समेत दो बच्चे हैं।

## लाठी-डंडा से लैस युवकों ने विधायक के भाई की गाड़ी को घेरा, पहुंची पुलिस

गोड्डा(ईएमएस)।गोड्डा के भाजपा विधायक अमित मंडल के भाई सुमित मंडल की गाड़ी को गुरुवार की देर शाम कुछ युवकों ने घेर लिया।वे लाठी-डंडे से लैस थे।घटना गोड्डा-पथरगामा मुख्य सड़क पर जामजोरी गांव की है।सुमित मंडल अपने साथियों के साथ गाड़ी पर सवार होकर जामजोरी गांव की ओर जा रहे थे। तभी मोड पर युवकों ने उनकी गाड़ी को रोक दिया। वे विधायक के भाई को गाड़ी से नीचे उतरने की जिद पर अड़े थे।अनहोनी की आशंका से विधायक के भाई ने गाड़ी का शीशा बंद कर नीचे उतरने से इंकार कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही पथरगामा थाना प्रभारी रामसूरत यादव दलबल के साथ पहुंचे। बताया जाता है कि गांव में मेला का उद्घाटन करवाने को लेकर विवाद है।थाना प्रभारी ने कहा कि मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।इधर,विधायक अमित मंडल ने घटना के संबंध में सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा है कि गोड्डा विधानसभा में गुंडागर्दी शुरू हो गई है।

**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, बोकारो**
**(जिला परिवहन शाखा :– डी0एम0एफ0टी0 कोषांग)**

**-:: Very Short Request for Proposal ::-**

बोकारो जिला अंतर्गत Geodatabase preparation using High-Resolution Photography along with LIDAR using manned aircraft for Bokaro District, Jharkhand से संबंधित Request for Proposal इच्छुक प्रतिष्ठित फार्म / संस्थान से दर आमंत्रित किया जाता है।

इच्छुक संस्थान दिनांक 04.10.2024 के अप0 01:00 PM बजे तक डी0एम0एफ0टी0 कोशांग, बोकारो (समाहरणालय, बोकारो) में Request for Proposal जमा कर सकते है। इस संबंध में विस्तृत विवरणी बोकारो जिला के वेबसाईट http:/bokaro.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला परिवहन पदाधिकारी
–सह– प्रभारी पदाधिकारी,
डी0एम0एफ0टी0,बोकारो

PR 337168 (District)24-25*D

**Government of Jharkhand**
**Urban Development And Housing Department**
**Dhanbad Municipal Corporation, Dhanbad**

**Short e-Procurement Tender Notice No. DMC/27/2024-25**

Reference No. : DMC/27/2024-25 Date : 25.09.2024

| क्रम सं0 | Group No. | वार्ड सं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति का अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | DMC/27/2024-25/01 | 55 | Construction of PCC Road and Drain in Jamadoba Basti, Sindri from Dadan yadav house to Hanuman Mandir to Munna Yadav House via Vijay Saw House via Shiv Kumar Yadav houe and Vijay Saw house to Umashankar Yadav house and In Rangamati Bazzar Pani Tanki to Late Nakul Rajak house adn PCC Road in Im type 17, 18 Laxman Saw house to Arun Yadav house and Rajesh Choudhary House to Duldul Yadav house in ward no. 55 under DMC, Dhanbad | 44,54,400.00 | 2 % of BOQ | 10000.00 | 150 दिन |
| 2 | DMC/27/2024-25/02 | | Construction of Shop near Vivekanand More Hirapur, under DMC, Dhanbad (2nd Call) | 1478900.0 | 2 % of BOQ | 5000.00 | 120 दिन |

1Date of Publication of Tender on website :- **27.09.2024 At 03.00 PM**
Online Last Date / Time for receiving of bids :- **14.10.2024 (Online) till 03:00 PM**
Date of Bid Opening :- From **15.10.2024 at 03:00 PM** (Online)
**NOTE:-** (i) Only e-Tenders will be accepted. Further details can be seen on website http://www.jharkhandtenders.gov.in.
(ii) Contractor should be registered in appropriate class as per NIT
(iii) Estimated Cost / Quantity May Vary
(iv) Municipal Commissioner, Dhanbad reserves the right to reject any or all the tender(s) received without assigning any reasons thereof.

S/d-
Executive Engineer,
Dhanbad Municipal Corporation, Dhanbad

PR 337093 (Urban Development and Housing)24-25*D

## गिरिडीह पुलिस को नक्सलियों के खिलाफ बड़ी सफलता 1418 गोली के साथ 3 रायफल जब्त, इनामी नक्सली गिरफ्तार



गिरिडीह(ईएमएस)।गिरिडीह जिले की पुलिस को नक्सलियों के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। विधानसभा चुनाव के पहले गिरिडीह पुलिस ने एक लाख रुपए के इनामी नक्सली लक्ष्मण राय को गिरफ्तार किया है। एसपी डॉक्टर विमल ने गुरुवार को गिरिडीह में पत्रकारों को बताया कि गिरफतार नक्सली की निशानदेही पर पुलिस और सी आर पी एफ ने पारसनाथ के तराई में छापा मारकर 1418से अधिक गोली दो रायफल और नक्सली साहित्य समेत 30 सामान जब्त किया है। एसपी ने बताया कि गिरिडीह में नक्सली के विरुद्ध 8 से अधिक मामले दर्ज हैं।

# तकनीक के युग में हिन्दी का प्रयोग और आसान हुआ हैः डॉ अंजेष कुमार

रांची(ईएमएस)।सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय एवं केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची के द्वारा त्रैमासिक हिन्दी बैठक एवं कार्यशाला का संयुक्त रूप से आयोजन सीबीसी, रांची के कार्यालय कक्ष में गुरुवार को आयोजित किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। इसके उपरांत आमंत्रित अतिथियों को अंगवस्त्र एवं पौधा देकर सम्मानित किया गया। बैठक की शुरुआत करते हुए केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची के कार्यालय प्रमुख ने कहा कि महत्वपूर्ण तिथियों पर कार्यालयों में हिन्दी में परिचर्चा का आयोजन कर हम इस कार्यालय के अधिकारीयों/कर्मियों को भाषाई शुद्धता के साथ-साथ हिन्दी में कार्य करने की प्रेरणा मिलती है।आमंत्रित अतिथि के रूप में रांची स्थित राष्ट्रिय उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान के सेवानिवृत्त हिंदी अधिकारी डॉ अंजेष कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि मैंने अपने कार्य अवधि में देखा कि दूसरे भाषा के लोग भी हिंदी सीखने की इच्छा रखते हैं। वैसे ही हिंदी भाषी लोगों को भी दूसरी भारतीय भाषा सीखने से परहेज नहीं करना चाहिए। इससे हिंदी का और विस्तार होगा और दूसरे भाषाई लोगों से संबंध भी सुधरेंगे।डॉ कुमार ने आगे कहा कि हिंदी का कार्यक्षेत्र फैला है, और गूगल ट्रांसलेशन जैसी तकनीकों से इसका और विकास हुआ है।आमंत्रित अतिथि के रूप में हिंदी दैनिक, हिन्दुस्तान की वरिष्ठ पत्रकार श्रेयषी मिश्रा ने कहा कि हिन्दी भाषा के प्रयोग में साहित्यिक भाषा शैली की जगह आम बोल चाल की शैली में सरल भाषा का प्रयोग होना चाहिए, यह आसानी से समझ में आती है और संवाद बेहतर होता है।पत्र सूचना कार्यालय रांची के मीडिया एवं संचार अधिकारी राजेश सिन्हा ने कहा कि हमें हिन्दी को और सशक्त रूप से आगे बढ़ाने की जरुरत है, और इसके प्रयोग में एक पिछड़े दृष्टिकोण से देखने से बचना चाहिए।इससे पूर्व अतिथि स्वागत सम्बोधन में केंद्रीय संचार ब्यूरो, धनबाद के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ओंकार नाथ पांडेय ने कहा की इस तरह की बैठक से हिन्दी में कैसे शुद्धता के साथ अधिक से अधिक काम हो और सरल हिन्दी का कार्यालय में प्रयोग किया जा सके इसकी जानकारी सभी को प्राप्त प्राप्त हो रही है और भाषा प्रयोग बेहतर हो रहा है। बैठक के दौरान सभी लोगों ने स्वच्छत भारत अभियान की शपथ लेते हुए इसमें योगदान का प्रण लिया, साथ ही साथ सभी को कार्यालय में अपने कार्य के प्रति सत्यनिष्ठा की भी शपथ दिलाई गई। सीबीसी रांची कार्यालय परिसर में अतिथियों द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण भी किया गया, जिसमें कार्यालय के सभी लोगों ने भाग लिया।बैठक का संचालन केंद्रीय संचार ब्यूरो के कार्यालय प्रमुख शाहिद रहमान ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन दूरदर्शन न्यूज़ एकांश रांची के समाचार सम्पादक दिवाकर कुमार ने किया। इस मौके पर पीआईबी रांची के कार्यालय प्रमुख गौरव पुष्कर समेत पीआईबी और सीबीसी के सभी कर्मी उपस्थित रहे।

# ऊंची कीमतों के कारण आवासीय संपत्तियों की बिक्री में गिरावट



मुंबई (ईएमएस)। जुलाई-सितंबर 2024 की तिमाही में भारत के सात प्रमुख शहरों में आवासीय संपत्तियों की बिक्री 11 फीसदी से घटकर 1,07,060 इकाई रह गई है। पिछले साल की समान अवधि में यह संख्या 1,20,290 इकाई थी। गिरावट का मुख्य कारण नए मकानों की कम पेशकश और औसत कीमतों में सालाना आधार पर 23 प्रतिशत की वृद्धि है। एक सर्वे रिपोर्ट में बताया गया कि सभी शीर्ष शहरों में आवासीय बिक्री में गिरावट देखी गई है। रिपोर्ट में बताया गया कि नई पेशकशों में 19 प्रतिशत की कमी आई है, इसमें जुलाई-सितंबर 2024 में केवल 93,750 इकाइयाँ पेश की गईं, जबकि पिछले वर्ष सामान अवधि में संख्या 1,16,220 इकाइयाँ थी। पुरी ने कहा कि हालांकि बिक्री की तुलना में पेशकश कम होने के बावजूद, मांग-आपूर्ति समीकरण मजबूत बना हुआ है। उन्होंने बताया कि ऊंची कीमतों और मानसून के कारण तीसरी तिमाही में बिक्री में कमी आई है, और 'श्राद्ध' के कारण भी मांग पर दबाव बना रहा, क्योंकि कई लोग इस दौरान नया मकान नहीं खरीदते। सर्वे रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार, मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में सबसे अधिक 36,190 इकाइयों की बिक्री दर्ज की गई, जो पिछले साल की समान तिमाही के 38,505 इकाइयों से छह प्रतिशत कम है। पुणे में बिक्री 22,885 इकाइयों से 17 प्रतिशत घटकर 19,050 इकाई रही। दिल्ली-एनसीआर में यह आंकड़ा 15,865 इकाइयों से घटकर 15,570 इकाई हो गया। बेंगलुरु में बिक्री 16,395 इकाइयों से आठ प्रतिशत घटकर 15,025 इकाई रही। हैदराबाद में भी 12,735 इकाइयों की बिक्री दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष की 16,375 इकाइयों से 22 प्रतिशत कम है। कोलकाता में बिक्री 5,320 इकाइयों से 25 प्रतिशत घटकर 3,980 इकाई रह गई, जबकि चेन्नई में यह नौ प्रतिशत घटकर 4,510 इकाई रह गई। रिपोर्ट में बताया गया कि कच्चे माल की बढ़ती लागतों और बिक्री में कमी के चलते शीर्ष सात शहरों में औसत आवासीय संपत्ति की कीमतें 23 प्रतिशत बढ़कर 8,390 रुपये प्रति वर्ग फुट पहुंच गई हैं, जो कि 2023 की तीसरी तिमाही में 6,800 रुपये प्रति वर्ग फुट थी। विशेष रूप से हैदराबाद में औसत कीमतों में सबसे अधिक 32 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

## मनबा फाइनेंस लिमिटेड के आईपीओ को निवेशकों का मिल रहा जोरदार रिस्पॉन्स

नई दिल्ली, (ईएमएस)। नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनी (एनबीएफसी), मनबा फाइनेंस लिमिटेड के आईपीओ को निवेशकों का जोरदार रिस्पॉन्स मिला है और लोगों ने इस इश्यू में जमकर रुपया लगाया है। 151 करोड़ रुपए का यह इश्यू 224 गुना सब्सक्राइब हुआ है। इस आईपीओ में 24 हजार करोड़ रुपए लोगों ने लगाए हैं। मनबा फाइनेंस आईपीओ में सबसे ज्यादा पैसा हाई नेटवर्थ इनवेस्टर्स (एचएनआई) ने लगाया है। एचएनआई के लिए रिजर्व हिस्सा 512 गुना भरा है। इसी तरह संस्थागत निवेशकों के लिए आरक्षित हिस्सा 149 गुना सब्सक्राइब हुआ, जबकि खुदरा निवेशकों के लिए आरक्षित हिस्सा 144 गुना सब्सक्राइब हुआ। बुधवार को बंद हुए आईपीओ के लिए मूल्य बैंड 114 से 120 प्रति शेयर था। शेयर के बीएसई और एनएसई पर सोमवार, 30 सितंबर को सूचीबद्ध होने की उम्मीद है। कोरोना महामारी के बाद से ही भारत में आईपीओ बाजार में खूब हलचल रही है। 2021 की दूसरी छमाही से आईपीओ का जो चलन बढ़ा वो अब भी जारी है। उद्योग के आंकड़ों से पता चला है कि 2023 में 61 मुख्य बोर्ड आईपीओ से कंपनियों ने 73,100 करोड़ जुटाए तो साल 2024 में अब तक आईपीओ से करीब 84,900 करोड़ रुपए जुटाए हैं। एसएमई सेगमेंट में भी लोग खूब पैसे लगा रहे हैं। पिछले दिनों दो शोरूम और आठ कर्मचारियों वाली एक दोपहिया डीलरशिप के 12 करोड़ के एसएमई आईपीओ के लिए 4,800 करोड़ की बोलियां लगी थी। मनबा फाइनेंस आईपीओ 23 सितंबर को खुला था और 25 सितंबर को बंद हुआ। 30 सितंबर को कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे। 150.84 करोड़ रुपए के मनबा फाइनेंस आईपीओ को ग्रे मार्केट में जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। गुरुवार को मनबा फाइनेंस आईपीओ के शेयर ग्रे मार्केट में 50 फीसदी प्रीमियम पर ट्रेड कर रहे हैं।

## पीसी ज्वेलर के शेयरों में आया उछाल

नई दिल्ली, (ईएमएस)। पीसी ज्वेलर के शेयरों में बुधवार को चार फीसदी से ज्यादा की तेजी देखी गई। कंपनी ने घोषणा कि उसका बोर्ड जल्द बैठक करेगा, जिसमें 10 रुपए की फेस वैल्यू वाले मौजूदा इक्विटी शेयरों के स्प्लिट को मंजूरी दिए जाने पर बातचीत होगी। बीएसई पर यह शेयर अपने पिछले बंद 151 रुपए से करीब 3.77 फीसदी की बढ़त के साथ 156.70 रुपए पर खुला था। इसके बाद शेयर में और तेजी आई यह 157.30 रुपए के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गया, जो 52-सप्ताह का नया हाई रिकॉर्ड भी है। शेयर का 52-सप्ताह का न्यूनतम स्तर 25.45 रुपए है। इसके शेयर आज एनएसई पर 2.19 फीसदी की बढ़त के साथ 154.35 रुपए के स्तर पर बंद हुए। पीसी ज्वेलर ने एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि इस बैठक में बोर्ड कंपनी के नए निदेशकों की नियुक्ति पर विचार करेगा। कंपनी ने कहा कि कुछ नामित लोगों के लिए उसके शेयरों में ट्रेडिंग व डीलिंग के लिए ट्रेडिंग विंडो तत्काल प्रभाव से बंद की जा रही है। कंपनी ने कहा कि 30 सितंबर को खत्म हो रही तिमाही के लिए आंकड़े जारी करने के दो दिन बाद ही वे इसमें ट्रेडिंग कर सकेंगे। इस शेयर ने एक साल में करीब 474 फीसदी का मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। इस साल अब तक इसमें 203 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। जून तिमाही में कंपनी को 401 करोड़ रुपए का रेवेन्यू प्राप्त हुआ था। यह वार्षिक आधार पर 492 फीसदी ज्यादा था। कंपनी का नेट प्रॉफिट वार्षिक आधार पर 190 फीसदी बढ़कर 156 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 171 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था। पीसी ज्वेलर्स के शेयर पिछले 12 महीने में 452 फीसदी की तेजी दर्ज कर चुके हैं।

## जुकरबर्ग दुनिया के तीसरे सबसे अमीर इंसान बने, मस्क व बेजोस टॉप पर

नई दिल्ली, (ईएमएस)। दुनिया की करीब आठ बिलियन की आबादी में कुल 2,781 लोग अरबपति हैं और इनसे ज़्यादा अमीर लोगों की सूची में से सिर्फ़ तीन ही ऐसे लोग हैं जिनकी कुल संपत्ति 200 बिलियन डॉलर के बराबर या उससे भी ज़्यादा है। मेटा प्लेटफॉर्म्स के को-फाउंडर और सीईओ मार्क जुकरबर्ग भी 200 बिलियन डॉलर नेटवर्थ के साथ सबसे अमीर अरबपतियों के क्लब में शामिल हो गए हैं। टेस्ला के चीफ एलन मस्क और अमेजन के फाउंडर जेफ बेजोस पहले से इस क्लब में शामिल हैं। लुईस वुटिटोन के चेयरमैन बर्नार्ड अरनॉल्ट 200 बिलियन डॉलर की संपत्ति के क्लब में शामिल होने से कुछ ही दूरी पर है। बर्नार्ड अरनॉल्ट के पास 183 बिलियन डॉलर की संपत्ति है। डेटाबेस कंपनी ओराकल के लैरी एल्लीसन भी 200 बिलियन डॉलर नेटवर्थ के आसपास ही हैं और उनके पास 189 बिलियन डॉलर की संपत्ति है। बर्नार्ड अरनॉल्ट की संपत्ति में इस साल 24.2 बिलियन डॉलर की कमी आई है जबकि लैरी एल्लीसन के नेटवर्थ में 55.6 बिलियन डॉलर का उछाल आया है। ब्लूमबर्ग बिलियनायर इंडेक्स के मुताबिक भारत के सबसे अमीर उद्योगपति मुकेश अंबानी के पास 113 बिलियन डॉलर की संपत्ति है। जबकि गौतम अडाणी के पास 105 बिलियन डॉलर की संपत्ति है। मुकेश अंबानी की संपत्ति में 16.7 बिलियन डॉलर और गौतम अडानी के नेटवर्थ में इस साल 20.9 बिलियन डॉलर बढ़ी है।

## पेट्रोल-डीजल की कीमतों में आया बदलाव

नई दिल्ली (ईएमएस)। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल (क्रूड) की कीमतों में गिरावट से पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भी बदलाव आया है। क्रूड की कीमतें आज सुबह 70 डॉलर प्रति बैरल नीचे आ गयीं। वहीं ब्रेंट क्रूड 73 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर कामकाज करता दिखा। देश के चारों महानगरों में से केवल चेन्नई में पेट्रोल की कीमतें नीचे आयी हैं। वहीं दिल्ली, मुंबई और कोलकाता में ईंधन की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं। दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये और डीजल 89.97 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 100.76 रुपये और डीजल 92.35 रुपये प्रति लीटर जबकि कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये और डीजल 91.76 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वहीं दमन और द्वीप और गोवा , छत्तीसगढ़, के अलावा अन्य कुछ राज्यों में पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ी हैं जबकि बिहार और आंध्र प्रदेश के अलावा कुछ राज्यों में पेट्रोल के दाम नीचे आये हैं। गुरुग्राम में पेट्रोल 94.90 रुपये और डीजल 87.76 रुपये प्रति लीटर है। गौतमबुद्ध नगर में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.83 रुपये प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 94.56 रुपये और डीजल 87.66 रुपये प्रति लीटर हो गया है। जयपुर में पेट्रोल 104.88 रुपये और डीजल 90.36 रुपये प्रति लीटर हो गया है। वहीं हरियाणा में पेट्रोल की कीमते में 0.13 पैसों की कमी आई है और 95.54 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश में भी कीमतें कम हुई हैं।

## रुपया गिरावट के साथ बंद

मुम्बई (ईएमएस)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को भारतीय रुपया 6 पैसे की गिरावट के साथ ही 83.64 पर बंद हुआ। आज सुबह इंटरबैंक विदेशी मुद्रा पर रुपया 83.66 पर खुला। यह कारोबारी सत्र के दौरान 13 पैसे नीचे आकर 83.71 पर आ गया। वहीं गत दिवस रुपया रुपया 83.58 पर बंद हुआ। वहीं इससे पहले अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को भारतीय रुपया दो पैसे की बढ़त के साथ ही 83.61 रुपये पर बंद हुआ।

इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजारों में डॉलर के कमजोर रुख के बीच शुरुआती कारोबार में रुपया 10 पैसे मजबूत होकर 83.53 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.59 प्रति डॉलर पर खुला और फिर 83.54 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 10 पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.63 पर बंद हुआ था। इसी बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.21 फीसदी गिरावट के साथ 100.25 पर रहा।

# शेयर बाजार भारी तेजी के साथ बंद




मुम्बई (ईएमएस)। घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को भी भारी तेजी के साथ बंद हुआ। आज सुबह दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी हावी रहने से बाजार ऊपर आया। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 666.25 अंक करीब 0.78 फीसदी बढ़कर 85,836.12 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 211.80 अंक तकरीबन 0.81 फीसदी बढ़कर 26,216 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान वाहन , धातु के शेयर में जबरदस्त तेजी से भी बाजार को बल मिला। इनके अलावा एफएमसीजी और पीएसयू बैंक के शेयर भी 1-1 फीसदी ऊपर आये। जबकि कैपिटल गुड्स सेक्टर 0.6 फीसदी नीचे आये। बीएसई मिडकैप इंडेक्स कारोबार के दौरान सीमित दायरे में बंद हुआ, जबकि स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.4 फीसदी की गिरावट रही।

सेंसेक्स में मारुति के शेयर में करीब 5 फीसदी की बढ़त रही। वहीं टाटा मोटर्स, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस और नेस्ले के शेयर भी तेजी के साथ बंद हुए। जबकि, लार्सन एंड टुब्रो और एनटीपीसी के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।

वहीं निफ्टी में टाटा मोटर्स, श्रीराम फाइनेंस, मारुति सुजुकी, ग्रासिम इंडस्ट्रीज और एमएंडएम के शेयर तेजी के साथ बंद हुए जबकि ओएनजीसी, सिप्ला, एनटीपीसी, हीरो मोटोकॉर्प, एलएंडटी के स्टॉक गिरावट पर बंद हुए।

दुनिया भर के बाजारों की बात करें तो एशियाई बाजारों में व्यापार अच्छा रहा। सियोल, टोक्यो, शंघाई और हांगकांग में तेजी रही। जापान के निक्केई में 2.49फीसदी और हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग इंडेक्स में 1.71फीसदी की बढ़त है। चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स भी 0.58फीसदी बढ़त के साथ कामकाज कर रहा है।

यूरोपीय बाज़ार में भी बढ़त रही। गत दिवस अमेरिकी बाजार ज्यादातर गिरावट के साथ बंद हुए।

विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गत दिवस 973.94 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशक (डीआईआई) खरीदार थे, क्योंकि उन्होंने 1,778.99 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी।

इससे पहले आज सुबह घरेलू शेयर बाजार तेजी के साथ खुला। आज सुबह कारोबार के दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 85,433 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 26,075 के स्तर पर पहुंचा।सेंसेक्स 140 अंक और निफ्टी 40 अंक की बढ़त के साथ ही अपने उच्च स्तर पर कारोबार कर रहा है। सेंसेक्स के 21 में तेजी जबकि 9 में गिरावट रही जबकि निफ्टी के 35 में तेजी और 15 में गिरावट दर्ज की गयी है।

## सोने, चांदी की कीमतों में उछाल

नई दिल्ली (ईएमएस)। घरेलू बाजार में गुरुवार को सोने और चांदी की कीमतों में उछाल आया। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत ब्याज दरों को बढ़ाने से भी कीमती धातुओं की मांग बढ़ी है। जिससे कीमतें उछली हैं। माना जा रहा है कि त्यौहारी सीजन शुरु होने पर कीमतें और बढ़ेंगी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्त) पर सोने की कीमत तेजी के साथ 75,321 रुपए प्रति 10 ग्राम जबकि चांदी की कीमत 0.26 फीसदी बढ़कर 92,280 रुपए प्रति किलोग्राम पर कामकाज कर रहीं थीं। दिल्ली सर्राफा बाजार में गत दिवस सोने का भाव 900 रुपए की तेजी के साथ 77,850 रुपए प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर था। मंगलवार को, 99.5 फीसदी शुद्धता वाला सोना 76,950 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। औद्योगिक इकाइयों और सिक्का निर्माताओं की मांग के कारण चांदी की कीमतें 3,000 रुपए बढ़कर 93,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। वहीं इसका पिछला बंद भाव 90,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर था। इसके अलावा 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 900 रुपए ऊपर आकर 77,500 रुपए प्रति 10 ग्राम के सबसे उच्च स्तर पर पहुंच गया।

## गोदरेज एंड बॉयस ने शुरू किया 'खुशियों के रखवाले' अभियान

GODREJ & BOYCE

मुंबई, (ईएमएस)। गोदरेज एंटरप्राइजेज समूह की इकाई गोदरेज एंड बॉयस के सिक्योरिटी सॉल्यूशंस ने 'खुशियों के रखवाले' नाम से एक अभियान शुरु किया है। यह अभियान घर की सुरक्षा के भावनात्मक पहलुओं को उजागर करता है, जिससे परिवार सुरक्षित महसूस कर सकें और दिमागी शुकून और खुशियां हासिल हो सकें। गोदरेज एंड बॉयस ने एक राष्ट्रीय सर्वेक्षण भी किया, जिसका उद्देश्य शारीरिक और भावनात्मक सुरक्षा के संबंध को समझना था। इस अध्ययन में यह जानने का प्रयास किया गया कि सुरक्षा किस प्रकार खुशी पर सकारात्मक असर डालती है। गोदरेज एंड बॉयस के सिक्योरिटी सॉल्यूशंस बिजनेस के ईवीपी और बिजनेस हेड पुष्कर गोखले ने कहा कि हमारा कैम्पेन लोगों को भावनात्मक स्तर पर सुरक्षित महसूस कराने का प्रयास करता है। सर्वेक्षण में 2,400 लोगों में से 67 फीसदी ने कहा कि घर की सुरक्षा बढ़ाने से उनके कल्याण पर सकारात्मक असर पड़ेगा। इसके अलावा, 57 फीसदी ने सुरक्षा में सुधार के बाद खुशी या संतोष की भावना में वृद्धि का अनुभव महसूस किया। यह सर्वेक्षण दिल्ली, मुंबई, बैंगलोर, कोलकाता और चेन्नई समेत 12 शहरों में किया गया, जिसमें 18 से 45 साल के लोग शामिल किए गए थे। गोदरेज एंड बॉयस का सुरक्षा समाधान प्रभाग सुरक्षा मानकों को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहा है। हाल ही में डीपीआईआईटी ने उच्च सुरक्षा वाली तिजोरियों और सुरक्षित जमा लॉकरों पर बीआईएस गुणवत्ता चिह्न अनिवार्य करने का आदेश जारी किया है। इस कदम से उपभोक्ताओं को सुरक्षा मानकों में सुधार करने में मदद मिलेगी, जिससे वे ज्यादा सुरक्षित महसूस कर सकें। इस अभियान के जरिए से गोदरेज एंड बॉयस ने न केवल सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित किया, बल्कि खुशी और समग्र भलाई को भी प्राथमिकता दी है।

# डिजिटल लेंडर्स ने पहली तिमाही में बांटा 37,676 करोड़ का लोन




मुंबई, (ईएमएस)। डिजिटल लेंडर्स ने वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में 37,676 करोड़ रुपए के 2.64 करोड़ लोन बांटे हैं। लोन के वॉल्यूम में सालाना आधार पर 15 फीसदी और लोन की वैल्यू में 27 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। फिनटेक एसोसिएशन फॉर कंज्यूमर एम्पावरमेंट (एफएसीई) द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक इस तिमाही में लोन का औसत टिकट साइज 12,997 रुपए रहा, जो कि 2023-24 की पहली तिमाही के मुकाबले 16 फीसदी ज्यादा है।

आंकड़ों से साफ होता है कि डिजिटल क्रेडिट की मांग मजबूत बनी हुई है, जिसमें वित्तीय समावेशन की महत्वपूर्ण भूमिका है। एफएसीई के सीईओ सुगंध सक्सेना ने बताया कि हमारी सदस्य कंपनियों ने कंज्यूमर गाइडलाइन और विवेकपूर्ण रिस्क मैनेजमेंट के जिरए से ग्राहकों की क्रेडिट जरूरतों को पूरा किया है, जिससे वे सभी पक्षकारों का विश्वास जीतने में सफल रहे हैं।

रिपोर्ट में यह भी बताया कि अप्रैल से जून की अवधि में 11 कंपनियों ने पांच लाख से ज्यादा लोन दिए हैं, जिनकी कुल वॉल्यूम में 93 फीसदी हिस्सेदारी रही। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में करीब 55 फीसदी कंपनियों की वॉल्यूम में बढ़ोतरी हुई है, जबकि 80 फीसदी कंपनियों ने लोन की वैल्यू में इजाफा किया है। रिपोर्ट में शामिल 33 कंपनियों में से 27 कंपनियों का एसेट्स अंडर मैनेजमेंट जून 2024 तक 47,362 करोड़ रुपए था, जो कुल बांटे गए लोन की वैल्यू का 80 फीसदी है। इनमें से 10 कंपनियों का एयूएम एक हजार करोड़ से ज्यादा है। एफएसीई, फिनटेक क्षेत्र में आरबीआई द्वारा मान्यता प्राप्त स्व-नियामक संगठन है, जो डिजिटल लेंडर्स की बढ़ती भूमिका और वित्तीय समावेशन को सुनिश्चित करने में सहायक है।

## ईजमाईट्रिप के प्रमोटर ने बेची 920 करोड़ रुपये में 14फीसदी हिस्सेदारी

नई दिल्ली, (ईएमएस)। ईजी ट्रिप प्लानर्स (ईजमाईट्रिप) के प्रोमोटरों में से एक निशांत पिट्टी ने खुले बाजार के लेनदेन के जरिये कंपनी में अपनी 14 फीसदी हिस्सेदारी 920 करोड़ रुपए में बेच दी है। एनएसई पर उपलब्ध सौदों के आंकड़ों के मुताबिक निशांत ने 24,65,49,833 शेयर बेच दिए हैं जो ईजी ट्रिप प्लानर्स में 14 फीसदी हिस्सेदारी के बराबर है। शेयरों को 37.22-38.28 रुपए प्रति शेयर के प्राइस रेंज में बेचा गया है। इस तरह सौदे का कुल आकार 920.06 करोड़ रुपए रहा। हिस्सेदारी बिक्री के बाद ईजी ट्रिप प्लानर्स में निशांत पिट्टी की हिस्सेदारी 28.13 फीसदी से घटकर 14.22 फीसदी रह गई है। कंपनी में प्रोमोटरों की कुल हिस्सेदारी 64.30 फीसदी से घटकर 50.39 फीसदी रह गई। इस बीच कोरे4 मार्कोम ने ईज़ी ट्रिप प्लानर्स और क्राफ्ट इमर्जिंग मार्केट फंड पीसीसी के पांच करोड़ शेयर, एलीट कैपिटल फंड ने कंपनी के 1.05 करोड़ शेयर खरीदे हैं। शेयर 34.25-37.95 रुपए प्रति शेयर की कीमत सीमा में खरीदे गए हैं, जिससे कुल डील वैल्यू 225.71 करोड़ रुपए हो गई है। ईजी ट्रिप प्लानर्स ऑनलाइन ट्रेवल बुकिंग प्लेटफॉर्म ईजमाईट्रिप की मूल कंपनी है। कंपनी की स्थापना 2008 में निशांत पिट्टी, रिकांत पिट्टी और प्रशांत पिट्टी ने की थी। बीएसई पर ईज़ी ट्रिप प्लानर्स के शेयर बुधवार को एनएसई पर 15.32 फीसदी या 6.28 रुपए प्रति शेयर की गिरावट लेकर 34.70 रुपए के अपने ऑल टाइम लो लेवल पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों में गिरावट निशांत पिट्टी के अपनी हिस्सेदारी निकालने के चलते आई है। ट्रैवल बुकिंग प्लेटफॉर्म ईज़ी ट्रिप प्लानर्स ने जून 2024 तिमाही में अपने समेकित शुद्ध लाभ में साल-दर-साल 31 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की, जो 25.9 करोड़ से बढ़कर 33.93 करोड़ हो गया। कंपनी की कुल आय अप्रैल-जून की अवधि में बढ़कर 156.22 करोड़ हो गई, जबकि पिछले साल इस अवधि में यह 126.64 करोड़ थी।

## फ्रॉन्क्स एसयूवी ने बिक्री में किया शानदार प्रदर्शन

नई दिल्ली (ईएमएस)। अगस्त 2023 में मारुति सुजुकी की फ्रॉन्क्स एसयूवी ने 12,387 यूनिट्स की बिक्री की, जिससे यह टॉप-10 कारों की सूची में नौवें स्थान पर पहुंच गई। पिछले साल अप्रैल के मुकाबले इसकी बिक्री में 2 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है, जो इसकी बढ़ती लोकप्रियता का संकेत है। फ्रॉन्क्स में दो इंजन विकल्प उपलब्ध हैं: पहला 1-लीटर टर्बो-पेट्रोल माइल्ड-हाइब्रिड इंजन है, जो 100 बीएचपी की पॉवर और 148 एनएम का टॉर्क उत्पन्न करता है। दूसरा 1.2-लीटर डुअलजेट पेट्रोल इंजन है, जो 90 बीएचपी की पॉवर और 113 एनएम का टॉर्क प्रदान करता है। दोनों इंजन विकल्पों के साथ मैनुअल और ऑटोमैटिक गियरबॉक्स का विकल्प दिया गया है। मारुति फ्रॉन्क्स को कुल छह वैरिएंट्स—सिग्मा, डेल्टा, डेल्टा+, डेल्टा+ (ओ), जेटा और अल्फा-में पेश किया गया है। खास बात यह है कि सीएनजी पावरट्रेन केवल सिग्मा और डेल्टा ट्रिम्स में उपलब्ध है।

# 2030 तक बुलेट की गति से दौड़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था

### ग्लोबल ब्रोकरेज हाउस गोल्डमैन सैश का अनुमान





नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत 2030 तक दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बने रहने की संभावना है। यह बात ग्लोबल ब्रोकरेज हाउस गोल्डमैन सैश द्वारा जारी रिपोर्ट में कही गई है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत की स्थिर आय और मजबूत आर्थिक विकास के कारण अर्थव्यवस्था वैश्विक चुनौतियों के बावजूद मजबूती से आगे बढ़ रही है। गोल्डमैन सैश ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत की निफ्टी की कुल आय और बाजार पूंजीकरण पिछले पांच वर्षों में 18 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ी है। रिपोर्ट में बताया गया कि जैसे-जैसे अर्थव्यवस्था का विकास होगा, निवेश चक्र की ओर शिफ्ट होने की संभावना है, इसमें ऑटोमोबाइल, रियल एस्टेट और केमिकल जैसे उद्योगों में मुनाफे की हिस्सेदारी में बढ़ोतरी हो सकती है। यह आर्थिक गतिविधियों और निवेश प्रवाह को भी प्रोत्साहित करेगा। बात दें कि इसके पहले मूडीज ने कहा था कि भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2024-25 में 7.1 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है, जबकि एसएंडपी ग्लोबल ने इस दर को 6.8 प्रतिशत बताया था। साथ ही वित्त वर्ष 2025-26 में भारतीय जीडीपी वृद्धि दर 6.9 प्रतिशत रहने की संभावना है। हालांकि, ग्लोबल रेटिंग एजेंसियों ने जून तिमाही में भारत की जीडीपी वृद्धि में मामूली गिरावट की आशंका जाहिर की है। इसका प्रमुख कारण अधिक ब्याज दरों के चलते शहरी मांग में कमी और खाद्य महंगाई को बताया गया है। आरबीआई के लिए ब्याज दरों में कटौती करने की सबसे बड़ी चुनौती महंगाई पर नियंत्रण है। रिपोर्ट के अनुसार, इस वर्ष अक्टूबर में आरबीआई ब्याज दरों में कटौती कर सकता है, और चालू वित्त वर्ष में दो बार ब्याज दर में कटौती की संभावना है। भारत की बढ़ती जीडीपी और सकारात्मक निवेश माहौल इस बात का संकेत है कि देश आने वाले वर्षों में भी आर्थिक रूप से वैश्विक मंच पर अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखेगा।

# डिजिटल धोखाधड़ी से ग्राहकों को बचाने के लिए एयरटेल ने की नई सर्विस लॉन्च




नई दिल्ली, (ईएमएस)। आजकल स्पैम कॉल्स और एसएमएस काफी बढ़ते जा रहे हैं। स्पैम कॉल्स और एसएमएस से लोगों के साथ फ्रॉड हो जाता है। ऐसे में स्पैम कॉल्स और एसएमएस पर प्रतिबंध लगाने के लिए भारती एयरटेल ने अपने ग्राहकों की सुविधा के लिए नई सर्विस लॉन्च की है। कंपनी ने डिजिटल धोखाधड़ी से अपने ग्राहकों को बचाने के लिए यह पहल की है। एयरटेल ने भारत का पहला नेटवर्क-बेस्ड, एआई पावर्ड स्पैम डिटेक्शन सॉल्यूशन लॉन्च किया है। इस सर्विस से यूजर्स स्पैम कॉल्स और एसएमएस से बच सकते हैं। कंपनी का कहना है कि ये सॉल्यूशन स्पैम कॉल्स और सॉल्यूशन की रियल टाइम की जानकारी यूजर्स को देगा।

सभी एयरटेल यूजर्स के लिए यह एआई-पावर्ड स्पैम डिटेक्शन सॉल्यूशन एकदम फ्री है। ये सर्विस एयरटेल का कोई भी प्रीपेड और पोस्टपेड यूजर्स इस्तेमाल कर सकता है। इसके अलावा यूजर्स को अपने फोन में इस सर्विस को एक्टिव करने के लिए कुछ नहीं करना है। सर्विस अपने आप ही एयरटेल यूजर के फोन में एक्टिव हो जाएगी। एयरटेल ने इस बात को कंफर्म किया है कि यह सर्विस सिर्फ स्मार्टफोन के लिए है।

एयरटेल के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर और मैनेजिंग डायरेक्टर गोपाल विट्ठल ने बताया कि स्पैम कस्टमर्स के लिए एक खतरा हैं। हमने पिछले 12 महीने इस परेशानी को दूर करने के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि डुअल लेयर प्रोटेक्शन के तौर पर डिजाइन इस सॉल्यूशन में दो फिल्टर हैं। एक फिल्टर नेटवर्क लेवल पर काम करता है और दूसरा आईटी डिस्टम लेयर पर। सभी कॉल्स और एसएमएस इस डुअल लेयर प्रोटेक्शन सिस्टम से पास होती हैं। एयरटेल का यह सिस्टम सिर्फ दो मिली सेकंड में 1.5 अरब एसएमएस और 2.5 अरब कॉल्स को डेली प्रोसेस करता है। एयरटेल ने इस टेक्नोलॉजी को 400 एयरटेल डेटा साइंटिस्ट्स की मदद से डेवलप किया है।

# अविश्वास प्रस्ताव गिरा, ट्रूडो सरकार बच गई लेकिन संकट नहीं टला



ओटावा(ईएमएस)। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो अपनी अल्पसंख्यक लिबरल सरकार के पहले बड़े परीक्षण में सफलता मिल गई। अविश्वास प्रस्ताव से बाल-बाल बच गए, ट्रूडो की लोकप्रियता नौ साल के कार्यकाल में काफी घट गई है। जनमत सर्वेक्षणों में बहुत आगे, टोरी नेता पियरे पोयलिवर अचानक चुनाव के लिए उत्सुक हैं, क्योंकि वामपंथी न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी (एनडीपी) ने इस महीने की शुरुआत में लिबरल के साथ गठबंधन समझौते को तोड़ दिया था, जिससे ट्रूडो सरकार के गिरने का खतरा बना हुआ है। आक्रामक पोयलिवर ने ट्रूडो की तीखी आलोचना की है। उन्हें हर मोर्चे पर विफल करार दिया है। उनके मुताबिक वर्तमान कनाडियाई पीएम बढ़ती महंगाई, आवासीय संकट और अपराध से निपटने में विफल रहे हैं, जबकि राष्ट्रीय ऋण दोगुना हो गया है।पोयलिवर ने कोशिश जारी रखने की कसम खाई है, सरकार को गिराने का अगला अवसर अगले सप्ताह पेश किया जाएगा। यदि वह विफल हो जाता है, तो वर्ष के अंत से पहले उनके पास कुछ और मौके होंगे। अलगाववादी ब्लॉक क्यूबेकॉइस ने भी अक्टूबर के अंत से संसद में अपने निरंतर समर्थन के लिए सत्तारूढ़ लिबरल्स से रियायतों की मांग की है। ट्रूडो 2015 में सत्ता में आए, और 2019 और 2021 के मतपत्रों में पोयलिवर के दो पूर्ववर्तियों को हराकर सत्ता में बने रहने में सफल रहे। लिबरल्स को सहारा देने के लिए न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के साथ किए गए समझौते से उनकी सरकार 2025 के अंत तक सत्ता में बनी रहती।गरमागरम बहस के बाद लिबरल को हटाने और अचानक चुनाव कराने के कंजर्वेटिव प्रस्ताव के खिलाफ 211 के मुकाबले 120 वोट पड़े। हालांकि, सत्ता पर ट्रूडो की कमजोर पकड़ को आने वाले दिनों और हफ्तों में और अधिक चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि मुख्य विपक्षी कंजर्वेटिव ने मंगलवार को सरकार को गिराने की फिर से कोशिश करने की कसम खाई है। मंगलवार को कॉमन्स डिबेट के दौरान उन्होंने कहा, नौ साल की लिबरल सरकार के बाद, कनाडा का वादा टूट गया है। लेकिन अन्य विपक्षी दलों, जिनके समर्थन की लिबरल को गिराने के लिए आवश्यकता है, ने उनके दक्षिणपंथी एजेंडे का विरोध किया। लिबरल हाउस की नेता करीना गोल्ड ने टोरीज़ पर खेल खेलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह बहुत ही अटपटा है कि वे कल एक और अविश्वास प्रस्ताव पेश करने जा रहे हैं। अविश्वास प्रस्ताव के तुरंत बाद, एनडीपी ने पूंजीगत लाभ करों पर कानून पारित करने के लिए फिर से लिबरल का साथ दिया, जिससे एक और राजनीतिक संकट टल गया।

## संक्षिप्त ख़बरें

### अरे यह क्या, न्यूयॉर्क को वाशिंगटन बताने लगे बाइडेन

वाशिंगटन (ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की फिर कैमरे पर जुबान फिसल गई। बाइडेन शायद भूल गए कि वे न्यूयॉर्क में हैं और उन्होंने वाशिंगटन कहकर वैश्विक नेताओं का स्वागत किया। अमेरिकी राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर होने के बाद भी पद के लिए अपनी मानसिक और शारीरिक फिटनेस को लेकर बाइडेन को जांच का सामना करना पड़ रहा है। न्यूयॉर्क के बार्कले होटल में राष्ट्रपति ने वैश्विक नेताओं का स्वागत करते हुए उन्हें धन्यवाद कहा। इसके साथ ही बाइडेन ने कहा कि वाशिंगटन में आपका स्वागत है।बाइडेन को फिर भी अपनी भूल का अहसास नहीं हुआ और उन्होंने अपना बयान जारी रखते हुए कहा कि रूस के आक्रमण के खिलाफ युद्ध में यूक्रेन के प्रति अमेरिकी समर्थन की पुष्टि की। कीव के लिए अपने समर्थन की पुष्टि करते हुए बाइडेन ने कहा कि 944 दिनों से पुतिन ने यूक्रेन के खिलाफ अपना क्रूर हमला जारी रखा है। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा की वार्षिक बैठक के साथ ही ये कार्यक्रम बार्कले होटल में हुआ।

### इजराइल पर ड्रोन हमला, एक इमारत क्षतिग्रस्त, दो घायल

येरुशलम,(ईएमएस)। दक्षिण इजराइली शहर ईलात के बंदरगाह पर बुधवार को ड्रोन हमला किया गया और दूसरे ड्रोन को रोक लिया गया। इजराइल की बचाव सेवाओं ने कहा कि इस हमले में दो लोगों को मामूली चोट आई हैं। मीडिया पर प्रसारित तस्वीरों में बंदरगाह क्षेत्र में धुएं का गुबार और कम से कम एक क्षतिग्रस्त इमारत दिखाई दे रही है। खुद को इराक में इस्लामिक रजिस्टेंस कहने वाले एक समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है, जो ईरान समर्थित इराकी मिलिशिया का एक 'अम्ब्रेला' समूह है। इस समूह ने इजराइल पर हमले करने का दावा किया है। सेना ने कहा कि ड्रोनों को पूर्व दिशा की ओर से आते देखा गया था।

### पाकिस्तान में शिया-सुन्नी के बीच झड़पों में अब तक 25 की मौत, कई घायल

करांची,(ईएमएस)। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में भूमि विवाद को लेकर शिया और सुन्नी समुदाय के लोगों में कई दिनों से जारी झड़पों में कम से कम 25 लोगों की मौत हो चुकी है वहीं कई घायल भी हैं। मीडिया रिपोर्ट में अधिकारियों ने बताया कि अफगानिस्तान की सीमा से लगे उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कुर्रम जिले में पिछले सप्ताह के आखिर में हुईं झड़पें जारी हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार से झड़पों में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। हाल के वर्षों में कुर्रम सांप्रदायिक हिंसा का केंद्र रहा है।अधिकारियों ने बताया कि वे देश के अशांत उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में भूमि विवाद को सांप्रदायिक हिंसा में बदलने से रोकने की कोशिश कर रहे हैं। इस क्षेत्र में दोनों पक्षों के चरमपंथी समूह काफी सक्रिय हैं। प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता बैरिस्टर सैफ अली ने कहा कि अधिकारी कबायली बुजुर्गों की मदद से तनाव को कम करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कुर्रम में शांति वार्ता के बाद दोनों पक्ष हिंसा नहीं करने पर राजी हो गए हैं। सुन्नी बहुल पाकिस्तान की 24 करोड़ आबादी में करीब 15 फीसदी शिया मुसलमान हैं और दोनों समुदायों के बीच काफी समय से तनाव बना हुआ है। वैसे तो दोनों समुदाय के लोग देश में काफी हद तक शांतिपूर्ण ढंग से रहते हैं फिर भी कुछ इलाकों में खासकर कुर्रम जिले के कुछ ऐसे हिस्सों में उनके बीच दशकों तनाव देखा जाता है जहां शिया समुदाय का प्रभुत्व है। जुलाई में भी भूमि विवाद को लेकर दोनों पक्षों के कई लोगों की मौत हो गई थी।

### अवैध प्रवासियों की घुसपैठ को लेकर अमेरिका-मैक्सिको सीमा का दौरा करेंगी हैरिस

वाशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव में प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप खेमे से देश के दक्षिण में असुरक्षित सीमा से अवैध प्रवासियों की बड़े पैमाने पर घुसपैठ को लेकर उपराष्ट्रपति और डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस वर्तमान स्थिति का आकलन करने अमेरिका-मैक्सिको सीमा का दौरा करेंगी।हैरिस की चुनाव प्रचार अभियान टीम ने ऐलान किया कि उपराष्ट्रपति शुक्रवार को डगलास, एरिजोना की यात्रा करेंगी जो अमेरिका-मैक्सिको सीमा के पास है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी अभी उपलब्ध नहीं हो पाई है। इस सप्ताह के शुरुआत में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप की चुनाव प्रचार अभियान टीम ने आरोप लगाया था कि कमला हैरिस राजनीतिक कारणों से अमेरिक-मैक्सिको सीमा की यात्रा कर रही हैं। जुलाई में राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार घोषित होने के बाद सीमाई क्षेत्र की हैरिस की यह पहली यात्रा होगी। एरिजोना से हैरिस सैन फ्रांसिस्को जाएंगी और फिर चंदा जुटाने के कार्यक्रम के लिए लॉस एंजिलिस भी जाएंगी। उनकी नेवादा जाने की भी योजना है।

### कैलिफोर्निया में मंदिर पर हमला, लिखे नफरती संदेश- हिंदुओं वापस जाओ

वाशिंगटन,(ईएमएस)। कैलिफोर्निया में बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर को हिंदू विरोधी मैसेज लिखे गए। अमेरिका में आठ दिनों के अंदर यह दूसरी ऐसी घटना है। बीएपीएस पब्लिक अफेयर्स ने कहा कि सैक्रामेंटो में उनके मंदिर पर हिंदुओं वापस जाओ मैसेज लिखा गया है। सोशल मीडिया पोस्ट में बीएपीएस ने कहा कि हम शांति के लिए प्रार्थना करते हैं नफरत के खिलाफ एकजुट हैं।पुलिस ने कहा कि वे माथेर में बीएपीएस हिंदू मंदिर में हेट क्राइम की जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आरोपियों ने पानी की लाइनें भी काट दी थीं। इससे पहले भी 16 सितंबर को न्यूयॉर्क के मेलविले में बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर के बाहर सड़क और साइनेज पर हिंदुओं के खिलाफ अपशब्द लिखे गए थे। जहां पीएम नरेंद्र मोदी ने अमेरिका यात्रा के दौरान एक कार्यक्रम को संबोधित किया था।भारतीय-अमेरिकी कांग्रेसी अमी बेरा ने हिंदू मंदिर में हुई तोड़फोड़ पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सैक्रामेंटो में धार्मिक कट्टरता और घृणा के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मैं हमारे समुदाय में हुई इस बर्बरता की कड़ी निंदा करता हूं। हम सभी को असहिष्णुता के खिलाफ खड़ा होना चाहिए और यह तय करना चाहिए कि चाहे वह किसी भी धर्म का हो, सुरक्षित और सम्मानित महसूस करे। एक अन्य भारतीय-अमेरिकी कांग्रेसी रो खन्ना ने कहा कि हिंदू अमेरिकियों के खिलाफ इस तरह की नफरत और बर्बरता भयावह और नैतिक रूप से गलत है। उन्होंने कहा कि न्याय विभाग को इन घृणा अपराधों की जांच करनी चाहिए और जिम्मेदार लोगों को पूरी तरह जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

### इजरायली लड़ाकू विमानों ने 90 गांवों और कस्बों को निशाना बनाया, 51 की मौत

बेरूत(ईएमएस)। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने दावा किया है कि लेबनान में जारी इजरायली हवाई हमलों में करीब 51 लोगों की मौत हो गई जबकि 223 लोग घायल हो गए। मंत्रालय ने बुधवार को दक्षिणी और पूर्वी लेबनान में बिंट जेबिल, ऐन काना, कब्रिखा और तेबनीने सहित कई स्थानों पर हुई जनहानि की पुष्टि की। नाम न छापने की शर्त पर सैन्य सूत्रों ने बताया कि इजरायली लड़ाकू विमानों ने दक्षिणी और पूर्वी लेबनान में लगभग 90 गांवों और कस्बों को निशाना बनाया।आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि दो दिवसीय हमलों में लेबनान में 550 से अधिक लोग मारे गए हैं और लगभग 1,800 घायल हुए हैं। शिया उग्रवादी समूह के अनुसार, मंगलवार को बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में एक आवासीय इमारत पर इजरायली हवाई हमले में हिजबुल्लाह कमांडर इब्राहिम मोहम्मद कुबैसी और पांच अन्य मारे गए थे। दक्षिणी इजरायल पर हमास के हमले के बाद 8 अक्टूबर, 2023 से इजरायल और हिजबुल्ला के बीच सीमा पार संघर्ष जारी है।इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने बताया कि हिजबुल्लाह ने बुधवार सुबह तेल अवीव पर सतह से सतह पर मिसाइल दागी, जिससे शहर और आस-पास के इलाकों में सायरन बजने लगे। आईडीएफ ने कहा कि उसने डेविड स्लिंग रक्षा प्रणाली का इस्तेमाल करके मिसाइल को रोक दिया, इसमें किसी के हताहत होने या किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। सेना ने आगे कहा कि उसने दक्षिणी लेबनान के नफाखियाह में हिजबुल्लाह लांचर को ध्वस्त कर दिया। आईडीएफ ने एक बयान में कहा, उसने स्थितिगत आकलन के बाद इजरायल-लेबनान सीमा पर दो रिजर्व ग्राउंड ब्रिगेड को बुलाया है, साथ ही कहा कि सैनिकों को उत्तरी मोर्चे पर परिचालन गतिविधियों के लिए तैनात किया जाएगा। यह तैनाती हिजबुल्लाह के विरुद्ध संघर्ष को जारी रखने, इजरायल की रक्षा करने और उत्तरी इजरायल के निवासियों को उनके घरों में वापस लौटने के लिए परिस्थितियां बनाने में सक्षम करेगी।

### लेबनान में लगातार बढ़ रहे हैं इजरायली हमले

बेयरुत (ईएमएस)। इजरायली सेना ने लेबनान में हिजबुल्ला के 1300 से अधिक ठिकानों को निशाना बनाया। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, सोमवार को इजरायली एयर स्ट्राइक में 356 लोगों की मौत हो गई और 1,200 से अधिक लोग घायल हुए। इस हमले के पीछे क्या कारण हैं, यह जानने की उत्सुकता लोगों के मन में उठ रही है। 7 अक्टूबर को हमास द्वारा इजरायल पर बड़े पैमाने पर हमले के बाद, इजरायल ने हमास के खिलाफ युद्ध की घोषणा की थी। इस बीच, हिजबुल्ला ने हमास के समर्थन में इजरायल के खिलाफ एक दूसरे मोर्चे से संघर्ष छेड़ दिया। हिजबुल्ला ने लगातार इजरायल को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया, जिसके जवाब में इजरायली सेना ने भी जवाबी कार्रवाई की। हिजबुल्ला के पास भारी हथियारों से लैस गैर-सरकारी समूहों की एक मजबूत फौज है, जिसमें रॉकेट और ड्रोन शामिल हैं, जो इजरायल के किसी भी हिस्से को निशाना बना सकते हैं।

# नेतन्याहू का संकल्प : हिजबुल्लाह का सर्वनाश कर के रहेगा इजरायल



तेहरान(ईएमएस)। हिजबुल्लाह के सर्वनाश को लेकर इजरायल ने बड़ा बयान दिया है। इजरायल के सैन्य प्रमुख ने बुधवार को सैनिकों से कहा कि लेबनान में उसके हवाई हमलों का उद्देश्य हिजबुल्लाह के बुनियादी ढांचे को नष्ट करना है। इसके साथ ही इजरायली बलों द्वारा संभावित जमीनी घुसपैठ के लिए जमीन तैयार करना है।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इजरायल की सेना के प्रमुख हर्जी हलेवी ने लेबनान के साथ देश की उत्तरी सीमा का दौरा करते हुए सैनिकों से कहा, आप ऊपर से जेट विमानों की आवाज़ सुन रहे हैं, हम पूरे दिन हमला कर रहे हैं। यह आपके संभावित प्रवेश के लिए ज़मीन तैयार करने और हिजबुल्लाह को नीचा दिखाने के लिए है। हलेवी ने कहा कि घुसपैठ का लक्ष्य देश के उत्तर में सीमा पार से गोलीबारी से विस्थापित हुए हज़ारों इजरायलियों को उनके घरों में वापस लौटने की अनुमति देना है।यह टिप्पणी तब आई है जब इजराल ने लेबनान में अपने हवाई हमलों को बढ़ा दिया और एक मिसाइल को मार गिराया, जिसके बारे में हिजबुल्लाह ने कहा कि उसने तेल अवीव के पास इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद के मुख्यालय को निशाना बनाया था। यह पहली बार है जब ईरान समर्थित आतंकवादी समूह ने इज़रायली क्षेत्र में इतनी गहराई तक हमला करने की कोशिश की है। पिछले हफ़्ते, इजरायल ने उत्तर में अपने निवासियों को उनके घरों में वापस भेजना अपना स्पष्ट युद्ध लक्ष्य बनाया। अगले दिन, लेबनान में हिजबुल्लाह के आतंकवादियों के सैकड़ों पेजर फट गए। उसके अगले दिन, हिजबुल्लाह के वॉकी-टॉकी भी फट गए। दोहरे हमलों में दर्जनों लोग मारे गए और हजारों घायल हुए। पिछले हफ्ते, इजरायल ने उत्तर में अपने निवासियों को उनके घरों में वापस भेजना अपना स्पष्ट युद्ध लक्ष्य बनाया। अगले दिन, लेबनान में हिजुबल्लाह के आतंकवादियों के सैकड़ों पेजर फट गए।

# बांग्लादेश में मूर्तियां तोड़ीं और कहा दुर्गा पूजा करना है तो 5 लाख दो



ढाका(ईएमएस)। बांग्लादेश में खुले तौर पर हिंदुओं को डराया धमकाया जा रहा है। उन्हे पूजा करने और मंदिर जाने से रोका जा रहा है। यहां तक नवरात्रि की तैयारियों में भी उन्होंने अड़चने शुरु कर दी हैं। मूर्तियों को तोड़कर साफ कहा जा रहा है कि यदि दुर्गा पूजा करना है तो 5 लाख रुपए देना ही होंगे। इस्लामी कट्टरपंथी समूहों ने मंदिरों और समितियों को धमकी भरे पत्र भेजे हैं, जिनमें 5 लाख बांग्लादेशी टका की मांग की गई है। कहा गया है कि रकम नहीं देने पर पूजा नहीं करने दी जाएगी। समुदाय के सदस्यों का कहना है कि दुर्गा जी की प्रतिमा को तोड़ने और जबरन वसूली के लिए धमकियों के कई मामले सामने आए हैं।खबर है कि कई पूजा समितियों को अज्ञात पत्र मिले हैं, जिनमें रकम नहीं चुकाने पर परिणाम भुगतने और दुर्गा पूजा नहीं करने देने की धमकियां दी गई हैं। रिपोर्ट के अनुसार, कई स्थानों पर मूर्तियों को तोड़े जाने के भी मामले सामने आए हैं। 22 सितंबर को मदरसा के कुछ लड़कों ने लक्ष्मीगंज जिले के रायपुर इलाके में दुर्गा प्रतिमाओं को तोड़ दिया था। बरगुना जिले के एक मंदिर भी प्रतिमाओं को तोड़े जाने की घटनाएं हुई थीं।हाल ही में हिंदू समुदाय के सदस्यों ने चटगांव और खुलना जिले के अधिकारियों के सामने शिकायत दर्ज कराई है। वहीं, बांग्लादेश हिंदू-बौद्ध-ईसाई एकता समिति ने भी मोहम्मद यूनुस की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। समिति ने 6 सदस्यों का एक सेल भी तैयार किया है, जो अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा का ध्यान रखेगा और स्थिति पर नजर रखेगा।सतखीरा जिले के एक स्थानीय हिंदू समुदाय के नेता विवेकानंद रे ने कहा, कुछ कट्टरपंथियों ने दुर्गा जी की प्रतिमा और पंडालों में तोड़फोड़ की है। हम दुर्गा पूजा की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन इस साल ऐसा लग रहा है कि हिंदुओं के लिए हमारा सबसे बड़ा त्योहार मनाना मुश्किल होगा, क्योंकि सरकार दर्शक बन गई है और पुलिस कोई मदद नहीं कर रही है।स्थानीय चैनल से बातचीत में चटगांव जिले के सनातन विद्यार्थी संसद के अध्यक्ष कुशल चक्रवर्ती ने कहा, हमारे मन में डर है। हम हमारी सुरक्षा के लिए सरकार से संपर्क कर रहे हैं। फरीदपुर, खुलना और कई अन्य जगहों पर प्रतिमाओं को तोड़ा गया है। हम दुर्गा पूजा की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन डर बना हुआ है।

# श्रीलंका की कमान वामपंथी के हाथ अब चीन ने किया प्रोपेगेंडा



बीजिंग (ईएमएस)। श्रीलंका में 56 साल के मार्क्सवादी नेता अनुरा कुमारा दिसानायके ने राष्ट्रपति चुनाव जीत लिया है। श्रीलंका में राष्ट्रपति चुनाव में एक वामपंथी नेता की जीत से चीन बेहद खुश हो रहा है। चीनी जानकार अभी से खुशी से उछल कर कह रहे हैं कि दिसानायके के सत्ता में आने से भारत पर श्रीलंका की निर्भरता कम होगी। उनका कहना है कि वामपंथी दिसानायके के सत्ता में आने से श्रीलंका के साथ चीन के संबंध और मजबूत होने और बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव में भी तेजी आएगी।साल 2022 में श्रीलंका के आर्थिक, राजनीतिक संकट के दौरान देश के अंदर से भी चीन के बीआरआई के खिलाफ आवाज उठी थीं। लेकिन अब जबकि श्रीलंका में सत्ता परिवर्तन हुआ है और नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) के दिसानायके को देश का नया राष्ट्रपति चुन लिया गया है, चीन को उम्मीद है कि दोनों देशों के संबंध मजबूत होने और बीआरआई प्रोजेक्ट्स पर तेजी से काम होगा।दिसानायके की जीत पर चीन के सरकारी अखबार ने एक लेख छापा है जिसमें कई चीनी विशेषज्ञों ने कहा है कि दिसानायके के आने के बाद चीन-श्रीलंका संबंध और मजबूत होने वाले है। ग्लोबल टाइम्स ने लिखा, श्रीलंका की नई सरकार के आने के बाद दोनों देशों के संबंधों के और बेहतर होने की उम्मीद है। ऐसा इसलिए क्योंकि दिसानायके की पार्टी की विचारधारा चीन के साथ मेल खाती है और चीन के साथ देश के संबंधों को महत्व देती है। रिपोर्ट में भारत का जिक्र करते हुए कहा गया कि श्रीलंका के नए राष्ट्रपति भारत पर अपनी निर्भरता कम करने और चीन से अधिक जुड़ने का काम करेंगे।लेख के अंत में लिखा, श्रीलंका की नई सरकार देश की आर्थिक स्थिति में सुधार के बीच अपनी अर्थव्यवस्था के विकास और अपने लोगों की आजीविका में सुधार को प्राथमिकता देगी. यह दिखाता है कि चीन-श्रीलंका संबंधों में बड़ी संभावनाएं हैं, क्योंकि चीन श्रीलंका को बीआरआई में एक महत्वपूर्ण देश के रूप में देखता है। चीन ने श्रीलंका में बंदरगाहों समेत कई इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में निवेश किया है जिससे वहां के लोगों को फायदा हुआ है।श्रीलंका की नई सरकार के पास भारत-चीन के साथ संतुलन बनाने की बड़ी चुनौती है। नई सरकार को लेकर कहा जा रहा है कि यह चीन की तरफ झुकी हुई हो सकती है हालांकि, पार्टी ने आश्वासन दिया है कि पार्टी किसी भू-राजनैतिक प्रतिद्वंद्विता में नहीं पड़ेगी। दिसानायके की एनपीपी पार्टी के प्रवक्ता बिमल रत्नायके ने कहा, श्रीलंका की जमीन का इस्तेमाल किसी भी देश के खिलाफ नहीं होगा।

### समुद्री बंदर के अंडे कई वर्षों तक रह सकते हैं निष्क्रिय

लंदन (ईएमएस)। क्या आप जानते है कि समुद्री बंदर, या सी मंकी की सबसे खास बात यह है कि उनके अंडे कई वर्षों तक निष्क्रिय रह सकते हैं। इन अंडों में जब पानी डाला जाता है, तो ये तुरंत जीवित हो जाते हैं। यह प्रक्रिया क्रिप्टोबायोसिस के नाम से जानी जाती है, जो उन्हें चरम परिस्थितियों में भी जीवित रहने की क्षमता देती है। इनकी कहानी 1950 के दशक में शुरू हुई, जब इन्हें इंस्टेंट पेट के रूप में मार्केट किया गया। 1957 में, हेरोल्ड वॉन ब्रौनहुत ने इन्हें विकसित किया, जिससे ये बच्चों और वयस्कों में तेजी से लोकप्रिय हो गए। सी मंकी का जीवन चक्र भी रोचक है। जब अंडे पानी में डाले जाते हैं, तो बेजान अंडे लगभग तुरंत फूटने लगते हैं। जो छोटे जीव निकलते हैं उन्हें नॉप्लिअस लार्वा कहा जाता है, और ये 8-10 हफ्तों में पूरी तरह से विकसित वयस्क बन जाते हैं। इस दौरान, उनका बढ़ता हुआ और बदलता हुआ रूप सी मंकी को पालने वालों के लिए एक अद्भुत अनुभव होता है। समुद्री बंदरों की एक अन्य अनोखी विशेषता है उनकी श्वसन प्रक्रिया। वे अपने पैरों से सांस लेते हैं, जिसे शाखा श्वसन कहा जाता है। यह प्रक्रिया उन्हें पानी से ऑक्सीजन अवशोषित करने में मदद करती है, जो कई जलीय आर्थ्रोपोड्स में आम है। सी मंकी केवल एक आंख के साथ पैदा होते हैं, और जैसे-जैसे वे बड़े होते हैं, उनकी दो और आंखें विकसित होती हैं। यह उन्हें जानवरों की दुनिया में एक विशेष स्थान देता है। इसके अलावा, ये जीव केवल 2 इंच लंबे होते हैं, और 2-3 महीने तक जीवित रहते हैं। इनकी फोटोटैक्टिसिटी, अर्थात प्रकाश की ओर आकर्षित होना, इन्हें टैंक में प्रकाश की ओर तैरते हुए देखने का मौका देती है। यह न केवल बच्चों के लिए मनोरंजक है, बल्कि उनके लिए एक शैक्षिक अनुभव भी प्रदान करता है। इस प्रकार, सी मंकी न केवल एक पालतू जानवर हैं, बल्कि विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने का एक माध्यम भी हैं। बता दें कि सी मंकी एक अनोखा और आकर्षक जीव है जो बच्चों और वयस्कों दोनों का ध्यान खींचता है। ये जीव वास्तव में छोटे नमकीन झींगे होते हैं, जिन्हें वैज्ञानिक रूप से आर्टेमिया सलीना के नाम से जाना जाता है। इनका जीवन चक्र और अद्भुत विशेषताएँ इन्हें एक शैक्षिक अनुभव के रूप में प्रस्तुत करती हैं।

### हाइपोक्सिया में जाकर बटन दबाते ही चली जाती है जान, दुनिया में मचा बवाल

वाशिंगटन : । हाइपोक्सिया मौत शब्द शायद आपने पहली बार सुन रहे होगे लेकिन इस समय यह दुनिया भर में बवाल मचा रहा है। स्विट्जरलैंड में इस मामले में एक के बाद एक कई गिरफ्तारियां हो रही हैं। अमेरिका की एक बुजुर्ग महिला की मौत के बाद यह मामला इस कदर गरमा कि स्विट्जरलैंड के आंतरिक मंत्री को भी इस पर बयान देना पड़ा। उन्होंने कहा कि ऐसा करना गैरकानूनी है। दरअसल, यह पूरा मामला इच्छामृत्यु से जुड़ा है। भारत समेत ज्यादातर देशों में इच्छामृत्यु गैर-कानूनी है। हाइपोक्सिया एक कैप्सूल जैसी दिखने वाली चीज है, जिसके अंदर जाकर एक अमेरिकी महिला ने अपनी जान दी।हाइपोक्सिया मौत के कैप्सूल में जाते ही इच्छामृत्यु को अपनाने वाले इंसान को अंदर जाकर एक बटन दबाना होता है जिसके बाद अंदर मौजूद ऑक्सीजन नाइट्रोजन में बदल जाती है, जिससे उस इंसान की मौत हो जाती है। स्विट्जरलैंड में इच्छामृत्यु पर बैन है, लेकिन सहायता प्राप्त मृत्यु कानूनी है।

# नासा कर रहा शुक्रयान की तैयारी, शुक्र रहस्यमयी ग्रह, ऑक्सीजन है, जीवन नहीं



वाशिंगटन (ईएमएस)। केंद्र सरकार ने नासा के तीन बड़े अभियानों के लिए हरी झंडी दे दी है। इसमें एक अभियान वीनस (शुक्र) पर जाने के लिए है। दो अन्य अभियान स्पेस स्टेशन बनाने और चंद्रयान-4 को फिर चांद पर भेजने का अभियान है। ठीक चार साल बाद भारत का शुक्रयान इस ग्रह पर रवाना होगा उसकी आर्बिट में पहुंच कर उसपर नजर रखेगा। जानकारियां इकट्ठा करेगा. शुक्र ऐसा रहस्यमयी ग्रह है, जहां ऑक्सीजन तो है लेकिन जीवन नहीं. हालांकि इसके और पृथ्वी के बीच बहुत सी समानताएं हैं।दरअसल शुक्र ग्रह के बारे में जानने में दिलचस्पी पूरी दुनिया को है। 1960 में ये काम शुरू हुआ। अब तक 46 मिशन वहां जा चुके हैं। इसमें अमेरिका, रूस, जापान और यूरोप शामिल हैं। अब चीन भी वहां जाने की तैयारी कर चुका है और साथ में भारत भी। पिछले 64 सालों में दुनिया की दिलचस्पी शुक्र के लिए क्यों बढ़ी है। शुक्र पृथ्वी का सबसे नजदीकी ग्रह है। इतने सारे वीनस मिशन से ये समझने की कोशिश हो रही है कि शुक्र ग्रह नरक जैसा ग्रह कैसे बन गया जबकि इसमें पृथ्वी की तरह विशेषताएं हैं। ये सौरमंडल का ऐसा ग्रह है जो रहने योग्य हो सकता है1 जहां ऑक्सीजन है और पानी भी जो समुद्र की तरह लहराते हैं।भारत 2028 में इसके आर्बिट में अपना यान भेजेगा। इसके लिए 1,236 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं, जिनमें से 824 करोड़ अंतरिक्ष यान की ओर जाएंगे। इसके जरिए शुक्र के वातावरण, सौर विकिरण और वायु का अध्ययन करेगा। शुक्र ग्रह पर ऐसी बहुत सी जानकारी हैं जो हमें पृथ्वी और ग्रहों को बेहतर तरीके से समझने में मदद कर सकती हैं। शुक्र के लिए एक मिशन पहली बार 2012 में तिरुपति अंतरिक्ष सम्मेलन में प्रस्तुत किया गया था लेकिन ये आगे नहीं बढ़ पाया। इसको लेकर इसरो का अध्ययन जारी रहा। 2017 में इसरो ने ये तय किया कि वह शुक्र ग्रह के लिए अपना मिशन भेज सकता है. इसके लिए वह अब तैयार है। इसरो का यान शुक्र ग्रह की कक्षा में 55 किलोमीटर से उस पर नजर रखेगा और जानकारियां भी भेजेगा।मंगल और चंद्रमा पर जीवन के लिए स्थितियां अनुकूल नहीं हैं तो वहीं शुक्र पर हालात जीवन को खत्म कर देने वाले हैं। चंद्रमा और मंगल पर उपकरणों के साथ जिंदा रहा जा सकता है, वहां शुक्र ग्रह पर ऐसा करना असंभव है। शुक्र ग्रह पर ऑक्सीजन है तो सही लेकिन उस रूप में नहीं कि उसमें सांस ली जा सके। वैज्ञानिकों ने शुक्र के वायुमंडल में दिन और रात दोनों समय परमाण्विक ऑक्सीजन का पता लगाया है। यह ऑक्सीजन वहां के वायुमंडल में सल्फ्यूरिक एसिड के बादलों की दो परतों के बीच 100 किलोमीटर की ऊंचाई पर मिलती है।ऑक्सीजन का निर्माण दिन के समय होता है जब सूर्य की पराबैंगनी किरणें कार्बन डाइऑक्साइड और कार्बन मोनोऑक्साइड को तोड़ती हैं फिर हवाएं कुछ ऑक्सीजन को रात की ओर ले जाती हैं। इस ऑक्सीजन का तापमान दिन में माइनस 120 डिग्री सेल्सियस से लेकर रात को माइनस 160 डिग्री सेल्सियस के बीच रहता है। शुक्र ग्रह पर मौजूद ऑक्सीजन पृथ्वी पर मौजूद उस ऑक्सीजन से अलग है जिसे मनुष्य सांस के जरिए ग्रहण करते हैं, जो दो जुड़े हुए ऑक्सीजन परमाणुओं से बनी होती है। शुक्र ग्रह पर ऑक्सीजन एकल स्वतंत्र रूप से तैरते ऑक्सीजन परमाणुओं से बनी है ये ऑक्सीजन फेफड़ों को खराब कर देती है। वहां का वायुमंडल कार्बनडाइऑक्साइड और सल्फ्यूरिक एसिड के बादलों से भरपूर है। वायुमंडल में तापमान भी बहुत ज्यादा है। सतह पर वहां तापमान हमेशा 450 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा होता है।

## प्रधानमंत्री ने शतरंज ओलंपियाड विजेताओं से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी



नई दिल्ली (ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अपने आवास पर शतरंज ओलंपियाड विजेजा खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें जीत की बधाई देते हुए कहा कि ये एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। साथ ही कहा कि जीत की सोच ही आपको विजेता बनाती है। भारतीय पुरुष और महिला खिलाड़ियों ने शतरंज आलंपियाड के दोनो ही वर्गों में स्वर्ण पदक जीत है। प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों से कहा कि आपकी इस सफलता से पूरे देश में खुशी की एक लहर है।

खिलाड़ियों से मुलाकात का एक वीडियो सोशल मीडिया पर आया है। इसमें प्रधानमंत्री को खिलाड़ियों के साथ बातचीत करते हुए, उनके अनुभवों को सुनते हुए और उनके खेल से जुड़े कई मुद्दों पर बातचीत करते हुए सुना जा सकता है। प्रधानमंत्री ने शतरंज के खेल को बेहतर बनाने के लिए एआई के इस्तेमाल पर भी इन विजेताओं से सवाल पूछा, जिस पर ग्रैंड मास्टर आर प्रगनानंदा ने कहा, एआई के साथ, शतरंज का भी विकास हुआ है, नया सॉफ्टवेयर है और कंप्यूटर शतरंज में नए विचार दिखा रहे हैं। हम नई तकनीक से काफी कुछ सीख रहे हैं।प्रधानमंत्री ने कहा, जब किसी देश का विकास होता है तो केवल उसकी आर्थिक स्थिति, जीडीपी ही नहीं देखी जाती। हमें हर क्षेत्र में विकास करना होता है। ठीक वैसे ही खेल में भी हमारे बच्चे आगे बढ़ें इसके लिए हम पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। वहीं ग्रैंडमास्टर हरिका द्रोणावल्ली ने कहा, हमारे विरोधी भी हमारे लिए बहुत खुश थे। ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में, दर्शक हमारे लिए उत्साहित होने लगे हैं।वीडियो में देखा जा सकता है कि भारतीय टीम ने पीएम मोदी को शतरंज बोर्ड उपहार में दिया। मुलाकात के दौरान पीएम मोदी ने आर. प्रगनानंदा और अर्जुन एरिगैसी का शतरंज मैच देखा। साथ ही उन्होंने खिलाड़ियों से बातचीत भी की। पीएम मोदी से मुलाकात के दौरान सभी खिलाड़ी बेहद खुश नजर आए। पीएम मोदी ने सभी के साथ तस्वीरें भी खिंचवाई। भारतीय महिला टीम में वैशाली रमेश बाबू, डी हरिका, तानिया सचदेवा, दिव्या देशमुख और वंतिका अग्रवाल शामिल थीं। जबकि, पुरुष टीम से आर. प्रगनानंदा, अर्जुन एरिगैसी, डी. गुकेश, हरिकृष्ण और विदित गुजराती पीएम मोदी से मिलने पहुंचे।

## भारत- बांग्लादेश दूसरा टेस्ट आज से

# जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

### सुबह 9.30 बजे से शुरु होगा मैच



कानपुर (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम शुक्रवार से यहां बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच को जीतकर सीरीज 2-0 से अपने नाम करने उतरेगी। इस मैच में भारतीय टीम उत्साहित होकर उतरेगी क्योंकि उसने पहला टेस्ट 280 रनों के भारी अंतर से जीता था। भारतीय टीम बल्लेबाजी और गेंदबाजी सहित हर क्षेत्र में हावी रही थी। इस मैच में भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली पर सभी की नजरें रहेंगी। ये दोनो पहले टेस्ट में असफल रहे थे। ऐसे में प्रशंसक इस मैच में इनसे बड़ी पारी की उम्मीद करेंगे। भारत ने चेन्नई में खेले गए पहले टेस्ट मैच में आर अश्विन के ऑलराउंड प्रदर्शन के साथ ही ऋषभ पंत , शुभमन गिल के शतक से बड़ी जीत दर्ज की थी। भारतीय टीम को पहले मैच में अध्यक्रम और निचले क्रम के बेहतर प्रदर्शन से जीत मिली। इसके अलावा गेंदबाजों ने भी प्रभावी प्रदर्शन किया।

बांग्लादेश के तेज गेंदबाजों ने पहले दिन भारतीय टीम पर दबाव बनाया था पर इसक बाद भी टीम ने जबरदस्त वापसी की थी। ऐसे में अब भारतीय टीम की नजरें स्वदेश में लगातार 18वीं सीरीज जीतने पर रहेंगी। ऋषभ ने कार हादसे के बाद लंबे समय बाद जिस प्रकार से पहले टेस्ट में खेला है। उससे ये उम्मीद है कि वह इस मैच में भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। वहीं दूसरी ओर पहले टेस्ट में बांग्लादेश के तेज गेंदबाजों हसन महमूद और तस्कीन अहमद ने अच्छी गेंदबाजी की थी। वहीं ग्रीन पार्क के विकेट से स्पिनरों और तेज गेंदबाजों दोनो को ही सहायता मिलती रही है। भले ही इसमें शुरूआत में तेज गेंदबाजों को कुछ मदद मिलने की उम्मीद है पर खेल आगे बढ़ाने के साथ इसकी प्रकृति में बदलाव होने की संभावना है। ऐसे में भारतीय टीम तीन तेज गेंदबाजों के बजाय तीन स्पिनरों को अंतिम एकादश में शामिल कर सकता है। ऐसी स्थिति में आकाशदीप की जगह कुलदीप यादव को भी अवसर मिल सकता है। वहीं भारतीय टीम अगर बल्लेबाजी को अधिक मजबूत करना चाहेगा तो फिर अक्षर पटेल को कुलदीप की जगह पर रखा जा सकता है। बांग्लादेश की बात है तो पहले टेस्ट मैच में उसके बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे जिसे देखते हुए वह अपनी टीम में बदलाव कर सकता है। उसके बल्लेबाज पहली पारी में भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के सामने टिक नहीं चल पाए थे जबकि दूसरी पारी में अश्विन की स्पिन के सामने उन्होंने समर्पण कर दिया था।

बांग्लादेश के लिए राहत की बात ये है कि ऑलराउंडर शाकिब अल हसन इस मैच में खेलेंगे। मुख्य कोच चंडिका हथुरुसिंघे ने कहा कि यह स्टार ऑलराउंडर खेलने के लिए उपलब्ध है। बांग्लादेश की टीम तेज गेंदबाज नाहिद राणा की जगह बाएं हाथ के स्पिनर ताईजुल इस्लाम को अंतिम एकादश में शामिल कर सकता है। इसके अलावा जरुरत पड़ने पर ऑफ स्पिनर नईम हसन को भी टीम में जगह मिल सकती है। इस मैच में भारतीय टीम के ऑलराउंडर जडेजा के पास अपने 300 विकेट और 3000 रन का अनोखा डबल बनाने का अवसर है। उन्होंने अभी तक 73 टेस्ट मैच में 299 विकेट और 3122 रन बनाए हैं। इंग्लैंड के इयान बॉथम ने 72 टेस्ट मैच में यह उपलब्धि हासिल की थी और जडेजा के पास उनके बाद सबसे कम मैच में इस मुकाम पर पहुंचने का मौका है।

दोनो टीमें इस प्रकार हैं :भारत : रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुबमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रवींद्र जड़ेजा, रविचंद्रन अश्विन, जसप्रित बुमरा/ कुलदीप यादव, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज।

बांग्लादेश : नजमुल हुसैन शान्तो (कप्तान),शादमान इस्लाम, जाकिर हसन, मोमिनुल हक, मुश्फिकुर रहीम, शाकिब अल हसन, लिट्टन दास (विकेटकीपर), मेहदी हसन मिराज, तस्कीन अहमद, हसन महमूद, नाहिद राणा।

## कमिंस, सोशल ने नेट अभ्यास की तस्वीरें सोशल मीडिया में साझा कीं

सिडनी (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कप्तान पैट कमिंस ने इस साल के अंत में होने वाली बॉर्डर गावस्कर सीरीज के लिए अपनी तैयारियां तेज कर दी है। कमिंस ने इस सीरीज के लिए मेजर लीग क्रिकेट के बाद ब्रेक ले लिया था। कमिंस ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी साझा किया है। इसमें वह नेट्स पर अभ्यास करते हुए उत्साहित दिख रहे हैं। कमिंस इस दौरान अच्छे फॉर्म में नजर आये। उन्होंने कहा कि वह सीरी के लिए तैयार हो रहे हैं। कमिंस ने कहा, शानदार गर्मियों के लिए तैयार हो रहा हूं। प्री-सीजन ब्रेक के बाद गेंद हाथों में है, चलो चलते हैं!

कमिंस ने कहा कि वह बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में ऋषभ पंत पर अंकुश लगाने की रणनीति अपनाएंगे। इस दौरान कमिंस ने कहा ये विकेटकीपर बल्लेबाज एक गेम-चेंजर हैं और उसे शांत रखना जरुरी है। साथ ही कहा कि , वह एक ऐसा खिलाड़ी है जिसने कुछ सीरीज में बड़ा प्रभाव डाला है और हमें उसे रोकना होगा।

## टी20 सीरीज में अनुभवी खिलाड़ियों को मिलेगा आराम

# सूर्यकुमार , हार्दिक और रिंकू सहित कई खिलाड़ियों को मिलेगी जगह



मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ अगले माह एक टी20 सिरीज खेलेगी। इसके टीम कई बदलावों के साथ नजर आयेगी क्योंकि टेस्ट खेल रहे कई खिलाड़ियों को आराम दिया जाएगा। ऐसे में टी20 टीम में आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव, ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, रियान पराग, संजू सैमसन, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, रवि बिश्नोई, और खलील अहमद को शामिल किया जाएगा। ये खिलाड़ी पहले भी श्रीलंका दौरे पर भारतीय टी20 टीम में शामिल रहे थे। ये टी20 सीरीज 6 अक्टूबर से खेली जाएगी और इसके लिए बीसीसीआई जल्द ही खिलाड़ियों के नामों की घोषणा कर सकती है। इसमें ये तय है कि टेस्ट टीम के ज्यादार खिलाड़ी टी20 टीम में नहीं रहेंगे। टेस्ट सीरीज में शामिल ऋषभ पंत, केएल राहुल, रविचंद्रन अश्विन और जसप्रीत बुमराह को आराम दिया जाना तय है क्योंकि आगे भारतीय टीम को कई टेस्ट सीरीज खेलनी हैं। वहीं तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज, और सरफराज खान भी टी20 टीम में नहीं रहेंगे जबकि शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, आकाश दीप, यश दयाल, और ध्रुव जुरेल में से कुछ को ईरानी कप और आगामी टेस्ट सीरीज को देखते हुए आराम दिया जा सकता है।

## भारतीय टीम इस बार टी20 महिला विश्व कप क्रिकेट खिताब जीतेगी : पूनम यादव



नई दिल्ली (ईएमएस)। लेग स्पिनर पूनम यादव ने कहा है कि भारतीय टीम इस बार महिला टी20 विश्व कप जीतेगी। भारतीय टीम अपने पहले मैच में 4 अक्टूबर को न्यूजीलैंड का मुकाबला करेगी। पूनम को हालांकि इस टीम में जगह नहीं मिली है पर उसका मानना है भारत ने अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम भेजी है। पूनम ने कहा कि टीम के नये कोच अमोल मजूमदार के आने के बाद फील्डिंग और फिटनेस भी बेहतर हुई है। इसके अलावा स्किल कैंप से भी टीम को लाभ होगा। पूनम ने कहा कि इससे अपने खेलने के स्थान को लेकर खिलाड़ी आश्वस्त रहता है जिससे वह अपना खेल भी बेहतर बना सकता है। साथ ही कहा कि इन सभी का लाभ विश्वकप में मिलेगा।

भारतीय टीम को इससे पहले साल 2020 में अपने पहले टी20 विश्व कप फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। तब भारतीय टीम 185 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 99 रनों पर ही सिमट गयी थी। साल 2022 के पिछले टी20 विश्व कप में भी भारतीय टीम सेमीफाइनल में पहुंची थी पर तब उसे ऑस्ट्रेलिया ने हरा दिया था।

पूनम के अनुसार जिस प्रकार से टीम ने कोच की निगरानी में अच्छी तैयारी की है उसका भी उसे लाभ मिलेगा। इससे अंदाजा होता है कि इस बार टीम जीत में कोई कमी नहीं रखेगी।



ब्रुनेई में विश्व जूनियर वुशी चैम्पियनशिप की विजेता खिलाड़ी पदक के साथ पोज देती हुईं।

## ऋषभ की आईसीसी बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष दस में वापसी

दुबई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में एक बार फिर शीर्ष दस में पहुंच गये हैं। ऋषभ को बांग्लादेश के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में शतक लगाने का लाभ मिला है और इसी कारण वह रैंकिंग में ऊपर आये हैं। बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई में खेले गए टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन के कारण उन्हें 731 रेटिंग अंक प्राप्त हुए और वह टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं भारत के ही यशस्वी जायसवाल भी 751 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर कायम हैं। वहीं भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को रैंकिंग में नुकसान हुआ है। वह पांच स्थान नीचे फिसलकर 716 अंकों के साथ दसवें स्थान पर आ गये हैं।

दूसरी ओर, गेंदबाजी रैंकिंग में श्रीलंका के प्रभात जयसूर्या ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने अच्छे प्रदर्शन से बेहतर रैंकिंग हासिल की है। जयसूर्या ने 9 विकेट लिए और 743 रेटिंग अंकों के साथ पांच पायदान ऊपर आकर टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में वह आठवें स्थान पर पहुंच गये। श्रीलंका के ही असिथा फर्नांडो 13वें स्थान पर फिसल गये हैं। दूसरी ओर एकदिवसीय क्रिकेट में अफगानिस्तान के रहमानुल्लाह गुरबाज ने 10 पायदान की छलांग लगाई और आठवें स्थान पर पहुंच गए। गुरबाज ने 23 साल की उम्र से पहले ही अपना सातवां शतक लगाया। इससे वह अफगानिस्तान के पहले ऐसे खिलाड़ी बने जो आईसीसी पुरुष एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष 10 में जगह बनाने में सफल हुए हैं। गुरबाज ने इस प्रकार ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद 154 रन बनाये थे। अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 7 विकेट लेकर एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में 8 पायदान ऊप आकर तीसरे स्थान पर पहुंचे।

# टेनिस प्रीमियर लीग के छठे सत्र की नीलामी में मौजूद रहे पेस, भूपति और सानिया



मुंबई (ईएमएस)। टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) के छठे सत्र के लिए हुई नीलामी में दिग्गज खिलाड़ी लिएंडर पेस, महेश भूपति और सानिया मिर्जा भी एकसाथ नजर आये। यहां हुई इस नीलामी में सभी आठों फ्रेंचाइजी ने पूरी ताकत लगा दी। इस दौरान पेस, सानिया और भूपति के अलावा अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह और सोनाली बेंद्रे भी मौजूद थीं। बोली के चार दौर के बाद, सभी टीमों में दुनिया भर की प्रतिभाएं दिखीं। अर्मेनियाई उभरती हुई स्टार एलिना अवनेस्यान, जो पहली बार टूर्नामेंट में भाग लेंगी, के लिए पंजाब पैट्रियट्स ने 42.20 लाख रुपये की सबसे ऊंची बोली लगाई। वहीं पंजाब ने पुरुषों की प्लेटिनम श्रेणी से अर्जुन काधे को 5 लाख रुपये के आधार मूल्य पर अपने साथ जोड़ा। नीलामी के अंतिम दौर में रणनीतिक रूप से खेलते हुए मुकुंद शशिकुमार को 6.80 लाख रुपये में खरीदने के लिए अंत तक इंतजार किया गया।गत चैंपियन बेंगलुरु एसजी पाइपर्स ने शाम के दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया के मैक्स पर्सेल को 42 लाख रुपये में खरीदा। एसजी स्पोर्ट्स ने पर्सेल के लिए बोली में देर से प्रवेश किया, लेकिन उनकी सेवाओं को सुरक्षित रखने के लिए अपने विरोधियों को पीछे छोड़ दिया। बेंगलुरु ने अपनी टीम को और मजबूत करने के लिए ओलंपियन अंकिता रैना को 5 लाख रुपये में खरीदा और अनिरुद्ध चंद्रशेखर को 4 लाख रुपये में शामिल करके युगल विशेषज्ञों को खरीदने के अपने इरादे को दोगुना कर दिया।पिछले साल के फाइनलिस्ट बंगाल विजार्ड्स ने क्रोएशियाई टेनिस स्टार पेट्रा मैट्रिक को उनके आधार मूल्य 35 लाख रुपये में खरीदकर एक बार फिर एक मजबूत टीम बनाई, जिन्होंने अपने करियर में डब्ल्यूटीए टूर पर दो एकल खिताब जीते हैं। विजार्ड्स ने खिलाड़ियों की दूसरी श्रेणी में जादू किया, अनुभवी स्टार श्रीराम बालाजी के लिए अपना राइट टू मैच कार्ड खेलकर और उनकी सेवाएं 6.20 लाख रुपये में प्राप्त की। बंगाल ने निकी पूनाचा को 3.80 लाख रुपये में खरीदकर अपनी टीम को शानदार तरीके से समाप्त किया और शाम के अंतिम दौर में एक और करीबी मुकाबला जीता।वहीं गुजरात पैंथर्स ने ने स्टार खिलाड़ी सुमित नागल को उनके बेस प्राइस 35 लाख रुपये में खरीदा और फिर एआईटीए की नंबर 1 महिला खिलाड़ी सहजा यमलापल्ली को खरीदने के प्रयास किये। । 7.80 लाख रुपये में उनकी सेवाएं वापस लेने के बाद, गुजरात ने युगल विशेषज्ञ विजय सुंदर को 11.5 लाख रुपये की ऊंची बोली लगाकर खरीदा और प्रतियोगिता को समाप्त कर दिया।मुंबई ईगल्स ने अनुभवी रोमानियाई टेनिस स्टार जैकलीन क्रिस्टियन को लाने पर भारी खर्च किया, जिन्होंने इस साल पेरिस ओलंपिक में अपनी छाप छोड़ी।

दिल्ली राढ़ टाइगर्स ने अन्य फ्रेंचाइजी से कड़ी टक्कर के बावजूद भारतीय अनुभवी स्टार रोहन बोपन्ना को अपने साथ जोड़ा।

## टी20 महिला विश्व कप क्रिकेट के लिए टिकटों की बिक्री शुरू हुई

दुबई (ईएमएस)। अगले महीने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाले टी20 महिला विश्वकप क्रिकेट के लिए टिकटों की ब्रिकी शुरु हो गयी है। इसमें 18 साल से कम उम्र वालों को मुफ्त में प्रवेश की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। इसमें सबसे कम कीमत वाला टिकट पांच दिरहम (करीब 114 रुपए) का है। टूर्नामेंट का पहला मैच तीन अक्टूबर को खेला जाएगा। पहले इस टूर्नामेंट का आयोजन बांग्लादेश में होना था पर वहां हुई हिंसा और खराब राजनीतिक हालातों के कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इसे यूएई में रख दिया। आईसीसी ने इसी को लेकर अपने बयान में कहा , 'टिकटों की कीमत दर्शकों की पहुंच को ध्यान में रखकर कम रखी गई है। सबसे कम कीमत वाला टिकट पांच दिरहम जबकि प्रीमियम सीट का टिकट 40 दिरहम (तकरीबन 910 रुपए) का है। वहीं जिस दिन दो मैच खेले जाएंगे उस दिन एक ही टिकट से दोनों मैच के लिए प्रवेश मिलेगा। विश्व कप में दुनिया भर की 10 टीमें ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, भारत, आयरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, श्रीलंका, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज भाग लेंगी।



मैनचेस्टर में यूरोपीय लीग फुटबॉल में खेलते हुए खिलाड़ी।

## फर्स्ट क्लास क्रिकेट में जाफर, पुजारा और मनोज तिवारी के नाम हैं सबसे अधिक रन

मुम्बई (ईएमएस)। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भले ही सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं पर घरेलू फर्स्ट क्लास क्रिकेट में तीन क्रिकेटर वसीम जाफर चेतेश्वर पुजारा और मनोज तिवारी रनों के मामले में उनसे कहीं आगे हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सचिन तेंदुलकर ने टेस्ट वनडे और टी20 को मिलाकर कुल 34357 रन बनाए हैं और कोई अन्य बल्लेबाज इसके करीब भी नहीं हैं। वहीं दूसरे नंबर पर चल रहे श्रीलंका के अनुभवी बल्लेबाज कुमार संगकारा 28016 रन बनाकर दूसरे नंबर पर है पर घरेलू फर्स्ट क्लास क्रिकेट में जाफर , चेतेश्वर पुजारा और तिवारी उनसे रनों के साथ ही सभी मामलों में आगे हैं।

सचिन ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 118 मैच खेलने के बाद कुल 9677 रन बनाए हैं। इसमें उन्होंने 33 शतक के साथ ही सबसे अधिक 233 रनों का स्कोर बनाया। वहीं फर्स्ट क्लास क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भारतीय वसीम जाफर हैं। जाफर ने 186 मुकाबले खेलने के बाद 14609 रन बनाए हैं। 301 रन उनका सबसे अधिक स्कोर रहा। इस दोरान जाफर ने ने 46 शतक और 65 अर्धशतक लगाये।

वहीं फर्स्ट क्लास रन बनाने के मामले में दूसरे नंबर पर पुजारा हैं। पुजारा ने 160 मुकाबले खेलने के बाद इस 13201 रन बनाए हैं। इसमें 40 शतक के साथ ही 352 रन का सबसे अधिक स्कोर है जबकि तीसरे नंबर पर रहे मनोज तिवारी ने 140 फर्स्ट क्लास मुकाबले खेलकर नाबाद 303 के सबसे अधिक स्कोर के साथ ही 9810 रन बनाये हैं। इस प्रकार सचिन 9677 रनों के साथ चौथे नंबर पर हैं।

# कानपुर टेस्ट में अश्विन बना सकते हैं एकसाथ कई रिकार्ड



कानपुर (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी स्पिनर आर अश्विन शुक्रवार से यहां बांग्लादेश के खिलाफ शुरु हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में पांच रिकार्ड अपने नाम कर सकते है। अश्विन के अबतक टेस्ट क्रिकेट की चौथी पारी में 99 विकेट हो गये हैं। ऐसे में एक विकेट लेते ही चौथी पारी में वह 100 विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बन जाएंगे। अब तक किसी भी भारतीय गेंदबाजी ने अब तक ये उपलब्धि हासिल नहीं की है। अब तक दुनिया के 5 गेंदबाजों ने ही चौथी पारी में 100 या इससे अधिक विकेट लिए हैं। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्पिनर शेन वार्न 138 विकेट के साथ ही इस सूची में पहले नंबर पर हैं। इसके अलावा नाथन लायन, रंगना हेराथ, मुथैया मुरलीधरन, ग्लेन मैक्ग्रा ने भी चौथी पारी में 100 से ज्यादा विकेट लिए हैं। वह टेस्ट क्रिकेट में पारी में सबसे अधिक 5 विकेट लेने के मामले में अभी वॉर्न के साथ संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर है। वहीं अगर वह ग्रीन पार्क में 5 विकेट लेते हैं तो वॉर्न से आगे निकल जाएंगे। इसके अलावा अश्विन कानपुर टेस्ट के दौरान बांग्लादेश के खिलाफ सबसे अधिक विकेट लेने का जहीर खान का रिकार्ड भी तोड़ सकते हैं। जहीर ने अब तक बांग्लादेश के खिलाफ 31 विकेट लिए थे जबकि अश्विन ने 29 ऐसे में 3 विकेट लेते ही वह जहीर से आगे निकल जाएंगे।

अश्विन कानपुर टेस्ट के दौरान ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड का विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में सबसे अधिक विकेट लेने का रिकार्ड भी तोड़ सकते हैं। हेजलवुड ने डब्ल्यूटीसी 2023-25 चक्र में 52 विकेट लिए थे। डब्ल्यूटीसी में अब तक सबसे अधिक विकेट नाथन लायन के नाम 187 विकेट हैं। अश्विन अगर कानपुर में 8 विकेट लेते हैं तो लायन से आगे निकल जाएंगे। स्पिनर अश्विन टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने के मामले में भी लायन को पीछे छोड़ सकते हैं। अश्विन के नाम टेस्ट मैचों में 522 विकेट हैं वहीं लायन के नाम 530 विकेट हैं। अश्विन को नाथन लायन से आगे निकलने के लिए 9 विकेट की जरुरत है। वहीं ऑलरांउडर रवींद्र जडेजा ने टेस्ट मैचों में 299 विकेट लिए हैं। ऐसे में एक विकेट लेते ही वह 300 विकेट और 3000 रन बनाने वाले 11वें ऑलराउंडरों में शामिल हो जाएंगे।

### क्यूरेटर बोला, कानपुर की पिच से सभी को सहायता मिलेगी

कानपुर (ईएमएस)। भारत और बांग्लादेश के बीच शुक्रवार को यहां ग्रीन पार्क स्टेडियम में शुरु हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में पिच से तेज गेंदबाजों के अलावा स्पिनरों को भी सहायता मिलेगी। पिच क्यूरेटर के अनुसार दूसरे टेस्ट के लिए पिच अच्छी होगी जिससे पहले 2 सत्र में तेज गेंदबाजों और अंतिम 3 दिनों में स्पिनरों को सहायता मिलेगी। क्यूरेटर का मानना है कि ये पिच भी चेन्नई जैसी रहेगी। इसमें सभी को कुछ सहायता जरुर मिलेगी।

इसमें पहले 2 सत्रों में उछाल मिलेगा। इसके साथ ही पहले 2 दिनों में बल्लेबाजी के लिए यह अच्छी रहेगी। वहीं अतिम तीन दिनों में स्पिनरों को लाभ होगा। ग्रीन पार्क की पिच काली मिट्टी की है। इसके लिए उन्नाव के पास गांव से मिट्टी मंगाई गई है। मान्यता है कि काली मिट्टी से बनी पिचें पारंपरिक रूप से स्पिनरों की सहायक रहती है। लाल मिट्टी से तेज गेंदबाजों को सहायता मिलती है। पिच के धीमे रहने की भी संभावना है। उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ (यूपीसीए) के एक अधिकारी ने कहा कि यह एक विशेष मिट्टी है जो काली मिट्टी गांव के एक तालाब के पास पाई जाती है।



## 2007 टी20 विश्व कप सामुहिक प्रयासों से जीते पर युवराज के बिना ये संभव नहीं था : श्रीसंत

जोधपुर (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज एस श्रीसंत का मानना है कि 2007 टी20 विश्व कप में जीत सबके सामुहिक प्रयासों से मिली थी पर इसके बाद भी मेरा मानना है कि ऑलराउंडर युवराज सिंह नहीं होते तो जीतना संभव नहीं था। के अनुसार युवराज के बिना तब खिताब जीतना संभव नहीं था। तब इस प्रारुप के पहले ही विश्वकप को भारतीय टीम ने जीता था। भारत का खिताबी मुकाबला पाकिस्तान के साथ था जहां महेन्द्र सिंह धोनी की कप्तानी में भारतीय टीम ने जीत दर्ज की थी। इस रोमांचक रोमांचक मुकाबले में खिलाड़ियों के एकजुट होकर प्रयास किये जिससे भारतीय टीम ने ये पहला खिताब जीता। श्रीसंत ने कहा कि जीत टीम में सभी के सहयोग से मिली साथ ही मुझे लगता है कि धोनी कप्तान थे पर अगर युवराज नहीं होते तो जीतना संभव नहीं रहता। इसलिए हमने सिर्फ धोनी की वजह से विश्व कप नहीं जीता। उनकी कप्तानी अच्छी थी, लेकिन याद रखना होगा कि पूरी टीम में पारिवारिक माहौल था। पूरा प्रबंधन हमारे साथ था। हमने किसी एक व्यक्ति की वजह से विश्व कप नहीं जीता। इसी संस्करण में युवराज ने ग्रुप चरण में इंग्लैंड के खिलाफ स्टुअर्ट ब्रॉड के एक ही ओवर में छह छक्के लगाए थे। फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान एक समय जीत के करीब पहुंच गया था। तब धोनी ने अंतिम ओवर में गेंद जोगिंदर शर्मा को देकर बड़ा जोखिम लिया। मिस्बाह-उल-हक के स्ट्राइक पर होने से पाकिस्तान की जीत तय मानी जा रही थी पर मिस्बाह ने गेंद को स्कूप जिसपर श्रीसंत ने कैच पकड़कर भारतीय टीम को जीत दिला दी। श्रीसंत ने इस पर कहा कि हां, मैंने आखिरी कैच लिया था और उससे पहले मैंने अफरीदी का कैच पकड़ा था। मैंने यॉर्कर के साथ सोहेल तनवीर का नौवां विकेट लिया। इसलिए यह अच्छा लगा।

# सेल की 52वीं वार्षिक आम बैठक का आयोजन

## उर्दू उत्क्रमित मध्य विद्यालय में योगा कार्यक्रम आयोजित



झरिया, (धनबाद), उर्दू उत्क्रमित मध्य विद्यालय शिमलाबाहल झरिया - 01 में आर. एस. पी. कॉलेज झरिया के बीएड सेमेस्टर - 2 सत्र 2023 - 25 के प्रसिक्षुओं द्वारा विद्यालय अवलोकन के तहत छात्र - छात्राओं के साथ विद्यालय परिसर में बच्चों के शारीरिक स्वस्थ को ध्यान में रखते हुए योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर प्रशिक्षुओं ने योग के महत्व को छात्र - छात्राओं को बताया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य संभु प्रसाद, पर्यवेक्षक डॉ, रामचंद्र कुमार, प्रशिक्षु सपना सिंह, पायल कुमारी, तपब्रत हाजरा, नीतीश कुमार, अलबिन्ता समेत विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्र छात्रा शामिल थे।

## सेल अध्यक्ष ने कहा कि सेल आगे बने रहने का प्रयास जारी रखेगा




बोकारो । स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने आज लोदी रोड, नई दिल्ली स्थित कंपनी के मुख्यालय में अपनी 52वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) का आयोजन किया। सेल के अध्यक्ष श्री अमरेंदु प्रकाश ने वर्चुअल प्लेटफॉर्म के माध्यम से आयोजित बैठक में शेयरधारकों को संबोधित किया. कंपनी के शेयरधारकों को संबोधित करते हुए श्री प्रकाश ने कहा, "पिछले वित्त वर्ष के प्रदर्शन को देखते हुए और आने वाला समय, यह मेरे इस विश्वास को और मज़बूत करता है कि एक संगठन के रूप में हम 'नंबर वन' यानी अपने उद्योग में सर्वश्रेष्ठ बनने की आकांक्षा रख सकते हैं।" उन्होंने आगे कहा कि "2047 तक विकसित भारत के विजन" के साथ देश के सामाजिक, डिजिटल और भौतिक बुनियादी ढांचे को बदलने के लिए भारत सरकार के निरंतर प्रयास ने देश के सभी क्षेत्रों में स्टील की मांग को बढ़ावा दिया है। उन्होंने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान सेल के प्रदर्शन का सारांश दिया और कहा कि सेल ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान क्रमशः 20.5 मिलियन टन, 19.24 मिलियन टन और 18.44 मिलियन टन हॉट मेटल, क्रूड स्टील और सेलेबल स्टील का उत्पादन करके नए मानक स्थापित किए, जो इसके पिछले वित्त वर्ष की तुलना में क्रमशः 5.6%, 5.2% और 6.9% अधिक है। उन्होंने उल्लेख किया कि कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 1,04,545 करोड़ रुपये का सर्वश्रेष्ठ विक्रय कारोबार हासिल किया। उन्होंने आगे कहा कि सेल दो फोकस क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल करने की राह पर है, जो हैं क्षमता उपयोग को अधिकतम करना और ग्राहकों को सर्वोत्तम मूल्य प्रदान करना। उन्होंने कहा, "सेल स्टेकहोल्डर्स के साथ जुड़ाव बनाए रखेगा, परिसंपत्ति उपयोग में सुधार करेगा और सक्रिय रूप से आगे बने रहने का प्रयास जारी रखेगा"।


### प्राचार्य का कार्यालय
राजकीय पोलिटेकनिक, निरसा- 828205
(उच्चए एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार)
Email-id: midhanbad@rediffmail.com

Tender Notice No. :- DHTE/GPN/02/2024-25 Dated:- 23-09-2024

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

राजकीय पोलिटेकनिक, निरसा के लिए आवश्यकता आधारित पुस्तकालय के पुस्तकों इत्यादि की क्रय हेतु अति अल्पकालीन निविदा (Two Bid System) आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम | प्राचार्य, राजकीय पालिटेकनिक, निरसा |
| 2. | निविदा प्राप्ति का स्थान | राजकीय पालिटेकनिक, निरसा के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। |
| 3. | निविदा की प्रपत्र का मूल्य | रू0 500/– (पाँच सौ रूपये मात्र) बैंक ड्राफ्ट Principal, Government Polytechnic, Nirsa के पदनाम से किसी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत हो। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की प्रारंभ तिथि | दिनांक– 25.09.2024 |
| 5. | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं स्थान | दिनांक– 04.10.2024 के अपराह्न 04:30 बजे तक। राजकीय पोलिटेनिक निरसा, पो0– देवियाना, निरसा के परिसर में अवस्थित कार्यालय (क्रय शाखा) |
| 6. | निविदा के Technical Bid एवं Financial Bid खुलने की तिथि | दिनांक– 05.10.2024 के पूर्वाह्न 11:30 बजे। |
| 7. | निविदा खुलने का स्थान | राजकीय पोलिटेकनिक, निरसा का प्राचार्य कक्ष |

8. निविदा की Terms & Conditions राजकीय पोलिटेकनिक, निरसा के वेबसाइट www.gpnirsa.ac.in पर देखा जा सकता है।

ह0/– प्रभारी प्राचार्य
राजकीय पोलिटेकनिक, निरसा

PR 337108 Higher Education,Technical Education and Skill Development Department (24-25)_D


# सीआरएम-III विभाग ने बनाया वैगन डिस्पैच का नया रिकॉर्ड





बोकारो । बी एस एल के सीआरएम-III विभाग ने 42 वैगन के रेक को रिकॉर्ड न्यूनतम समय 11 घंटे 20 मिनट्स में डिस्पैच करने का नया रिकॉर्ड बनाया है. अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य) श्री राजन प्रसाद ने आज दिनाँक 26 सितम्बर को सीआरएम-III के शिपिंग क्षेत्र का दौरा किया और बीएसएल में अब तक के सबसे कम समय में 42 वैगन डिस्पैच करने की उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए सीआरएम-III के शिपिंग टीम को बधाई दी और सम्मानित किया। सीआरएम-III विभाग के द्वारा रिकॉर्ड न्यूनतम समय 11 घंटे 20 मिनट्स में किया गया डिस्पैच एक नया मील का पत्थर है जो दक्षता के साथ-साथ इसमें शामिल सभी लोगों के कार्य के प्रति समर्पण और टीम वर्क को प्रदर्शित करता है. इस मौके पर सीआरएम-III विभाग के मुख्य महा प्रबंधक श्री अरुण कुमार के साथ सीआरएम-III,पीपीसी एवं यातायात विभाग के वरीय अधिकारी तथा कर्मचारीगण उपस्थित थे.

## पैसा बांटने के बाद भी भाजपा का कार्यक्रम रहा सुपर फ्लॉप : अभिजीत राज

धनबाद, केंद्रीय रक्षा मंत्री के धनबाद परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम को लेकर झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अभिजीत राज ने कटाक्ष करते हुए कहा कि धनबाद की जनता ने धनबाद से परिवर्तन करने का मन बना लिया है, जिसका नतीजा यह है कि भाजपा के नेताओं द्वारा पैसा बांटने के बाद भी कार्यक्रम में जनता नहीं पहुंची, आगे अभिजीत राज ने कहा कि दस साल से भाजपा के विधायक और भाजपा के नेताओं के द्वारा कोई भी काम नहीं किया गया है। जिससे धनबाद की जनता भाजपा को वोट करें। जिसका जीता जागता उदाहरण आज भाजपा के कार्यक्रम को देखकर समझा जा सकता है। देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह धनबाद पहुंचे,मगर धनबाद ज़िले के गोल्फ ग्राउंड में भाजपा नेताओं के द्वारा लाखों रुपया बांटने के बाद भी जनता तो छोड़िए कार्यकर्ता भी कार्यक्रम स्थल पर नहीं पहुंचे। धनबाद की जनता ने भाजपा को नकार दिया और इनको सबक़ सिखाने का काम किया है। आने वाले विधानसभा चुनाव में धन-बल बनाम जन-बल की लड़ाई होगी। धनबाद की जनता महागठबंधन को वोट करेगी और भाजपा का धनबाद से सफाया होगा।

## परिवर्तन यात्रा के समापन समारोह में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का हुआ भव्य स्वागत,

धनबाद। भाजपा के उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल,पूर्वी की परिवर्तन यात्रा के समापन समारोह में मुख्य वक्ता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उपस्थित हुए। गोल्फ ग्राउंड में राजनाथ सिंह का जोरदार स्वागत किया गया।।मंच पर केंद्रीय मंत्री, अन्नपूर्णा देवी, प्रदेश अध्यक्ष, बाबूलाल मरांडी, परिवर्तन यात्रा के संयोजक एवं राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, रविंद्र राय, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पीएन सिंह,धनबाद सांसद ढुल्लु महतो, बोकारों विधायक बीरेंची नारायण, धनबाद विधायक राज सिन्हा,पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल,भाजपा के वरिष्ठ नेता अमरेश सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह, जिला अध्यक्ष श्रवण राय समेत कई स्थानीय नेता गण मंचासीन हुए।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, धनबाद

**अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–07/2024–25**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, धनबाद |
| 2. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय | दिनांक – 01.10.2024 को कार्यालय अवधि तक |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | दिनांक – 04.10.2024 को 3:00 बजे अपराहन् तक |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक – 04.10.2024 को 3:30 बजे अपराहन् |
| 5. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | मुख्य अभियंता (या0), पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, रॉची। अधीक्षण अभियंता, प0नि0वि0, पथ अंचल, हजारीबाग। कार्यपालक अभियंता,प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, धनबाद। |
| 6. | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का न्स्था | क्रमांक 5 में उल्लेखित स्थानों पर। |

| क0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | गैर योजना मद से पथ प्रमण्डल, धनबाद अन्तर्गत विभिन्न प्रशाखाओं में स्थित प्रशाखा कार्यालय एवं निरीक्षण भवन की अनुरक्षण कार्य वर्ष 2024–25 | 14.99795 | 30000.00 | 2500.00 | 12 माह |

**निविदा की शर्त्ते :–**

7. कार्य की प्राक्कलित राशि घट–बढ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि जमा करना होगा।
8. निविदा के संबंध में किसी विशेष जानकारी के लिए अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क कर सकते है।
9. झारखण्ड पथ निर्माण विभाग, रॉची का संकल्प संख्या 2146(एस0) दिनांक–09.09.2020 के आलोक में झारखण्ड लोक निर्माण विभाग संहिता की कंडिका–163(ए0) द्वारा कृत प्रावधान को अवक्रमित करते हुए 10 प्रतिशत की न्यूनतम अधिसीमा को समाप्त किया जाता है। संप्रति 10 प्रतिशत से नीचे के दर की निविदाएँ अनुमान्य होगी। साथ ही जे0पी0 डब्लू0डी0 कोड के 163(ए0) को डिलिट किया जाता है। 10 प्रतिशत से न्यूनतम निविदाओं के लिए Additional Performance Security के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से –(क) दस से 20 प्रतिशत Below तक की राशि का 20 प्रतिशत तथा–(ख) 20 प्रतिशत से अधिक Below की राशि का 30 प्रतिशत अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा। यह झारखण्ड लोक निर्माण विभाग संहिता के नियम 172(ए0) के रूप में संम्माहित होगा। पूर्व के संहिता/नियम/परिपत्र द्वारा कृत सभी प्रावधान अवक्रमित समझे जायेगें। वैद्य एवं समान दर की निविदाओं के मामले में निविदा निश्पादन के प्राधिकार द्वारा पद्धति तरीके से लौटरी (Lottery) की पद्धति अपनाई जायेगी। यह प्रावधान झारखण्ड लोक निर्माण विभाग संहिता के कंडिका 163(ई0) के रूप में समाहित होगा। तथा उक्त हद तक पूर्व के संहिता/ नियम/परिपत्र द्वारा कृत सभी प्रावधान अवक्रमित समझे जायेगें।
10. शेश शर्त्तें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचना पट् पर देखे जा सकते है।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, धनबाद।

PR.NO.337151 Road(24-25):D


# मयूर शेखर झा के बरमसिया परिवर्तन यात्रा में युवाओं का उत्साह व जोश मूसलाधार बारिश पर पड़ा भारी

## बरमसिया हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार पहली प्राथमिकता :मयूर शेखर झा

धनबाद, गुरुवार को युवा नेता मयूर शेखर झा के बरमसिया परिवर्तन यात्रा में युवाओं का जोश मूसलाधार बारिश पर भारी पड़ा ।बारिश के बीच उत्साह के साथ बरमसिया के युवा इस परिवर्तन यात्रा का हिस्सा बने तथा मयूर शेखर झा के बेहतर धनबाद विकसित धनबाद के परिकल्पना को साकार देने में अपनी भूमिका निभाई।मयूर शेखर झा के इस बरमसिया परिवर्तन यात्रा का शुभारम्भ बरमसिया मोड़ नियर शनि मंदिर से हुआ । काली मंदिर, हनुमान मंदिर, किड्स पैराडाईस स्कूल मोड़ से होकर न्यू हरि नारायण नगर में समापन हुआ ।मयूर शेखर झा ने परिवर्तन यात्रा के दौरान बरमसिया की जनता को सम्बोधित करते हुए कहा कि बरमसिया का आज जो बुरा हाल है उसे हमें सुधारना है । उन्होंने मंच से कहा कि बरमसिया बजरंग बली मंदिर का जीर्णोद्धार उनकी पहली प्राथमिकता होगी । आगे उन्होंने कहा कि बरमसिया के युवाओं को बेरोजगारी के कारण पलायन न करना पड़े, सम्मानजनक नौकरी, सम्मानजनक व्यवसाय यहाँ के युवाओं को मिले यह हमारी लड़ाई है ।इस लड़ाई में आप सभी कंधे से कंधा मिलाकर चले, धनबाद की तस्वीर हम बदलेंगे यह मैं आपको भरोसा दिलाता हूँ । इस यात्रा में संतोष यादव, लोहित साहबादी, सुधांशु कुमार, लीलू दत्ता, बिनोद यादव, बिरेंद्र पासवान, सरोजनी देवी, सूरज कुमार, याजुद्दीन अंसारी, मकसूद अंसारी,निर्मल, सूनिल जितेन्द्र, अफरिदी, अखिलेश, अजय, बबलू , धनंजय, उत्तम,आदि शामिल थे ।

## शहीद राजू यादव की 33 वाँ पुण्यतिथि पर श्रद्धाजंलि सभा का आयोजन

लोयावाद। लोयाबाद मोड़ पर गुरुवार को शहीद राजू यादव की 33 वॉ पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सह कांग्रेस पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, विशिष्ट अतिथि के रूप में शहीद राजू यादव की धर्मपत्नी सह बिहार सरकार के पूर्व मंत्री आबो देवी और उनके पुत्र राजू यादव स्मारक समिति के अध्यक्ष अवधेश कुमार यादव सहित अन्य नेतागणों ने शहीद राजू यादव के आदमकद प्रतिमा पर बारी -बारी फूल माला अर्पण कर श्रद्धा सुमन श्रद्धाजलि अर्पित किये। श्रद्धाजंलि सभा को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री सह कांग्रेस पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने कहा कि स्वःराजु यादव गरीबो वंचितो युवाओ के नेता थे। उनकी राजनीति परिवर्तन की धार कुछ लोगो को पसंद नही आई और उनकी हत्या कर दी।हलांकी उनके अधुरे सपने को पुरा करना ही सच्ची श्रद्धजंली होगी।वही श्रद्धाजंलि सभा को सम्बोधित करते हुए स्वर्गीय राजू यादव की धर्मपत्नी आबो देवी ने कहा कि हमारे पति सच्चे और ईमानदार नेता थे, उनके बढते कद को कुछ लोगों को बर्दाशत नही हुआ।आज जरूरत हैं झरिया व बाघमारा समेत अन्य विधान सभा क्षेत्र में होने बाले विधान सभा चुनाव में अपने लोगो को जीताने का काम करें।


### झारखण्ड सरकार
### कारा निरीक्षणालय
### मंडल कारा, चास (बोकारो)

**अति अल्पकालिन ई0–निविदा सूचना**

HJ & DM/DJ-CHAS/Q-1/2025/2131

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारा का नाम | मंडल कारा, चास, बोकारो |
| 2. | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादि की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, आलु, चीनी, फलों एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई0–निविदा का आमंत्रण। प्रथम त्रैमासिक निविदा(दिनांक–01.01.2025 से 31.03.2025 तक) |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non-refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | 5,000.00 (पाँच हजार) मात्र। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय। | तिथि–01.10.2024 से 08.10.2024 के अपराह्न 4:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा Online upload करने की तिथि | तिथि–01.10.2024 से 08.10.2024 के अपराह्न 4:00 बजे तक। |
| 6. | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि। | तिथि–14.10.2024 से 15.10.2024 के अपराह्न 4:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 7. | अग्रधन राशि (EMD) (₹2500 /–से अधिक होने पर) जमा करने की तिथि। | तिथि–14.10.2024 से 15.10.2024 के अपराह्न 4:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 8. | निविदा खुलने की तिथि/समय/स्थान | तिथि–17.10.2024 को पूर्वाह्न 11:30 बजे अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में अपर समाहर्त्ता, बोकारो की उपस्थिति में। |

1. उपरोक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा, चास, बोकारो के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक,
मंडल कारा, चास, बोकारो

PR 337158 Home(24-25)#D



### झारखण्ड सरकार
### श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
### नियोजनालय, कुमारधुबी (धनबाद)

**भर्ती-कैम्प सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक– 29.09.2024 को नियोजनालय कुमारधुबी परिसर में पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 4 बजे तक भर्ती कैम्प का आयोजन किया जाएगा। भर्ती कैम्प से सम्बंधित नियोजक द्वारा निर्धारित योग्यता एवं उम्र संबंधी अहर्ताएँ निम्नवर्णित है :–

| Sl No. | Name & Address of the Employers | Post | No Of Vacancies M | No Of Vacancies F | Qualification | Experience | Age | Salary | Job Location | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RADIENT FUTURE MANAGEMENT & MARKETING, DHANBAD. | Hotel Management Craft Course (6 Month Duration) | 20 | 20 | 10th / 12th | Fresher | 18-23 | 4kto7k (stipend) After Training salary 10K to 15K | Home State Posting | Lodging+ Fooding Free |
| | | Inventory Clerk (Back Office), Packaging Boy, Loader (Flip kart / Amazon) | 50 | 50 | 12th | Fresher/Experience | 18-35 | 15kto18k | Hydrabad, Pune, Banglore, Gujrat, Kolkata | |
| | | PG Electroplast Ltd. AC Manufacturing Company | 100 | 00 | ITI / Diploma / Graduate | Fresher/Experienced | 18-32 | 16K to 23K | Pune | |
| | | Panchayat co-ordinator (Skill India Department) | 50 | 50 | 10th / 12th | Fresher/Experienced | 18-35 | 11700+ 10000 Bonus+ Incentives | All Over Jharkhand (Home Location Posting) | Good Communication in Hindi and Local language. |
| 2 | NAYI SOCH NAYI DISHA, DHANBAD. | Social Associate | 20 | 20 | 10th/12th | Fresher | 18-45 | 13k + Incentives | All Over Jharkhand (Home Location Posting) | Good communication skill |

अतः योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में अपना निबंधन कराते हुए उपर्युक्त भर्ती कैम्प में नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति, पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ, नियोजनालय का मूल वैद्य निबंधन कार्ड तथा अपना बायोडाटा के साथ निर्धारित तिथि **दिनांक– 29.09.2024 को पूर्वाह्न 10:00** तक उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगें। पूर्व से नियोजनालय में निबंधित उम्मीदवारों को पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि नियोजक एवं रिक्ति निजी क्षेत्र की है अतः भर्ती सेवा शर्तों हेतु नियोजक स्वयं ही उत्तरदायी होगें। चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा, नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदात्ता की भूमिका में है।

इसके लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

नियोजन पदाधिकारी
नियोजनालय, कुमारधुबी
धनबाद

PR 337244 Labour Employment and Traning (24-25)_D


## गजली टांड के शहीद स्मारक में ए के झा सहित अन्य लोगो नें श्रद्धा सुमन पुष्प अर्पित कर शहीदों को याद किया





धनबाद। गजलीटांड के शहीद स्मारक में बृहस्पतिवार को आर सी एम यू के महामंत्री ए.के झा, राम प्रीत यादव, सकिल अहमद, क्षेत्रीय सचिव, रामचंद्र पासवान, कतरास क्षेत्र, शाखा सचिव, पुशवा, शाखा अध्यक्ष, महावीर कुमार दास, कुन्दन कुमार नें शहीद स्थल पर पहुंचकर शहीदो की वेदी पर श्रध्दा सुमन पुष्प अर्पित कर याद किया गया।साथ ही शहीद के याद मे वृक्षारोपण भी किया गया।


### झारखण्ड सरकार
### श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
### अवर प्रादेशिक नियोजनालय, धनबाद

**भर्ती–कैम्प –2024 से संबंधित सूचना**

राज्य के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र की कम्पनीयो द्वारा नियोजन (Employment) के उद्देश्य से **दिनांक – 28.09.2024 (शनिवार) को समय सुबह – 10:00 बजे से संध्या – 04:00 बजे तक स्थान :– अवर प्रादेशिक नियोजनालय परिसर, बरटाँड, धनबाद** में एक दिवसीय भर्ती–कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी सूचना निम्नवत है –

| Sl. No. | Name and Address of the Employer | Name of the Post | No. Of Vacancy Male | No. Of Vacancy Female | Qualification | Experience | Salary | Age (Min-Max) | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 01 | RADIENT FUTURE MANAGEMENT & MARKETING, BHULI SHARMIK NAGAR, DHANBAD | Hotel Management Craft Course (6 Month Duration) | 20 | 20 | 10th-12th Pass | Fresher | 4000-7000 (stipend) After Training salary 10000-15000 | 18-23 | Home State Posting |
| | | Inventory Clerk (Back Office), Packaging Boy, Loader (Flipkart/ Amazon) | 50 | 50 | 12th Pass | Fresher/ Experience | 15000-18000 | 18-35 | Hyderabad, Pune, Bangalore, Gujrat, Kolkata |
| | | PG Electro Plast Ltd. AC Manufacturing Company | 100 | 00 | ITI/ Diploma/ Graduate | Fresher/ Experience | 16000-23000 | 18-32 | Pune |
| | | Social Associate (Nayi Soch Nayi Disha) | 20 | 20 | 10th–12th Pass | Fresher | 13000 + Incentives | 18-45 | All Over Jharkhand (Home Location Posting) |
| | | Panchayat coordinator (Skill India Department) | 10 | 50 | 10th & 12th Pass | Fresher/ Experience | 11700+ 10000 Bonus+ Incentives | 18-35 | All Over Jharkhand (Home Location Posting) |
| | | Freelancer Job Voice Recording Project. | 10 | 10 | 12th/Graduation Note:- Fluent English is must. | Fresher/ Experience | 10000-15000 | 18-35 | Work From Home |
| | | US medical Form Filling Data Entry Job | 20 | 20 | MATRIC+ LAPTOP | Fresher/ Experience | Up to 25000/- as per work Submit | 18-45 | Work From Home |
| | | Ecommerce Product Listing Work. Amazon, Flipkart & Shopsy | 25 | 25 | 12TH + LAPTOP | Fresher/ Experience | Up to 25000/- as per work Submit | 18-45 | Work From Home |
| | | Recruiters | 50 | 50 | 10th & 12th Pass | Fresher/ Experience | 10000 - 22000 as per work performance | 18-28 | Work From Home |
| 2 | AGRIM RAKSHAK SERVICES PVT. LTD., RANCHI, BUKRU NEAR BANK OF BARODA, RANCHI | SECURITY GUARD | 100 | 00 | 8th Pass To Graduation | NA | 10000-25500 | 18-40 | RANCHI |
| 3 | INNOVSOURCE SERVICES PVT. LTD., BANGALORE | ASSEMBLER (WINSTRON) | 50 | 50 | DIPLOMA/ ITI/ 10TH / 12TH | NA | 18000-20000 | 18-25 | BANGALORE |
| | | PICKER PACKER FLIPKART | 50 | 00 | ITI/ 10TH / 12TH | NA | 16000-20000 | 28 YRS | KOLKATA |
| | | INDOMIM | 50 | 00 | ITI PASS | NA | 14300/- | 18-25 | BANGALORE |
| | | TOTAL VACANCY | 555 | 295 | | | | | |

नोट :– भर्ती–कैम्प में भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदक का झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय मे निबंधित होना आवश्यक है। आवेदक अपने सभी शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साइज का फोटो, **नियोजनालय का निबंधन कार्ड**, अपना बायोडाटा **(दो प्रती)** एवं **स्थानीय निवासी प्रमाण प्रत्र (न्यूनतम अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत)** के साथ भर्ती–कैम्प में भाग लें। इस रिक्तियो के विरूद्ध भर्ती के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। नियोजनालय एवं विभाग मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करती है। भर्ती–कैम्प में भाग लेने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही है। मेला में Covid SOP का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। अधिक जानकारी के लिए नियोजनालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

नियोजन पदाधिकारी
अवर प्रादेशिक नियोजनालय, धनबाद

PR 337242 Labour Employment and Traning(24-25)#D

# बीसीसीएल के सीएमडी ने गजलीटांड शहीद स्मारक पर शहीद कोयला कर्मियों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया



धनबाद। बीसीसीएल की गजलीटांड़ खान दुर्घटना की बरसी पर आज शहीद कोयला कर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई। आज प्रातः 8:00 बजे गजलीटांड़ फुटबॉल मैदान के पास स्थित शहीद स्मारक पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बीसीसीएल के सीएमडी श्री समीरन दत्ता ने निदेशक (कार्मिक), श्री मुरली कृष्ण रामैया, निदेशक (वित्त), श्री आर.के. सहाय, निदेशक (तकनीकी), श्री संजय कुमार, और मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री अमन राज के साथ ही कोयला कर्मियों के परिजनों, बीसीसीएल के अधिकारियों, विभिन्न श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने शहीदों के बलिदान को याद करते हुए पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सभी ने मौन रख शहीद कर्मियों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और स्नेह स्मृति उपवन में शहीदों के नाम पौधरोपण भी किया। इससे पूर्व प्रातः काल में गीता, कुरान, बाइबल गुरु ग्रंथ साहिब जैसे धार्मिक ग्रंथों के पाठ के साथ में सर्वधर्म प्रार्थना सभा में का आयोजन किया गया।

गजलीटांड़ कोलियरी में 26 सितंबर 1995 की रात अचानक कतरी नदी का पानी घुस जाने से शहीद हुए श्रमिकों को याद करते हुए बीसीसीएल प्रबंधन के साथ क्षेत्र के तमाम लोगों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर, मुख्य प्रबंधक श्री संजय कुमार सिंह, परियोजना पदाधिकारी श्री इलियास अंसारी, प्रबंधक श्री जयंत कुमार, क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी श्री उदय पंडित, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक श्री रामानुज प्रसाद, क्षेत्रीय प्रबंधक (प्रशासन) श्री उमंग कुमार ठक्कर, क्षेत्रीय प्रबंधक (वित्त) श्री एच.पी. दीक्षित, प्रबंधक (कार्मिक) राणा एस.के. सिंह, श्री सच्चिदानंद सिंह और श्री रामरूप गोप आदि के साथ ही काफी संख्या में स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे।

## शहीद राजू यादव की 33वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन



धनबाद, राजू यादव चौक, पूजा टॉकिज के निकट वृहस्पतिवार को जिला बीस सूत्री समिति धनबाद के तत्कालीन उपाध्यक्ष, शहीद राजू यादव कि 33 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई।श्रद्धांजलि सभा व सर्वधर्म प्रार्थना कार्यक्रम स्मारक समीति की ओर से की गयी। अध्यक्षता पूर्व मंत्री आबो देवी व मंच संचालन राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ के संयुक्त महामंत्री उदय शर्मा ने की। शहीद राजू यादव की आदमकद प्रतिमा पर सर्वप्रथम उनकी धर्म पत्नी सह पूर्व मंत्री आबो देवी पुत्र संजय कुमार अवधेश कुमार महामंत्री, राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ सह केद्रीय सचिव,आजसू पार्टी सुमेश कुमार, पौत्र साहित विभिन्न राजनीतिक,धार्मिक व सामाजिक संगठन के लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व मंत्री आबो देवी ने कहा कि मेरे पति राजू यादव सामाजिक न्याय के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया। अपने संपूर्ण जीवन दबे कुचले गरीब गुरबो और वंचितों की आवाज बने रहे । वंचितों को सत्ता में हिस्सेदारी दिलाने एवं उनकी आवाज को बुलंद करने की कीमत उन्हे जान देकर चुकानी पड़ी , उनके बढ़ते लोकप्रियता से घबराकर माफिया ने उनकी निर्मम हत्या की । उन्होंने कहा कि माफिया का अंत अब करीब है ।इसकी शुरुआत हो चुकी है। समाज सेवी राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि राजू यादव समाजिक न्याय के प्रतीक थे। समाजवादी राजनीतिक के बड़े नेता के रूप मे स्थापित हुए , उन्होंने समाज को बहुत कुछ दिया।आवेश कुमार ने कहा कि पिता ने विनम्र,साहसी,शक्तिशाली व कर्मयोगी रहकर दृढ विश्वास के साथ सामाजिक न्याय की जो अद्भुत ज्योति जलाई उसे बुझने नही दूंगा। श्रद्धांजलि सभा को मुख्य रूप से पूर्व पार्षद जगत महतो, उदय शर्मा, शिव शंकर व्यास, रामाशीष यादव, बासुदेव प्रसाद यादव, सीताराम यादव, अनवरी खातुन, गुलशन खातुन, रंजीत यादव गुड्डु, प्रवीण कुमार, सोमनाथ चटर्जी, मनन यादव, दिवाकर सिंह, देवेन्द्र यादव, रतिलाल महतो, वंशराज कुशवाहा, कुल्लू चौधरी, महेंद्र यादव, अधि. रामउग्रह शर्मा, सुमित्रा देवी, गोपाल यादव, सोनू यादव, विहारी यादव,रामबाबु यादव, कामेश्वर यादव, दिलीप यादव, जे. पी.यादव, ऋषभ कुमार के अलावे दर्जनो लोग सम्बोधित किए। धन्यवाद ज्ञापन शंकर यादव ने किया ।

## आईआईटी आईसीएम के प्रबंधन अध्ययन और औद्योगिक इंजीनियरिंग का जागरूकता अभियान

### राज्य संचालित स्कूलों का दौरा कर विद्यार्थियों को दिया वैज्ञानिक प्रशिक्षण



धनबाद, आईआईटी,आईएसएम के प्रबंधन अध्ययन और औद्योगिक इंजीनियरिंग विभाग की एक टीम ने गुरुवार को झरिया में दो अलग-अलग राज्य संचालित स्कूलों का दौरा किया 1 जिसमें केसी गर्ल्स हाई स्कूल, झरिया और झरिया अकादमी, झरिया शामिल हैं, और विभिन्न प्रयोगों के माध्यम से साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग एवं मैथमेटिक्स,स्टेम के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए विभिन्न प्रयोगों जैसे लावा लैंप प्रयोग, मोमबत्ती ऑक्सीजन प्रयोग, अंडे के पानी के घनत्व का परीक्षण और गणित में बीजगणित के प्रयोग भी शामिल हैं ।ट्रेनिंग प्रदान किया 1 यह दौरा परियोजना प्रभावित व्यक्तियों (पीएपी) के बच्चों पर विशेष ध्यान देने के साथ, वंचित छात्रों के लिए एसटीईएम शिक्षा को बढ़ाने के लिए आईआईटी( आईएसएम) के प्रबंधन अध्ययन और औद्योगिक इंजीनियरिंग विभाग की अभिनव पहल का हिस्सा थी। आईआईटी( आईएसएम) द्वारा बीसीसीएल के साथ 22 जुलाई को हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के अनुसार शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य नवीन शिक्षण तकनीकों के माध्यम से रणनीतिक हस्तक्षेप विकसित करना, शैक्षिक अंतर को पाटने में मदद करना और छात्रों को आधुनिक दुनिया में पनपने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान से लैस करना है। प्रबंधन अध्ययन और औद्योगिक इंजीनियरिंग विभाग की सहायक प्रोफेसर प्रो रश्मि सिंह के नेतृत्व में टीम सबसे पहले केसी गर्ल्स स्कूल झरिया पहुंची एवं नौवीं और दसवीं कक्षा के छात्रों के बिच एक्सपर्ट ट्रेंनिग सेशन आयोजित किया और बाद में झरिया अकादमी झरिया के नौवीं और दसवीं कक्षा के लड़कों के लिए एक सत्र भी आयोजित किया।टीम में प्रबंधन अध्ययन और औद्योगिक इंजीनियरिंग विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर और सह-पीआई के रूप में प्रोफेसर नीलाद्रि दास दीप चौधरी, आनंद चंद्र साहू, सनी कुमार और पार्थ ओझा सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

# उपायुक्त, एसएसपी ने किया रक्षा मंत्री का स्वागत







**हवाई अड्डे से रणधीर वर्मा स्टेडियम तक थी सुरक्षा व्यवस्था,**

**एनएसजी कमांडो के अलावा भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद थे 1**

धनबाद, केंद्रीय रक्षा मंत्री, राजनाथ सिंह बृहस्पतिवार को एक कार्यक्रम के सिलसिले में रांची से हेलिकॉप्टर द्वारा धनबाद हवाई अड्डा पहुंचे। हवाई अड्डे पर जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक, हृदीप पी जनार्दनन ने पुष्पगुच्छ भेंट कर रक्षा मंत्री का स्वागत किया। हवाई अड्डे से रक्षा मंत्री के कारकेड के साथ उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक रणधीर वर्मा स्टेडियम तक गए। कार्यक्रम समाप्ति के बाद पुनः धनबाद हवाई अड्डे पहुंचे। इसके बाद उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, रक्षा मंत्री के साथ हेलीकॉप्टर तक गए और उन्हें विदाई दी। रक्षा मंत्री के कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया था । रक्षा मंत्री के एनएसजी कमांडो के अलावा जिला प्रशासन ने हवाई अड्डे से रणधीर वर्मा स्टेडियम तक के रूट पर, रणधीर वर्मा स्टेडियम में, पुलिस बल एवं दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की थी। साथ ही एडवांस वार्निंग कार, पायलट कार, जैमर, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड, कलेक्ट्रेट बिल्डिंग के छत पर सुरक्षाकर्मी, रूट लाइनिंग पर बैरिकेडिंग सहित प्रोटोकोल के अनुसार सुरक्षा के अन्य इंतजाम किए थे। हवाई अड्डे पर उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक के अलावा एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद, सिटी एसपी, अजीत कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, राजेश कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, प्रदीप कुमार शुक्ला, एनडीसी, दीपक कुमार दुबे, डीएसपी मुख्यालय 1, शंकर कामती, बैंक मोड़ थाना प्रभारी, लव कुमार के अलावा जिला प्रशासन के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### लंबित जन्म - मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आयोजित

# विशेष शिविर में 63 जन्म प्रमाण पत्र तथा 19 मृत्यु प्रमाण पत्र स्वीकृत



धनबाद, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, माधवी मिश्रा के निदेशानुसार बलियापुर प्रखण्ड कार्यालय में लंबित जन्म - मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवदेनों के निष्पादन के लिए दिनांक 19.09 2024 से 25.09. 2024 तक प्रखण्ड कार्यालय में विशेष शिविर का आयोजन किया गया था। उक्त शिविर में विभिन्न पंचायतों के 63 जन्म प्रमाण पत्र तथा 19 मृत्यु प्रमाण पत्र स्वीकृत किया गया। 26.09.2024 को प्रखण्ड सभागार में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, राजेश कुमार सिन्हा द्वारा जन्म प्रमाण पत्र से संबंधित 27 लाभुकों और मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित 09 लाभुकों को जन्म प्रमाण पत्र और मृत्यु प्रमाण पत्र दिया गया। शेष लाभुकों का प्रमाण पत्र संबंधित पंचायत के पंचायत सचिव और मुखिया के माध्यम से लाभुकों के घर तक पहुँचाने का निर्देश दिया गया।

इस अवसर पर बलियापुर प्रखण्ड के 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष, राजेन्द्र किस्कू, पंचायत समिति बलियापुर के उप प्रमुख श्रीमती आशा देवी, पंचायत समिति सदस्य भिखराजपुर, अलकडीहा, संबंधित पंचायत के मुखिया और पंचायत सचिव भी उपस्थित थे।

### 29 सितम्बर को चिराग पासवान के आगमन को लेकर लोजपा ने की समीक्षा बैठक

# धनबाद की ज्वलंत जनसमस्याओं के समाधान पर चर्चा करेंगे चिराग पासवानः दिलीप कुमार



धनबाद, लोक जनशक्ति पार्टी (रा०) झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष, वीरेंद्र प्रधान की अध्यक्षता में बुद्धा पैलेस में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया बैठक में लोजपा (रा0) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय सरकार के केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान का नेहरू पैलेस कोयला भवन में 29 सितंबर को विशाल जनसभा में आगमन के संदर्भ में जनसभा को सफल बनाने के लिए समीक्षा बैठक आयोजित की गई । समीक्षा बैठक के संदर्भ में धनबाद लोक जनशक्ति पार्टी के धनबाद जिलाअध्यक्ष, दिलीप कुमार ने हिंदी दैनिक अखबार कोयलांचल संवाद के वरिष्ठ पत्रकार सह ब्यूरो चीफ, आर एन चौरसिया को बताया की जनसभा के लिए सभी तैयारिया पूरी हो चुकी हैं 1 आगे उन्होंने बताया की शहरों और गांवो में भी केंद्रीय मंत्री, चिराग पासवान के आगमन को लेकर बड़े पैमाने पर प्रचार प्रसार किया जा रहा हैं 1 इस कार्यक्रम को लेकर वीरेंद्र प्रधान ने प्रत्येक गांवों, वार्डो में प्रचार हेतु प्रचार गाड़ियों को हरी झंडी देकर रवाना किया। वीरेंद्र प्रधान ने भी वरिष्ठ पत्रकार, आर एन चौरसिया को बताया की राष्ट्रीय अध्यक्ष, चिराग पासवान का झारखंड में यह तीसरा जनसभा हैं 1 इसके पूर्व 23 सितंबर को लातेहार एवं पलामू में भी जनसभा हो चुका है। उन्होंने आगे कहा की लोजपा (रा0) का धनबाद जिला में संगठन काफी मजबूत है। जो गांव स्तर, पंचायत स्तर, प्रखंड स्तर से लेकर जिला स्तर तक सारे कार्यकर्ता काफी सक्रिय एवं समर्पित है । आगे उन्होंने बताया की धनबाद के 6 विधानसभाओं का बूथ गठन कर लिया गया है। प्रत्येक बूथ पर 10 कार्यकर्ताओं की नियुक्ति कर इसकी लिखित सूची प्रदेश को भेज दी गई है। जिससे एनडीए गठबंधन की सभी प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित हो सके। मौके पर समीक्षा बैठक में कृष्ण देव पासवान, आशा राय, जिला अध्यक्ष, दिलीप कुमार, बिलाल खान, मुंद्रिका पासवान, श्रीकांत पासवान, राकेश सिंह, प्रमोद सिंह, नरेश पासवान, रामानंद पासवान, कपिल पासवान, राम सिहासन पासवान, संजय पासवान, बबलू पासवान, सुमित कुमार, मोहम्मद शमीम, आशुतोष कुमार, अशोक सिंह,बिहारी लाल चौहान,रुदल पासवान, मुकेश कुमार समेत लोजपा के काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बीसीसीएल की दीक्षा महिला मण्डल द्वारा "एक वृक्ष मां के नाम" अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

## स्वच्छता ही सेवा अभियान एवं पर्यावरण संरक्षण के संदेस के अन्तर्गत् साइट पर 150 पौधे लगाए

### 8 हेक्टेयर के ओबी डम्प की क्षरित भूमि को हरित वातावरण में बदलने की पहल





धनबाद । दीक्षा महिला मण्डल की अध्यक्ष श्रीमती मिली दत्ता के निर्देशन में आज बरोरा क्षेत्र की टेरी साइट में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम "एक वृक्ष मां के नाम" अभियान के तहत किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में श्री मुरली कृष्ण रमैया, निदेशक (कार्मिक) द्वारा श्रीमती मिली दत्ता का स्वागत कर किया गया। इस कार्यक्रम में महिला दीक्षा समिति के विभिन्न क्षेत्रों की सदस्यों ने भाग लिया।

इस अवसर पर श्रीमती मिली दत्ता ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण भारत की जीवन सभ्यता का एक अभिन्न अंग रहा है। श्री मुरली कृष्ण रमैया, निदेशक (कार्मिक) ने कहा कि पौधों के बिगा हमारा जीवन संभव ही नही है तथा पौधारोपण से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती मिली दत्ता (अध्यक्ष, महिला दीक्षा समिति) के साथ श्रीमती पूर्बिता रमैय्या (उपाध्यक्ष, महिला दीक्षा समिति), श्रीमती रंजना सिंह (उपाध्यक्ष, महिला दीक्षा समिति), तथा श्रीमती नमिता सहाय (उपाध्यक्ष, महिला दीक्षा समिति) उपस्थित रहीं।श्रीमती मिली दत्ता द्वारा बरोरा क्षेत्र के टेरी साइट पर वृक्षारोपण किया गया, जिसके पश्चात अन्य महिला मंडल सदस्यों ने भी वृक्षारोपण में भाग लिया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय लोक नृत्य और नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया गया, जिससे वातावरण में उत्साह का संचार हुआ।

## ज़िला परिषद सदस्य वाणी देवी महिला सशक्तिकरण की दिशा में कर रहीं उल्लेखनीय कार्य

राजगंज, (धनबाद ), आजसू पार्टी की नेत्री वाणी देवी राजगंज के निवासी है।इनका गांव बगदाहा राजगंज प्रखंड में पड़ता है ।पूर्व विधायक प्रतिनिधि हलधर महतो की धर्मपत्नी है।यह गांव में महिला साख समूह से जुड़ी हुई है,लेकिन लगातार महिलाओं के बीच बैठक करती रही तथा महिला सशक्तिकरण को समझी उनके कामों को आगे बढ़ाने में परिवार का भरपूर साथ मिला।झारखंड प्रदेश में सुदेश कुमार महतो के आजीविका समूह का पैटर्न और पंचायत चुनाव में 50% आरक्षण का भरपूर लाभ उठाई।वाणी देवी पूर्व विधायक स्वर्गीय राजकिशोर महतो के जीवन से काफी प्रभावित हुई साथ ही राजकिशोर महतो पूर्व विधायक लगातार उनके घर पर आना-जाना करते थे।पंचायत चुनाव में राजगंज के जिला परिषद क्षेत्र संख्या 15 की प्रत्याशी बनी ।क्षेत्र के सभी महिला साख समूह के संगठन ने भरपूर सहयोग किया और वह अच्छी वोट से विजय हुई।आज आजसू पार्टी के बड़े-बड़े कार्यक्रम में अपनी जोरदार उपस्थिति देकर सभी को प्रभावित किया है।

इसके फलस्वरुप धनबाद जिला में कुडिमीयो को एस टी, सूची का मांग, राजगंज को प्रखंड बनाओ आंदोलन में इनका अहम भूमिका रहा 1,समय-समय पर तोपचांची,राजगंज में करमा,टूसू आदि झारखंडी संस्कृति कार्यक्रम को बड़े विराट रूप देकर आयोजन कर चुकी है।आज महिलाओं के बीच अच्छी पकड़ बना ली है। आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष, सुदेश कुमार महतो ने महिला सशक्तिकरण का उदाहरण के तौर पर वाणी देवी की चर्चा करते हैं।आजसू पार्टी जिला संगठन सचिव सदानंद महतो इनके उज्जवल भविष्य की कामना की 1

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, के. जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद से मुद्रित एवं विनोद नगर, धनबाद (झारखण्ड)- 826001 से प्रकाशित आर. एन. आई. नं. - 58948/94, पो. रजि. -डी. एन. बी. /54 फोन नं. 0326-2310243, 9431507990 Fax N0. -0326-2310243 Email : koylanchal_dhn@rediffmail.com & koylanchal.hindi@gmail.com ▶ समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।